


दैनिक | राष्ट्रीय संस्करण | RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड, असम से प्रसारित

वर्ष: 3 अंक: 341 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 23 सितम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# जीएसटी बचत उत्सव पर पीएम मोदी का देश को पत्र
# कहा- 'खरीदो स्वदेशी, बेचो स्वदेशी'

**समाज जागरण**

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोमवार को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और "जीएसटी बचत उत्सव" मनाने की अपील की। उन्होंने इस अवसर पर देश को एक पत्र लिखकर नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों को लागू करने को एक ऐतिहासिक कदम बताया, जो 22 सितंबर से शुरू हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सुधारों से घर-गृहस्थी का खर्च कम होगा, कारोबार आसान बनेगा और हर वर्ग की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इसमें किसान, महिलाएं, युवा, व्यापारी, एमएसएमई और मध्यम वर्ग सभी को सीधा फायदा मिलेगा। उन्होंने लिखा, "इन सुधारों से आपकी बचत बढ़ेगी और आपके सपनों को पूरा करना आसान होगा। चाहे घर बनाना हो, गाड़ी खरीदनी हो या परिवार के साथ छुट्टियाँ मनाने की योजना हो, अब यह सब और सरल होगा।"




पीएम मोदी ने नए जीएसटी ढांचे की प्रमुख बातें भी साझा कीं। अब टैक्स दरें केवल दो स्लैब में बाँट दी गई हैं -5% और 18%। जरूरी चीजें जैसे भोजन, दवाइयाँ, साबुन, टूथपेस्ट और बीमा या तो टैक्स-फ्री होंगी या 5% वाले न्यूनतम स्लैब में आएंगी। पहले जिन वस्तुओं पर 12% टैक्स था, उन्हें अब ज्यादातर 5% पर ला दिया गया है।

प्रधानमंत्री ने दुकानदारों और व्यापारियों की सराहना की, जो ग्राहकों के लिए "पहले और अब" वाले बोर्ड लगाकर दरों में कमी दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कम टैक्स और सरल अनुपालन नियम छोटे उद्योगों, कारोबारियों, उद्यमियों और एमएसएमई को मजबूती देंगे और बेहतर कारोबारी माहौल तैयार करेंगे। उन्होंने इस सुधार को विकसित भारत 2047 के विजन से जोड़ते हुए आत्मनिर्भरता और स्थानीय निर्माण को मजबूत बनाने पर बल दिया। पीएम मोदी ने कहा, "मैं हमारे दुकानदारों और व्यापारियों से अपील करता हूं कि वे भारतीय उत्पाद ही बेचें। आइए गर्व से कहें -जो हम खरीदते हैं, वह स्वदेशी है। आइए गर्व से कहें जो हम बेचते हैं, वह स्वदेशी है।"

प्रधानमंत्री ने राज्य सरकारों से भी निवेश माहौल सुधारने और उद्योग-निर्माण को प्रोत्साहन देने की अपील की। अपने संदेश के अंत में उन्होंने सभी नागरिकों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि जीएसटी बचत उत्सव लोगों के जीवन में खुशियाँ और बचत लेकर आएगा और हर भारतीय परिवार को समृद्ध बनाएगा।

## जीएसटी स्लैब में सुधार से काशीवासी खुश

*जीएसटी में किए गए बदलाव का असर काशी वासियों में देखने को मिला। इसे लेकर कारोबारी ,गृहणी समेत सभी लोगों में उत्साह देखने को मिला।*

**समाज जागरण**
**प्रस्तुत रंजीत तिवारी**

यह कदम आत्मनिर्भर भारत और मजबूत अर्थव्यवस्था की दिशा में मिल का पत्थर है।जीएसटी सुधार



के ऐतिहासिक निर्णय हेतु सरकार को दिल से आभार। अब पढ़ाई के साथ साथ घरेलू सामग्री भी सस्ते दाम पर मिल सकेगा। जिससे लोगो को परिवार चलाने में काफी सहूलियत मिलेगी।

**शशि कांत सिंह चेयरमैन संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज केर-ाकतपुर लोहता वाराणसी**

जीएसटी में छूट से गृहणी को बड़ी राहत मिलेगी।नवरात्रि के



शुभ अवसर पर खरीदारी करके इसका लाभ लेने का निर्णय हर परिवार में खुशियां और नारी शक्ति के सम्मान की प्रतीक बनेगी।

**अरुणा देवी गृहणी वाराणसी**

टैक्स कम,सरल संरचना और सस्ती जरूरत की चीजें हर किसी



को लाभ पहुंचेगा।यह बदलाव हमे उद्यमी रोजगार और आत्मनिर्भर भारत की ओर और मजबूती से ले जाएंगे।और युव-ाओं के लिए रोजगार और उद्यम और नवाचार के नए अवसर भी खोलेंगे।

**अनामिका प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जक्खिनी वाराणसी**

नवरात्रि के प्रथम दिन से जीएसटी



सुधार होने से ग्राहक को लाभ मिलना प्रारंभ हो गया।12 और 18 प्रतिशत टैक्स स्लैब खत्म होने से और सिर्फ पांच से अठा-रह प्रतिशत स्लैब ही होंगे।जिसमे कुल 99 फीसदी समान अब पांच प्रतिशत स्लैब में आ जाएंगे । जिससे इस स्लैब के समान सस्ते हो जाएंगे।

**अखिलेश कुमार मिश्र प्रदेश महामंत्री कैट**

जीएसटी में हुए बदलाव से का-



रोबारी और ग्राहक दोनों को राहत मिलेगी। टैक्स स्ट्रकचर सरल होनेबस व्यापार और सुगम और पारदर्शी होगा। जिसका सीधा लाभ ग्राहक को मिलेगा।

**सुमित सराफ व्यापारी वाराणसी**

जीएसटी की दरों में काफी वृद्धि



थी। जिससे व्यापारी काफी प्रभावित था।सरकार ने जिस हिसाब से दरों में कमी की है।और कापी से जीएसटी शून्य करने से पढ़ाई में जुट बच्चो को काफी राहत मिलेगी। इसका सीधा फायदा अभिभावक को मिलेगा।

**शुभम सिंह प्रबंधक डी आर एस पब्लिक स्कूल वाराणसी**

जीएसटी की दरों में सुधार से



महंगाई पर नियंत्रण,उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति में वृद्धि और अर्थवस्था में सकारत्मक गति आने की उम्मीद है।अब इसका लाभ गांव के विकास कार्यों में भी देखने को मिलेगी।

**मनीष पांडेय प्रधान प्रतिनिधि भोपतपुर वाराणसी**

यह केवल टैक्स सुधार नहीं



बल्कि पारदर्शिता,समानता और विकास की ओर उठाया गया अच्छा निर्णय है। अब युवाओं को रोजगार, उद्यम के लिए नए आयाम सामने आएंगे जिससे देश और विकास की तरफ तेजी से बढ़ेगा।

**संजय कुमार पटेल प्रोग्राम एसोसिएटइको प्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन बेनीपुर वाराणसी**

**क्या आप भी जीएसटी दरों मे कमी से खुश है। तो अपना विचार हमे भेजिए। vatankiawaz@gmail.com पर एक हाफ फोटो के साथ**

## सोने-चांदी ने भर दी निवेशकों की झोली



**समाज जागरण**

सोना इस साल अब तक करीब 45 फीसदी और चांदी 52 फीसदी रिटर्न दे चुकी है। दीवाली तक और महंगे हो सकते हैं सोना चांदी

सोने चांदी के भाव आए दिन नया रिकॉर्ड बना रहे हैं। आज भी दोनों के भाव अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए। बीते कुछ वर्षों के दौरान सोने-चांदी की कीमतों में हर साल तेजी देखी गई है। लेकिन इस साल सोने-चांदी के दाम कुछ ज्यादा ही चढ़ गए हैं और इस साल जितना सोने-चांदी ने रिटर्न बीते एक दशक में किसी भी एक साल में नहीं दिया है, जबकि अभी साल खत्म होने में 3 महीने बचे हैं और इनकी कीमतों में आगे और तेजी की संभावना है। दिलचस्प बात ये है कि सोने से अधिक रिटर्न चांदी दे रही है।

## जीएसटी सुधार के बाद लक्ष्मी नगर पहुंची वित्त मंत्री, कहा- ग्राहकों तक पहुंच रहा है टैक्स कटौती का फायदा

**समाज जागरण**

नई दिल्लीः केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज सोमवार को दिल्ली के लक्ष्मी नगर बाजार पहुंचीं और दुकानदारों व ग्राहकों से बातचीत की। उनका यह दौरा जीएसटी सुधार लागू होने के बाद किया गया, ताकि बाजार में इसके असर को समझा जा सके। वित्त मंत्री ने कहा, जीएसटी सुधार को लेकर लोगों का रिस्पॉन्स बहुत अच्छा है। आज बाजार बंद है, लेकिन कई दुकानें खुली हुई हैं। मैंने देखा कि दुकानदार ग्राहकों को जीएसटी कटौती का फायदा पहुंचा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार के इस कदम से जनता और व्यापारी दोनों ही खुश हैं और इससे लोगों को बड़ी राहत मिली है।



बाजार में बातचीत के दौरान एक महिला ने कहा कि सरकार का यह कदम बहुत अच्छा है और लोग इससे संतुष्ट हैं। वहीं एक व्यापारी ने बताया कि वह पैके-जिंग का काम करते हैं और पैके-जिंग उत्पादों पर जीएसटी दर कम होने से लागत कम होगी। इसका सीधा फायदा उपभोक्ताओं को कम कीमतों के रूप में मिलेगा। इस मौके पर उनके साथ मौजूद कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नागरिक देवो भव का मंत्र दिया है। आज नवरात्रि की शुरूआत के साथ ही जीएसटी सुधार लागू हुए हैं, जिसे हम 'बचत उत्सव' के रूप में मना रहे हैं।" उन्होंने कहा कि सरकार ने 2017 में जीएसटी लागू कर बड़ा सुधार किया था और अब फिर जनता को राहत देने के लिए नए सुधार किए हैं।

हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि अब जीएसटी टैक्स स्लैब को घटाकर सिर्फ दो श्रेणियों में कर दिया गया है-5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत। इसके तहत 95 प्रतिशत वस्तुएं 5 प्रतिशत वाले स्लैब में आ गई हैं। इसमें शैक्षणिक सामग्री, खेल उत्पादों से लेकर घर में इस्तेमाल होने वाली दैनिक जरूरत की चीजें शामिल हैं। जीएसटी सुधार से रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं और जीवन रक्षक दवाओं सहित लगभग 370 प्रोडक्ट्स पर टैक्स कम हुआ है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की डिस्पोजेबल इनकम बढ़ाना है, जिससे अर्थव्यवस्था में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश होगा।-







# मोदी का स्वदेशी मंत्र और नवरात्रि से विकास की नई शुरुआत



– महेन्द्र तिवारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित करते हुए जीएसटी के नए स्वरूप को भारत की अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक बदलाव करार दिया। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से लागू होने जा रहे जीएसटी 2.0 से हर वर्ग को राहत मिलेगी, चाहे वह व्यापारी हो, मध्यम वर्ग हो, गरीब हो या किसान। इसे उन्होंने जीएसटी बचत उत्सव का नाम दिया और इसे हर भारतीय के लिए बचत का त्योहार बताया। मोदी ने कहा कि कल से लागू हो रहे नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों के कारण लोग अपनी पसंद के सामान कम कीमत पर खरीद पाएंगे, जिससे उनकी जेब पर बोझ कम होगा। उन्होंने नवरात्रि की शुभकामनाओं के साथ यह संदेश दिया कि ये बदलाव सीधे आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्गीय परिवारों, महिलाओं और युवाओं को लाभान्वित करेंगे।

प्रधानमंत्री ने बताया कि नई प्रणाली में केवल दो मुख्य स्लैब होंगे–5 प्रतिशत आवश्यक वस्तुओं पर और 18 प्रतिशत अधिकांश अन्य वस्तुओं और सेवाओं पर। सुपर लक्जरी और डिमेरिट वस्तुओं के लिए अतिरिक्त 40 प्रतिशत का कर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन वस्तुओं पर पहले 12 प्रतिशत टैक्स लगता था, उनमें से 99 प्रतिशत अब 5 प्रतिशत के स्लैब में आ चुकी हैं। इसका अर्थ है कि दवाइयां, साबुन, स्वास्थ्य सेवाएं, खाद्य पदार्थ और जीवन बीमा जैसी चीजें या तो कर-मुक्त होंगी या केवल 5 प्रतिशत पर उपलब्ध होंगी। यह सरलीकृत ढांचा रोजमर्रा के खर्च को सस्ता करेगा, उपभोक्ता मांग बढ़ाएगा और व्यापार जगत के लिए अनुपालन को आसान बनाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सुधार एक सतत प्रक्रिया है, जैसे-जैसे देश की जरूरतें बदलती हैं, वैसे-वैसे बदलाव भी आवश्यक होते हैं।

मोदी ने स्वदेशी को सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में कई विदेशी वस्तुएं घुस आई हैं, जिनसे मुक्ति पाना जरूरी है। हमें वही खरीदना चाहिए जो मेड इन इंडिया हो, जिसे बनाने में हमारे अपने लोगों का परिश्रम लगा हो। हर दुकान को स्वदेशी से सजाना और गर्व से कहना चाहिए–यह स्वदेशी है, मैं स्वदेशी हूं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी आंदोलन ने देश को शक्ति दी, उसी प्रकार भारत की समृद्धि भी स्वदेशी के मंत्र से ही संभव होगी। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से भी अपील की कि वे आत्मनिर्भर भारत अभियान में शामिल हों और निवेश व उत्पादन के लिए अनुकूल वातावरण बनाएं। जब राष्ट्र और राज्य मिलकर काम करेंगे तभी आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि जीएसटी सुधारों से एमएसएमई, लघु उद्योग और कुटीर उद्योगों को दोगुना लाभ होगा। दरों में कटौती और नियमों के सरलीकरण से उनकी बिक्री बढ़ेगी और कर का बोझ कम होगा। उन्होंने याद दिलाया कि जीएसटी लागू होने से पहले व्यापारी दर्जनों करों में उलझे रहते थे–एंट्री टैक्स, सेल्स टैक्स, एक्साइज, सर्विस टैक्स और वैट जैसे जटिल प्रावधानों ने कारोबार को कठिन बना दिया था। उन्होंने एक पुराना उदाहरण साझा किया कि एक समय ऐसा था जब बेंगलुरु से हैदराबाद सामान भेजने की तुलना में बेंगलुरु से यूरोप भेजना आसान माना जाता था। जीएसटी ने इस स्थिति को बदलकर एक राष्ट्रीय बाजार बनाने का रास्ता साफ किया।

संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में केंद्र और राज्यों ने मिलकर इन बदलावों को मंजूरी दी। यह सहयोग संघीय ढांचे की ताकत को दिखाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 2014 में जब देश ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपी, तब से उनकी सरकार ने जनहित और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए हर हितधारक से संवाद किया और राज्यों को सक्रिय भागीदार बनाया। नतीजा यह है कि दर्जनों टैक्स से देश मुक्त हुआ और अब एक सरल, पारदर्शी प्रणाली के तहत काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष में आयकर और




जीएसटी में दी गई छूट से जनता को 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है, यही कारण है कि उन्होंने इसे बचत महोत्सव करार दिया।

देश की आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में भारत की जीडीपी विकास दर 7.8 प्रतिशत रही, जो पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में अधिक है। मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन और सर्विसेज सेक्टर ने मजबूत प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि यह नया जीएसटी ढांचा भारत की विकास यात्रा को गति देगा, कारोबार को आसान बनाएगा और निवेश को आकर्षित करेगा। कम दरों से मांग बढ़ेगी, उत्पादन में तेजी आएगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, ड्रिप सिंचाई उपकरण और जैव कीटनाशकों पर टैक्स घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे किसानों को राहत मिलेगी। बच्चों की पढ़ाई से जुड़े पेंसिल, क्रेयॉन और अभ्यास पुस्तिकाएं कर-मुक्त की गई हैं। मध्यम वर्ग के लिए टीवी, एसी और डिशवॉशर जैसे उपकरण अब 28 प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत पर मिलेंगे। हस्तशिल्प और वस्त्र उद्योग के लिए मूर्तियां, खिलौने और मानव निर्मित फाइबर पर दरें घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। होटल, जिम, सैलून और योग सेवाओं पर कर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का निर्णय सेवा क्षेत्र के लिए बड़ा प्रोत्साहन है।

इससे पहले दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन ने घोषणा की कि 22 सितंबर से आम जनता को जीएसटी कटौती का लाभ दिलाने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भी जीएसटी बचत उत्सव को सफल बनाने के लिए 22 से 29 सितंबर तक विशेष अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की है, जिसमें सांसद अपने क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों का दौरा करेंगे और लोगों को जागरूक करेंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे क्रांतिकारी कदम बताया, वहीं प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य गौरव वल्लभ ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच यह सुधार आपूर्ति पक्ष को मजबूत करेगा।

मोदी ने कहा कि 2024-25 में रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह और करदाता आधार का 66.5 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ होना इस बात का प्रमाण है कि सरल दरें और पारदर्शिता राजस्व को भी बढ़ाती हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि यह सुधार भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और हर घर में समृद्धि व खुशहाली लाएगा। नवरात्रि के पहले दिन से शुरू होने वाला यह कदम उन्होंने आम आदमी के लिए दिवाली का तोहफा बताया और कहा कि जब हम स्वदेशी को अपनाएंगे और आत्मनिर्भरता को मजबूत करेंगे, तभी भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनेगा।

**– महेन्द्र तिवारी**
**पताः स्थापना अनुभाग, राष्ट्रीय अभिलेखागार, जनपथ, नई दिल्ली– 110001**

**कविता,**

**संजीव-नी।**

सच्चाई के राही सारे रास्ते में
ही सिसकते हैं।

राजनीति और मतलब में अब
आदर्श कहां दिखते हैं
चिन्हित कर लिए अब नकली
कहाँ छिपते हैं।

चुनावी मौसम आते ही वादों
की नदियां बहतीं ,
रोटी,कपड़ा,मकान कहाँ सपने
ही बस बिकते हैं।

नेता जी मालामाल होते जनता
भूखी सोती है,
धरना नारे भाषण सिर्फ टीवी
पर ही दिखते हैं।

ईमान -धरम की बातें अब
मजाक हुई राजनीति में,
सच्चाई के राही सारे रास्ते में
ही सिसकते हैं।

हमने उनको सत्ता दी उम्मीदों
के सहारे पर,
कुर्सी पर बैठे अब वो कुर्सी
को नही छोड़ते हैं।

**संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# देवी शक्ति के नौ रूपों की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र

**संजय सक्सेना,लखनऊ**
**वरिष्ठ पत्रकार**

भारत भूमि को विश्व में उस संस्कृति के लिए जाना जाता है, जिसमें प्रकृति, शक्ति और तन-मन का संतुलन सर्वोच्च स्थान पर है। इस परंपरा के केंद्र में देवी शक्ति के विविध रूपों की पूजा और साधना का विशेष महत्व रहा है। इन्हीं महान पर्वों में से एक है 'शारदीय नवरात्र', जो आश्विन मास में प्रतिपदा तिथि से आरंभ होकर नौ दिनों तक चलता है और विजयादशमी को संपन्न होता है।आज इसका प्रथम दिन माँ शैली पुत्री को समर्पित है। यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान का काल नहीं, बल्कि साधना, संयम और आत्मशुद्धि का उत्सव माना जाता है। सनातन परंपरा में वर्ष भर चार नवरात्रों का उल्लेख है। चौत्र, आषाढ़, आश्विन और माघ। इनमें से चौत्र और शारदीय नवरात्र अधिक प्रसिद्ध और व्यापक रूप से मनाए जाते हैं। शारदीय नवरात्र शरद ऋतु की शुरूआत में आता है। यह केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव जीवन में संतुलन साधने का काल माना जाता है। धार्मिक दृष्टि से यह नौ दिन देवी शक्ति के नौ रूपों की उपासना के लिए समर्पित होते हैं। कहा जाता है कि देवी सृष्टि में प्रेरणाशक्ति हैं और उन्हीं की साधना से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, साहस और विजय की प्राप्ति होती है।

नवरात्र के प्रत्येक दिन देवी के अलग-अलग स्वरूप की पूजा होती है। प्रथम दिन पर्वतराज




हिमालय की शैलपुत्री की पूजा होती है,जिनसे श्रद्धा और स्थिरता का संदेश मिलता है। दूसरे दिन मॉ ब्रह्मचारिणी' की, तीसरे दिन माँ चंद्रघंटा चौथे दिन दिन मॉ कूष्मांडा पांचवे दिन स्कंदमाता'' छठे दिन माँ कात्यायनी' सातवें दिन माँ कालरात्रि आठवें मॉ महागौरी और नौवें और अंतिम दिन माँ सिद्धिदात्री की पूजा होती है। मॉ के इन नौ रूपों की उपासना मानव जीवन को स्थिरता, संयम, साहस, नवसृजन, करुणा, धर्मरक्षा, भयमुक्ति, पवित्रता और सिद्धि से संपन्न होने के लिये की जाती है।

शारदीय नवरात्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू व्रत, उपवास और संयम है। उपवास केवल अन्न का त्याग ही नहीं, बल्कि विषय-वासना और नकारात्मक भावनाओं से भी दूरी बनाने का साधन माना गया है। पारंपरिक रूप से श्रद्धालु इस अवधि में फलाहार करते हैं और माँ दुर्गा को अर्पित किए जाने वाले प्रसाद का सेवन करते हैं। धर्मशास्त्रों में उल्लेख है कि इस समय मनुष्य की इच्छाशक्ति और मानसिक दृढ़ता को शक्ति मिलती है। साथ ही, शरीर को भी शुद्ध करने के लिए यह उपवास सहायक होता है, क्योंकि ऋतु परिवर्तन के समय साधारण भोजन की अपेक्षा हल्का और सात्त्विक आहार स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

नवरात्र के बाद दशम दिन 'विजयादशमी' मनाई जाती है। यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी दिन देवी दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था। इसी दिन भगवान राम ने रावण पर विजय पाई थी। विजयादशमी इसलिए केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। यह संदेश देता है कि अंततः सत्य की ही विजय होती है।

बहरहाल, देश के विभिन्न हिस्सों में शारदीय नवरात्र अलग-अलग रूपों में मनाया जाता है। उत्तर भारत के मंदिरों में सप्तशती पाठ और अखंड दुर्गा पूजा की परंपरा है। बंगाल और पूर्वी भारत में दुर्गा पूजा भव्य पंडालों, मूर्ति स्थापन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होती है। गुजरात में गरबा और डांडिया की विशेष परंपरा रही है, जहाँ स्त्री-पुरुष शक्ति स्वरूपा माँ की आराधना करते हुए नृत्य में भाग लेते हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश में रामलीला और रावण-दहन का आयोजन होता है। इन सभी रूपों में एक ही भाव छिपा होता है बुराई पर अच्छाई की विजय और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार।

शारदीय नवरात्र केवल आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित करने का अवसर भी है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो ऋतु परिवर्तन के समय उपवास और सात्विक आहार शरीर को स्वास्थ्य देता है। ध्यान और जप मनःशांति प्रदान करते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से यह पर्व आत्मशुद्धि और ईश्वर से एकात्म होने का उत्तम समय है। साधना और उपासना का यह क्रम मनुष्य को भीतर से मजबूत करता है और जीवन की कठिनाइयों से जूझने का साहस देता है। शारदीय नवरात्र केवल नौ दिनों का धार्मिक आयोजन भर नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व व्यक्ति को आत्मसंयम, आध्यात्मिक साधना और सांस्कृतिक समृद्धि का संदेश देता है। नौ दिनों की भक्ति और साधना के पश्चात विजयदशमी का उत्सव हर मानव को यह प्रेरणा देता है कि चाहे जीवन में कितने ही संघर्ष क्यों न आएं, सत्य, धर्म और सद्गुण की विजय अवश्य होती है।

# तिहाड़ में खूंखार अपराधियों-आतंकियों की क्रब्रों पर 'आस्था' को सैलाब

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

दिल्ली की तिहाड़ जेल जो एशिया की सबसे बड़ी और सुरक्षित मानी जाने वाली जेल है, उसके भीतर हाल में एक ऐसा शर्मनाक और विचलित करने वाला दृश्य सामने आया है जिस पर समाज के हर जिम्मेदार नागरिक को गहराई से सोचने की आवश्यकता है। यह वही जेल है जहां देश के सबसे खूंखार आतंकवादी, अपराधी और दुर्दांत कैदी रखे जाते हैं। परंतु आश्चर्यजनक यह है कि यहां इन अपराधियों और आतंकवादियों के लिए कब्र के रूप में एक व्यवस्था खड़ी हो गई है और वहां का माहौल किसी मेले की तरह बना दिया गया है। जो स्थान अपराधियों और आतंकियों की धूर्तता और दहशत का प्रतीक होना चाहिए, वही अब उनके तथाकथित महिमामंडन का स्थल बन रहा है। दिल्ली की अदालतों में इस बाबत याचिकाएं भी दर्ज की गई हैं जिनमें इसे रोकने और इस पर ठोस नकेल कसने की मांग की गई है। मामला ऐसा है कि तिहाड़ जेल परिसर के भीतर कुछ अपराधियों और आतंकवादियों की मौत के बाद उनकी कब्र बनाई गई। समय के साथ इन कब्रों के आसपास स्थानीय स्तर पर एक भीड़ जुटने लगी और अंध विश्वास के चलते लोगों ने इसे आस्था का केंद्र बना डाला। जिन अपराधियों ने समाज को हिंसा, आतंक और खूनखराबे के सिवा कुछ नहीं दिया, आज उन्हीं की कब्रों पर श्रद्धांजलि देने, फूल चढ़ाने और मन्नत मांगने का ढोंग हो रहा है। कोई इसे अपने कारोबार के लिए शुभ मान रहा है तो कोई अपने निजी मामलों के लिए चमत्कार की उम्मीद लगाए बैठा है। इससे भी अधिक चिंताजनक यह कि अपराधियों के नाम पर बने इन स्थलों पर जुट रही भीड़ में अपराधियों की छवि को नायक का रूप दिया जा रहा है।

भारतीय न्याय व्यवस्था और संविधान ने हमेशा यह स्पष्ट रूप से कहा है कि अपराधी चाहे कितना बड़ा क्यों न हो, उसके साथ न्यायिक प्रक्रिया के तहत व्यवहार किया जाना चाहिए। लेकिन तिहाड़ जैसे संवेदनशील स्थल के भीतर खून से रंगे हाथों वाले अपराधियों की कब्र पर हो रहा यह जमावड़ा न्याय और समाज, दोनों के लिए सबसे बड़ा अपमान है। यह वह जेल है जहां आतंकी साजिश रचने वाले, देशद्रोह करने वाले, निर्दोषों का कत्ल करने वाले और संगठित आपराधिक गैंग चलाने वाले कैद होकर अपने अपराधों की सजा भुगतते रहे। मगर उनकी मृत्यु के बाद कब्रों को पूजा स्थल बना देना उस व्यवस्था की सबसे बड़ी विफलता है जो सुरक्षा और सुधार के नाम पर चल रही है। इस पूरे घटनाक्रम को अदालत में चुनौती दी गई है। याचिकाकताओं का कहना है कि तिहाड़ जेल जैसे अत्यंत संवेदनशील स्थान पर अपराधियों और आतंकियों के नाम पर कब्रें बनाना और वहां मेला-जैसा माहौल बनाना न केवल कानून के विरुद्ध है बल्कि पूरे समाज में अपराध और आतंक के प्रति गलत संदेश देता है। अदालत में दिए गए तर्कों में यह भी कहा गया कि अपराधियों का जत्था हमारे समाज का आदर्श नहीं बन सकता, फिर उनकी कब्र को किसी तरह की मान्यता देना न्याय और अपराध, दोनों के बीच की रेखा को धुंधला कर देगा। अदालत से यह मांग की गई है कि जेल परिसर से इन कब्रों को हटाया जाए और इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जाए। तिहाड़ जेल प्रशासन भी इस मामले में कठघरे में खड़ा है। यह सवाल स्वाभाविक है कि आखिर प्रशासनिक चूक के चलते ऐसी कब्रें कैसे बनने दी गईं और वहां भीड़ जुटने से रोकने के लिए उचित और समय पर कदम क्यों नहीं उठाए गए। देश की सबसे बड़ी जेल से इस प्रकार की खबर बाहर आना प्रशासनिक लापरवाही का ही सुबूत है। यदि अपराधियों का महिमामंडन जेल के भीतर ही होने लगे और लोग उन्हें पूजने लगें, तो इसका सीधा असर जेल की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और समाज की मनोवृत्ति पर पड़ेगा।

समाजशास्त्र के विशेषज्ञ इसे अत्यंत खतरनाक बताते हैं। उनका कहना है कि अपराधियों को किसी भी रूप में आदर्श या नायक बनाने की प्रक्रिया नई पीढ़ी के भीतर विकृत आदर्श गढ़ने का काम करती है। आज तिहाड़ जेल के भीतर जो हो रहा है, वह आने वाले कल में युवाओं के लिए यह संदेश देगा कि अपराध करके भी कोई मौत के बाद समाज में महिमामंडित हो सकता है। यह वह मानसिकता है जो अपराध को पनाह देती है और कानून के शासन को कमजोर करती है। इन कब्रों पर जुटने वाले लोगों में से कई ऐसे भी हैं जो अपराधियों की दबंग छवि से प्रभावित होकर उनसे प्रेरणा लेने की बात करते हैं। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत स्तर पर खतरनाक नहीं है बल्कि समाज की व्यापक संरचना के लिए भी घातक है। अपराधियों और आतंकवादियों की छवि को महिमामंडित किया जाना उस दर्द और गम का अपमान है जो उनके पीड़ितों ने भोगा।

# नंगा नहाए क्या और निचोडे क्या साहब जी ?

सर्व पितृमोक्ष अमावस्या पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी राष्ट्र से रूबरु हुए. सच मानिये तबियत खुश हो गई. वे बहुत दिनों से मौन थे. उनके अपने दोस्त उनके मौन की वजह हैं शायद. लेकिन प्रधानमंत्री जी ने नवदुर्गा




उत्सव शुरू होने से पहले ही देश का आव्हान कर दिया कि अमीर हो या गरीब, राजा हो या रंक, हिंदू हो या मुसलमान, सिख हो ईसाई सबको जीएसटी बचत उत्सव मनाना चाहिए.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। इस बचत उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजों को खरीद पाएंगे। हमारे देश के दुकानदार, महिलाएं, किसान, गरीबों सभी को इस बचत उत्सव का बहुत बड़ा फायदा मिलेगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि साल 2017 में भारत ने जीएसटी रिफॉर्म की तरफ कदम बढ़ाया था। दशकों तक सभी लोग और देश के व्यापारी टैक्स के जाल में उलझे हुए थे। कई तरह के टैक्स हमारे देश में थे। एक शहर से दूसरे शहर में माल भेजना हो तो कितने सारे चेक पोस्ट पार करने होते थे, कितने सारे फॉर्म भरने पड़ते थे। कितनी सारी रुकावटें थी। हर जगह टैक्स के अलग-अलग नियम थे। आपको याद होगा कि गत 3 सितंबर को मोदी सरकार ने जीएसटी पर बड़ा फैसला लिया था। केंद्र सरकार ने 12 और 28 फीसदी का टैक्स स्लैब खत्म कर दिया था और अब सिर्फ दो टैक्स स्लैब 5 और 18 फीसदी ही लागू होंगे। टैक्स की नई दरें 22 सितंबर से लागू हो रही हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन दिया। उन्होंने कहा- 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो जाएगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। साथ ही पीएम ने जनता से अपील भी की। कहा- वही सामान खरीदें जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो. मतलब अब जब आप खरीदो तो उसे सूंघकर देखो और पता करो कि कौन से पसीने की गंध आ रही है. पसीना चीनी है, अमरीकी है या कोरियाई है.

मोदीजी ने 20 मिनट के संबोधन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्युफैक्चरिंग को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनाएं। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा। मोदीजी के कहने पर हर भारतीय कुछ न कुछ जरूर खरीदेगा, लेकिन खरीदेगा कैसे? जेब तो खाली पडी है. घर खर्च चलाने के लिए लोग जेवर गिरवी रखकर ऋण ले रहे हैं. मोदीजी को तो इसका अहसास हो नहीं सकता क्योंकि अब वे किसी रेल्वे स्टेशन पर नही पीएमओ में रहते हैं. हमारे दादा ऐसी अवस्था के लिए एक जुमला हमेशा सुनाते थे कि नंगा नहाए क्या और निचोडे क्या? उसके पास तो ले -देकर एक ही परधनिया ( धोती, पंचा, )है.

मोदी जी के संबोधन के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा कि- नौ सौ चूहे खाकर, बिल्ली हज को चली। केंद्र सरकार ने कांग्रेस के सरल और कुशल जीएसटी के बजाय, अलग-अलग 9 स्लैब से वसूली कर 'गब्बर सिंह टैक्स' लगाया और 8 साल में ड्ट55 लाख करोड़ से ज्यादा वसूले। अब आप ड्ट2.5 लाख करोड़ के 'बचत उत्सव' की बात कर के जनता को गहरे घाव देने के बाद मामूली बैंडऐड लगाने की बात कर रहे हैं।

मोदी जी का जीएसटी जेन- जी जनरेशन के लिए जनरेट किया गया है. मोदीजी के मुताबिक नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी पर नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू हो गए हैं

.एक तरह से कल से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। जीएसटी उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजें खरीद पाएंगे।

मोदीजी ने कहा कि 'वन नेशन वन टैक्स' पर 2014 में जब देश ने मुझे पीएम बनाया तब लाखों कंपनियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल से परेशानी होती थी। सामान को एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचने के बीच जो खर्च बढ़ता था, वो गरीब उठाता था। देश को यहां से निकालना बहुत जरूरी था। जब आपने हमें 2014 में अवसर दिया तो हमने जीएसटी को प्राथमिकता बनाया। हमने स्टेकहोल्डर, राज्यों से बात की। हर समस्या का समाधान खोजा। वन नेशन वन टैक्स का सपना साकार हुआ।लेकिन मुझे याद है कि हमने अच्छे दिनों और हर बैंक खाते में 15 लाख रुपए आने के लालच में मोदीजी को वोट दिए थे. तब वन नेवन वन टैक्स की बात थी ही नहीं. मोदी जी कह रहे थे कि पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी से बाहर आए ये लोग न्यू मिडिल क्लास के रूप में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। लेकिन फिर 80करोड मुफ्तखोरों की संख्या घटकर 55करोड़ क्यों नहीं हुई, ये अपने पल्ले नहीं पडा. हाँ ये सच है कि इस साल सरकार ने 12 लाख रुपए की इनकम टैक्स फ्री करके उपहार दिया, लेकिन मिडिल क्लास के जीवन में कोई बदलाव आया ही नहीं क्योंकि सारी इनकम तो मंहगाई चाट गई.

मोदीजी बोले अब गरीबों की भी बारी है। इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से उनके लिए घर बनाना, टीवी, फ्रिज, बाइक और स्कूटर में कम खर्च करना होगा। घूमना-फिरना भी सस्ता होगा।टोल टैक्स दे देकर हलकान आदमी खाक घूमने जाएगा?

सूक्ष्म और लघु उद्योग पर विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने का बहुत बड़ा दायित्व एम एस एम ई पर भी है। जो देश के लोगों की जरूरत का है, जो देश में बना सकते हैं वो हमें देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रिया आसान बनने से एम एस एम ई को बहुत फायदा होगा।लेकिन 6 लाख एम एस एम ई तो मर चुकी. लाभ लेगा कौन?

मोदीजी कह रहे थे कि मेरा सभी राज्य सरकारों से आग्रह है कि स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्युफैक्चरिंग को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनाएं। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा। हम जो मैन्युफैक्चर करें वो दुनिया में अच्छा हो, प्रोडक्ट की क्वालिटी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाए। देश की आजादी को जैसे स्वदेशी के मंत्र से ताकत मिली वैसे देश की समृद्धि को स्वदेशी से शक्ति मिलेगी।लेकिन मोदीजी आप चीनी सामान का आयात तो बंद करो, स्वदेशी की मांग खुद बढ जाएगी.

मोदीजी को शायद पता नहीं कि आम भारतीय उतना जीएसटी से परेशान नहीं है, जितना उनके दोस्त के टैरिफ से परेशान है. एच वन बी वीजा फीस बढने से परेशान है. इस पर भी कुछ बोलते तो बात थी. मोदीजी को केंचुआ पर भी बोलना चाहिए था, लेकिन वे स्वदेशी पर अटक गए. बोले कि रोजमर्रा की चीजें विदेशी हैं, हमें इनसे मुक्ति पानी है। हम मेड इन इंडिया सामान खरीदें। हमें हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। हर दुकान को स्वदेशी से सजाना है। गर्व से कहो ये स्वदेशी है। गर्व से कहो- मैं स्वदेशी खरीदता हूं और बेचता हूं। ये हर भारतीय का मिजाज बनना चाहिए।हम तो ये सब कहना चाहते हैं लेकिन सस्ता, सुंदर और टिकाऊ सामान चीन की तरह मिले तो.

**राकेश अचल**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अभियान चलाकर विभिन्न प्रतिष्ठानों से 07 खाद्य पदार्थों के नमूने किए संग्रहित



**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 22 सितंबर 2025: आगामी नवरात्रि एवं दशहरे के पर्वो के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।

इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी सय्यद इबादुल्लाह, विशाल कुमार गुप्ता एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा सेक्टर-62 नोएडा स्थित आनंद डेयरी से बफैलो मिल्क एवं डबल टॉन्ड मिल्क का 01-01 नमूना, इंपीरियल स्पाइसेज रेस्टोरेंट से टोमैटो ग्रेवी व पनीर का 01-01 नमूना लिया गया।इसी टीम द्वारा दादरी स्थित सिंघल बेकरी से पाइन एपल कैक का 01 नमूना तथा सुपरटेक इको विलेज बिसरख स्थित फरहान खान के स्टोर से कुट्टू आटा का एक नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविन्द्र नाथ वर्मा द्वारा जेवर चौराहा स्थित मिठाई की दुकान से सोन पापड़ी का 01 नमूना लिया गया। इस प्रकार कुल 07 नमूने संगहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ

## गणेश पूजन के साथ बारह दिवसीय लीला मंचन का हुआ श्रीगणेश।




**समाज जागरण**

नोएडा।श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-६२ के रामलीला मैदान में आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव का मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री व क्षेत्रीय सांसद डा. महेश शर्मा एवं अनिल सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया।श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा व संस्था के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

श्रीरामलीला मंचन की शुरूआत श्री गणेश वंदना एवं गणेश पूजन के साथ हुई। गणेश वंदना में कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया।

प्रथम दृश्य में दिखाया गया कि नारद जी को अहंकार हो जाता हैं और भगवान अपने भक्त के अहंकार का समूल नाश करते हैं। भगवान विष्णु अपनी माया से एक माया नगरी बनाते हैं,जिसमें विश्वमोहनी नाम की राजकुमारी का स्वयंवर होता है। नारद जी उस कन्या पर मोहित होकर उससे विवाह करना चाहते हैं और भगवान से सुन्दर स्वरूप मांगते हैं लेकिन भगवान उनको बंदर का स्वरूप प्रदान करते हैं।जब वह सभा में पहुंचते हैं तो शिवगण उनका मजाक उड़ाते हैं और वह कन्या भगवान विष्णु के गले में वरमाला डाल देती है।उपहास से क्रोधित नारद जी भगवान को श्राप दे देते हैं।

इधर लंका का राजा रावण राक्षसों के साथ ऋषि मुनियों पर अत्याचार करता हैं। इसी के साथ प्रथम दिवस की रामलीला का समापन भगवान की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने बताया कि रामलीला के दूसरे दिन 23 सितंबर को देवताओं द्वारा विष्णु जी से प्रार्थना, राम जन्म, भगवान शिव जी द्वारा रामलीला के दर्शन, ऋषि विश्वामित्र द्वारा लक्ष्मण का यज्ञ, हवन रक्षा के लिए दशरथ जी से श्रीराम जी को लाना, मारीच, सुबाहु वि तड़का वध, आदि लीलाओं का मंचन किया जायेगा।

रामलीला के अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, राजकुमार गर्ग, चौधरी रविन्द्र सिंह, तरुणराज, पवन गोयल, बजरंग लाल गुप्ता, एस एम गुप्ता, गौरव मेहरोत्रा, मुकेश गोयल, मुकेश अग्रवाल, मनोज शर्मा, मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, गिरिराज बहेडिया, राजेश माथुर, चक्रपाणि गोयल, सुधीर पोरवाल, अर्जुन अरोड़ा, आर के उप्रेती, साहिल चौधरी, कुलदीप गुप्ता, मनीष गोयल सहित श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के सदस्यगण व शहर के सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्तिथ रहे।

# गणेश पूजन के साथ हुआ सेक्टर 46 की रामलीला का शुभारंभ



नोएडा।श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 के द्वारा सोमवार को रामलीला के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व नोएडा के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने पूजा पाठ के बाद जहां रामलीला का शुभारंभ किया वहीं उन्होंने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से अच्छाई पर बुराई का प्रतीक त्योहार दशहरा पर्व का शुभारंभ हुआ है, 2 अक्टूबर को अच्छाई पर बुराई की हार होगी।

और उसे दिन रावण, मेघनाथ कुंभकरण के पुतले दहन किया जाएंगे।

इस अवसर पर रामलीला संयोजक पंडित कृष्ण स्वामी ने बताया कि रामलीला में गणेश पूजन से रामलीला का शुभारंभ हुआ इसके बाद दशरथ समबरासुर के बीच युद्ध हुआ। इतना ही नहीं कैकई द्वारा राजा दशरथ के प्राणों की रक्षा तथा दशरथ द्वारा की गई को दो वर देने का वचन और दशरथ दरबार व पुतरष्टि यज्ञ का आयोजन किया । इस बार रामलीला में नए कलाकारों को मौका दिया गया है ,खासकर इसमें नोएडा के रहने वाले कलाकार भी शामिल है।

आयोजन समिति : चेयरमैन मनोज अग्रवाल ( सीएम डी प्रिया गोल्ड) , वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन , पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल , महासचिव गिर्राज अग्रवाल,कोषाध्यक्ष सीईए मनोज अग्रवाल, पं कृष्णा स्वामी, मेला संयोजक संजय गोयल, आलोक गुप्ता , गौरव कुमार यादव, रामवीर यादव , अशोक गोयल, विकास बंसल , संदीप अग्रवाल, सुशील कुमार सिंघल, पीयूष गोयल, कार्तिक मिश्रा

सुशील गुप्ता, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिन्हा, अभिषेक जैन, डॉ कपिल सिंघल, कुलदीप गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, गौरव मित्तल, पवन अग्रवाल, नवीन सोनी, सौरभ अग्रवाल, बिमलेन्दु कुमार, सुनील जैन, गौरव छावड़ा, श्रीधर गोयनका, राम अवतार सिंह, अखिल जैन, विजय अग्रवाल, अरुण गोयल, विकास जैन, दीपांशु अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर 22 सितंबर 2025 इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में संबंधित विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक एक्सपो मार्ट सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह आयोजन प्रदेश की प्रतिष्ठा से जुड़ा है, इसलिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध और समन्वित तरीके से निर्वहन करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करना सबकी प्राथमिकता है। बैठक में प्रचार-प्रसार, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, फूड सेफ्टी, विद्युत एवं अग्निशमन समेत सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने ड्यूटी रोस्टर के अनुसार कार्य सुनिश्चित करें।

उन्होंने वीवीआईपी मूवमेंट, एक्जीबिटर्स, ओवरसीज बायर्स, डोमेस्टिक बायर्स, जनरल विजिटर्स और आम जनता की अधिकतम भागीदारी को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक प्लान, रूट प्लान, होटल, शटल बसें, हैलीपैड, साइनेज, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम और पार्किंग की व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। खराब वाहनों को हटाने की व्यवस्था तथा पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों और नेटवर्क सुविधा को सुचारु रूप से उपलब्ध कराने पर भी बल दिया गया। इसके अतिरिक्त, होटल, फूड स्टॉल और लाउंज में खाद्य सुरक्षा अधिकारी की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाए, ताकि उद्यमी, निवेशक, विदेशी प्रतिनिधि और आमजन बड़ी संख्या में इस आयोजन से जुड़ सकें और प्रदेश की औद्योगिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक क्षमता को देश-दुनिया तक पहुँचाया जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत दुबे, डीसीपी साद मियां खान, डीसीपी ट्रैफिक डॉ. प्रवीन रंजन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी भू-अ-बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदौरिया, एडीसीपी ट्रैफिक मनीषा सिंह, ओएसडी यमुना प्राधिकरण शैलेंद्र कुमार भाटिया, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, जिला मनोरंजन कर अधिकारी जेपी चन्द, जिला अभिहित अधिकारी सर्वेश मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की श्वेता खुराना, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग कंचन, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार, विद्युत विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# महर्षि नगर में दुर्गा पूजा एवं रामलीला मंचन शुरू



**समाज जागरण**

नोएडा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर महर्षि नगर, नोएडा में धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के मीडिया प्रभारी ए.के. लाल ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन सुबह दुर्गा पूजन-पाठ, शाम को भजन, वेद प्रवचन और आरती का आयोजन होगा। वहीं, रात आठ बजे से श्रीरामलीला का मंचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 22 सितंबर से 3 अक्टूबर तक चलेगा।

कार्यक्रम के दौरान महर्षि संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव की उपस्थिति में वैदिक विद्वानों द्वारा माँ दुर्गा, भगवान गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती, कार्तिकेय, श्रीराम और लक्ष्मण की मूर्तियों की स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा की गई। महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के प्रभारी शिशिर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे दुर्गा पूजन-पाठ और शाम 7 बजे भजन व वेद प्रवचन होंगे। इसके बाद रात 8 बजे से रामलीला मंचन होगा। 2 अक्टूबर को विजयादशमी महोत्सव में रावण दहन होगा, जबकि 3 अक्टूबर को भारत-भरत मिलाप और राज्याभिषेक का मंचन किया जाएगा। इस अवसर पर महर्षि रामलीला समिति के प्रभारी रामेंद्र सचान ने बताया कि यह आयोजन समाज में भक्ति, अध्यात्म और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार का माध्यम बनेगा।

आज महर्षि नगर दुर्गा पूजा में जगतगुरु सतीश महाराज मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में विनोद श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, यादवेंद्र यादव, विनय श्रीवास्तव, दयाशंकर गुप्ता, एस.पी. गर्ग, श्रीकांत ओझा, शीशपाल सिंह यादव, कमलेश यादव, रजनीश यादव, नरेश श्रीवास्तव, राजेंद्र शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



**समाज जागरण**

नोएडाः अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती पर एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राधा कृष्ण गर्ग ने बताया कि इस शोभा यात्रा में वैश्य समाज के महापुरुषों महाराजा अग्रसेन, दानवीर भामाशाह, महाराजा टोडरमल, महर्षि च्यवन ऋषि, माता लक्ष्मी एवं राधा कृष्ण की झांकियां के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, शोभा यात्रा श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 19 से सुबह 10.30 बजे भगवान गणेश की पूजा अर्चना करने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, जिला अध्यक्ष भाजपा महेश चौहान, सांसद प्रतिनिधि संजय वाली एवं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने नारियल फोड़ कर शोभा यात्रा को रवाना किया, यात्रा मंदिर से चलकर डीएम चौक, टेलीफोन एक्सचेंज, हरौला चौराहा, बांस मंडी, स्वानी फर्नीचर चौराहा , मेट्रो हॉस्पिटल, 12 - 22 चौराहा, सुमित्रा हॉस्पिटल, सेक्टर 55-56 होते हुए लक्ष्मी नारायण मंदिर सेक्टर 56 पर सम्पन्न हुई।

सुधीर चंद्र पोरवाल ने बताया कि इस भव्य एवं विशाल शोभा यात्रा में छह रथ पर सवार सात स्वरूप विराजमान थे और इस शोभा यात्रा का मार्ग में दस जगह स्वागत किया गया, स्वागत करने वालों में नवीन पोरवाल, डॉक्टर शैलेन्द्र पोरवाल, श्रीमती कनक लता पोरवाल-अनिल गोयल, अनिल गर्ग- महेश जिंदल , डी पी गोयल, मुकेश गर्ग, सुशील सिंघल, प्रदीप अग्रवाल, सतपाल वंशल, डॉ वी के गुप्ता, मनोज गुप्ता एडवोकेट एवं मोहन लाल गुप्ता ने स्वरूपों को तिलक लगा कर, पुष्प माला पहनाकर एवं आरती करके व शोभा यात्रा में शामिल सभी लोगों को जल पान कराकर स्वागत किया। इस शोभा यात्रा में 150 बाइक, 50 कारो के साथ, 6 बैंड, 2 ढोल, चार घुड़सवार भी शामिल रहे।

शोभा यात्रा के समापन पर अध्यक्ष राधा कृष्ण गर्ग ने शोभा यात्रा में शामिल सभी लोगों का एवं यात्रा सुव्यवस्थित रूप से चलाने के लिए पुलिस प्रशासन का, संतुष्टि सेवा फाउंडेशन का एवं कृष्णा शाह के नेतृत्व में आए शाह समाज के लोगों का धन्यवाद किया।

# आईएमएस में बीबीए छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन




**समाज जागरण**

नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा ने बीबीए के छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान अंतिम वर्ष के छात्रों ने पुष्प गुच्छ देकर नए छात्रों को उनके आने वाले कल की शुभकामनाएं दी। वहीं कार्यक्रम के दौरान में आईएमएस के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन एवं डीन प्रोफेसर (डॉ.) नीलम सक्सेना ने विद्यार्थियों को जीवन में गंभीरता और आनंद के संतुलन पर अपने विचार साझा किए।

बीबीए के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि गीत, संगीत और नृत्य से भरपूर आज के कार्यक्रम में छात्रों ने अपने मनमोहक प्रस्तुती देकर तालियां बटोरी। संस्थान द्वारा आयोजित आज के कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ शिक्षकों के संबोधन से हुआ। इसके ठीक बाद मिस फ्रेशर और मिस्टर फ्रेशर के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ की गई। कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर के चुनाव के लिए दो राउंड रखे गए। छात्रों ने प्रथम राउंड में रैंप वॉक कर अपना परिचय दिया, वहीं दूसरे राउंड में सभी प्रतिभागियों को अपना हुनर दिखाया। इस दौरान छात्रों ने अपनी प्रतिभा, नृत्य, गायन, शायरी और कविताओं के माध्यम से कार्यक्रम में चार चांद लगाए।

कार्यक्रम के अंत में बीबीए के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार ने संकाय सदस्यों के प्रयासों की स-राहना की और सभी नवागंतुक छात्रों का हार्दिक स्वागत किया। मिस्टर फ्रेशर का ताज दीपांशु को और मिस फ्रेशर का ताज पुरवा शर्मा को उनके उत्कृष्ट व्यक्तित्व एवं आत्मविश्वास के लिए दिया गया। वहीं प्रतिस्पर्धा में मिस्टर हैंडसम का खिताब अर्पण त्योतिया तथा मिस ब्यूटीफुल का खिताब चेरी ने जीता।

# 35वां विशाल दंगल: स्वर्गीय प्रधान श्याम सिंह की स्मृति में भव्य आयोजन



**समाज जागरण**

नोएडा। स्वर्गीय प्रधान श्याम सिंह की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में आयोजित 35वां विशाल दंगल इस बार भी शानदार रहा। आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, ब्लॉक प्रमुख विक्रांत यादव और सत्येंद्र यादव के सहयोग से हुआ।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, पूर्व मंत्री डी.पी. यादव और दादरी विधायक तेजपाल नागर मौजूद रहे। सात बार के नेशनल कुश्ती विजेता कैप्टन मलखान सिंह की उपस्थिति ने आयोजन की शान बढ़ाई।

इस बार ढाई लाख रुपये की इनामी कुश्ती आकर्षण का केंद्र रही, जिसे कलुआ गुर्जर ने जीता। इसके अलावा एक लाख, 51 हजार और 21 हजार की इनामी कुश्तियों ने भी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कुल 350 से अधिक मुकाबले रात तक चले।

यह दंगल पिछले 35 वर्षों से लगातार श्याम सिंह की स्मृति में हो रहा है। ग्राम प्रधान और जिला परिषद सदस्य रहे श्याम सिंह ने क्षेत्र में शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए थे। उनके अधूरे सपनों को आज भी पूर्व मंत्री डी.पी. यादव और पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव आगे बढ़ा रहे हैं।

# जलालपुर माफी गांव में किसानों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण



**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मीरजापुर।। नमामि गंगे परियोजना से जुड़े बायोशर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रविवार को विकासखंड नरायनपुर के जलालपुर माफी गांव में जैविक खेती किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने जैविक खेती की जानकारी ली। कृषि विभाग के मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को खेत मे कार्बन की मात्रा बढ़ाने पर जोर दिया और जीवामृत, बीजामृत और नीमास्त्र के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि वह जैविक खाद को अपना कर अपने उपज को बढ़ा सकते हैं। किसान भाइयों को अपने साथ-साथ आसपास के किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित करना चाहिए। डॉ. कौशल सिंह पटेल ने किसानों को फसल की बुवाई के पहले बीज को अच्छी तरह से शोधित करके ही बोने के अपील की जिससे बीज का जमाव ज्यादा होने के साथ ही पौधा स्वस्थ रहता है और पैदावार भी बढ़ जाता है, साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे तमाम योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही डीकम्पोजर के उपयोग और उसके लाभ के बारे मे भी बताये। आज आयोजित हुए जैविक किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने जैविक खाद बनाने और जैविक खेती करने का भी संकल्प लिया।

# बाल अधिकारों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है -: राकेश चौबे

### स्कूल में बाल अधिकार और बाल तस्करी पर लिया गया सेसन



बहराइच हुजूर पुर ब्लॉक के संविलियन स्कूल चाकूजोत में प्रथम संस्था के राकेश चौबे द्वारा बच्चों के साथ बाल अधिकार और बाल तस्करी पर एक सत्र आयोजित किया गया जिसमें छात्रों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। सेसन में अस्वनी सिंह जिला समन्वयक ने छात्रों को बाल अधिकारों के महत्व और बाल तस्करी के खतरों के बारे में बताया व बच्चों के लिए 247 दिन काम करने वाली निःशुल्क चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की बिस्तृत जानकारी दी गयी,छात्रों ने भी अपने प्रश्न और चिंताएं साझा कीं राकेश चौबे ने कहा कि बाल अधिकारों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है और हमें इसके लिए जागरूक और सक्रिय रहना होगा।" सेसन के माध्यम से छात्रों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जागरूक करने में मदद की जा सकती है

# बालश्रम करना व करवाना दंडनीय अपराध है -: एएचटी प्रभारी श्री बलजीत राव

**समाज जागरण**

जनपद बलरामपुर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद बलरामपुर के आदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती ज्योति श्री (नोडल अधिकारी) के निर्देशन में थाना ए0एच0टी0 सयुंक्त टीम द्वारा जनपद बलरामपुर के थाना कोतवाली देहात अन्तर्गत ग्राम जोकहिया निकट बाईपास गुड्डू टायर सर्विस की दुकान से बाल श्रम को कराया गया अवमुक्त , बाल तस्करी से आजादी 3.0 अभियान के अन्तर्गत बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बचपन बचाओ आन्दोलन के अंतर्गत - एक युद्ध नशे के विरुद्ध आदि के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया

# बवाना के जे.जे. कॉलोनी में खूनी खेल: चाकूबाजी में एक युवक की निर्मम हत्या

**समाज जागरण दिल्ली**

अभिषेक कुमार पोद्दार नई दिल्लीः दिल्ली के बवाना स्थित जे.जे. कॉलोनी में चाकूबाजी और गैंगस्टरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। इलाके में आए दिन होने वाली ऐसी घटनाओं से लोग दहशत में जी रहे हैं। अभी रात , ई-ब्लॉक में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक युवक की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी गई। और दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है ! इस वारदात ने इलाके के लोगों को हिलाकर रख दिया है।

यह वारदात, जो एक खूनी खेल की तरह लग रहा है, एक बार फिर पुलिस प्रशासन और दिल्ली सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण आपराधिक गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह की चाकूबाजी और गैंगस्टरों की लड़ाई आए दिन होती रहती है, और उन्हें अपनी जान का खतरा महसूस होता है।

इस घटना के बाद, पूरे इलाके में भय का माहौल है। लोग सड़कों पर निकलने से भी डर रहे हैं, खासकर शाम के समय। इस गंभीर स्थिति पर स्थानीय निवासियों ने पुलिस और सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# रामलीला मंचन के दूसरे दिन रावण-जन्म और अत्याचारों का प्रभावशाली चित्रण

**समाज जागरण**

बबराला नगर में रामलीला महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को रावण एवं असुरों के जन्म की लीला का जीवंत मंचन किया गया। कथा के अनुसार रावण ने घोर तपस्या कर भगवान शिव से अजर-अमर होने का वरदान पाया और इसके बाद उसके अत्याचार बढ़ते चले गए। इसी क्रम में उसका विवाह मंदोदरी से संपन्न हुआ।



मंचन की शुरूआत व्यापारियों द्वारा श्रीराम लला की आरती और हनुमान चालीसा से हुई। इसके बाद मेघनाथ जन्म प्रसंग प्रस्तुत किया गया। दिग्विजय के लिए भेजे जाने पर उसके भय से देवता गुफाओं में छिप गए। मेघनाथ ने देवलोक पर चढ़ाई कर देवताओं को बंदी बना लिया और काल को भी अपने वश में कर लिया। इस दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

देवताओं की पुकार पर भगवान विष्णु ने आश्वासन दिया कि वे श्रीराम रूप में अवतार लेकर रावण के अत्याचारों का अंत करेंगे। मंचन के प्रभावशाली दृश्यों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

रामलीला की व्यवस्था में संजीव वर्मा, शुभम वार्ष्णेय, आकाश मेडिकल, अनिल गुप्ता, प्रशांत वार्ष्णेय, निशांत गुप्ता मंकित, अरुण कुमार डिंपल, अनुराग चारू, नितिन आइडिया आदि का सहयोग रहा।

# गुन्नौर नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**समाज जागरण**

गुन्नौर तहसील क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के पहले दिन देवी के मंदिरों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। तड़के से ही हाथों में पूजा की थाली लिए श्रद्धालु मंदिरों की ओर जाते दिखे। घंटे व घड़ियालों की अनुगूंज के साथ भक्ति की धुन पूरे शहर को गुंजायमान करती रही। माता की जय जयकार से मंदिर परिसर गूंजने लगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान मय पुलिस टीम के सभी प्रमुख मंदिरों पर सुबह से ही पुलिस तैनात रही।





आश्विन मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से शारदीय नवरात्र शुरू हो जाता है। सोमवार को शहर के सभी प्रसिद्ध देवी मंदिरों में भव्य पूजा-अर्चना सुबह से ही शुरू हो गई थी। मंदिरों और पूजा पंडालों के साथ ही घरों में पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा विधि-विधान से की गई। मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ नजर आई। मंदिर में पूजा करने के लिए भक्त लंबी कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।

# नारी सुरक्षा और सम्मान का संदेश देने के लिए निकाली बाइक रैली

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। मिशन शक्ति फेस पांच के तहत रविवार को आयोजित बाइक रैली को डीएम जसजीत कौर और एसपी अभिषेक झा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस लाइन से निकाली गई इस रैली में महिला पुलिसकर्मियों ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश दिया।शहर में अलग अलग जगहों पर महिलाओं को जागरूक भी किया। साथ ही सरकार की ओर से महिला सुरक्षा और सम्मान को लेकर चल रही योजनाओं की जानकारी दी। बाइक रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर नुमाइश चौराहा, रोडवेज चौराहा, डाकघर चौराहा, बुखारा चुंगी, शास्त्री चौक, सेंट मैरी चौराहा होते हुए नुमाइश चौक पर समाप्त हुई। एसपी अभिषेक झा ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत जागरूक करने के इरादे से बाइक रैली का आयोजन किया गया।



# विदेश में पढ़ाई के नाम पर लाखों की ठगी

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़/ कादराबाद। क्षेत्र के ग्रामीणों ने एक आइलेट्स संचालक पर विदेश में पढ़ाई करने के लिए भेजने के नाम पर लाखों रुपये ठगने का आरोप लगाया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।क्षेत्र में काउंसलिंग सर्विस सेंटर संचालित है। यहां से विद्यार्थियों को यूके, आस्ट्रेलिया व कनाडा आदि देशों में पढ़ाई करने के लिए भेजते हैं। सेंटर संचालक स्वयं ही सारी प्रक्रियाएं पूर्ण कराने के बाद पढ़ाई के लिए विदेश भेजते हैं। वहीं, क्षेत्र के ही कई युवाओं व उनके परिजनों ने सेंटर संचालकों पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया। गांव भोगपुर निवासी पीड़ित आशीष कुमार ने अपनी पत्नी जसमीत कौर का पढ़ाई के लिए वीजा लगवाया। पीड़ित की पत्नी ने कनाडा स्थित एफसीएमटी कॉलेज में दाखिला लिया था। जिसका कुल शुल्क 14 हजार डॉलर (नौ लाख 14 हजार) है। पीड़ित का कहना है कि 10 अप्रैल 2024 को कॉलेज भेजने के लिए शुल्क के रुपये संचालक के खाते में भेज दिए थे। जब छात्रा जसमीत कौर अपने कॉलेज में पहुंची तो वहां एजेंट ने केवल तीन लाख 60 हजार रुपये ही शुल्क जमा किया था। कॉलेज ने छात्रा को शुल्क की पर्ची उपलब्ध कराई। पता करने पर एजेंट ने पांच लाख 54 हजार रुपये के लिए 15 दिन का समय लिया था। बाद में एजेंट ने पैसे नहीं दिए। वहीं, पीड़ित ने आरोप लगाया कि एजेंट ने उससे रंजिश रखते हुए अपनी पहुंच से उसकी फाइल पर पांच साल की रोक लगवा दी। जिसके चलते पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा गांव तुरतपुर निवासी जसपाल ने भी इन एजेंट से अपना पढ़ाई वीजा लगवाया था। पैसे भी दिए, लेकिन, वीजा प्राप्त नहीं हुआ।इस संबंध में सीओ आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

# शांति भंग करने की कोशिश नाकाम, पुलिस ने दिखाई सख्ती

## स्योहारा में उपद्रवियों पर कार्रवाई, सभी आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। स्योहारा थाना पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए छह उपद्रवी तत्वों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट के मुताबिक रविवार की रात करीब 10:30 बजे थाना स्योहारा के मुख्य द्वार पर कुछ व्यक्तियों द्वारा उपद्रव किया जा रहा था। मौके पर तैनात उपनिरीक्षक प्रमोद शर्मा ने जब इनसे उपद्रव का कारण जानने का प्रयास किया तो अभियुक्तों ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी।



थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में थाना स्योहारा पर आरोपियों पर बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की विवेचना की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक कुलवीर सिंह को सौंपी गई है। दर्ज मुकदमे में प्रदीप चौहान पुत्र रामकरण सिंह निवासी मौजा मोटा महादेव जनपद बिजनौर, अमित चौहान उर्फ बिल्लू चौहान पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी ग्राम खेडी थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर, नितिन चौहान पुत्र कामेन्द्र सिंह निवासी मौजमपुर जैतरा थाना धामपुर, शादान उर्फ भूरी पुत्र सलीम निवासी शेखान थाना स्योहारा, वकील अहमद पुत्र सलीम अहमद निवासी शेखान तथा अजीत पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम दौलताबाद थाना स्योहारा को नामजद किया गया।

सोमवार को थाना स्योहारा पुलिस ने इन सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से विधिक कार्रवाई करते हुए धामपुर के उपजिलाधिकारी न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

स्योहारा थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# समय से हो किसानों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण : कामेन्द्र चौधरी

**समाज जागरण**

संभल। भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा जिला प्रभारी सुभाष चाहल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मुख्य बिजलीघर संभल में नारेबाजी कर किसान पंचायत का आयोजन किया ! पंचायत की अध्यक्षता सेवक सैनी एवं संचालन निर्देश कुमार ने किया!

पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि जनपद संभल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है ! डबल इंजन की सरकार किसान व आवाम के हित में तमाम लाभकारी योजनाए दे रही है, परंतु जिला प्रशासन के कुछ अधिकारियों की लापरवाही एवं उदासीनता के चलते पात्र लाभ से वंचित है ! क्षेत्र में बिजली विभाग के मीटर रीडर घरेलू बिल निकालने प्रतिमाह नही आते जिससे किसानों पर अतिरिक्त चार्ज पड़ता है, मीटर रीडर प्रतिमाह बिल निकालने जाये। जिससे किसानों एवं आम जनमानस का आर्थिक शोषण रोका जा सके ! विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बिजली चोरी की आड़ में उपभोक्ताओं के मीटर की वीडियो बनाकर, मुकदमों का डर बनाकर अवैध वसूली करने का कार्य कर रहे हैं ! जिससे किसानों एवं आम जनमानस की कमर तोड़ने का कार्य किया जा रहा है ! जिसमें सुधार अति आवश्यक है ! साथ ही स्मार्ट मीटर की जांच पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर जांच में खड़े नहीं उतर रहे हैं इनको ना लगवाए जाए ! आधे से ज्यादा घरेलू विधुत मीटर गलत बिल निकालकर आम जनता को गुमराह करने का काम कर रहे है ! तत्काल रूप से अभियान चलाकर सही कराया जाए ! क्षेत्र के ग्राम - सैंडा बिजलीघर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है एवं ग्राम - हिसामपुर में एक आम रास्ते की स्थिति जर्जर है काफी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हुई ! जिसको लेकर संगठन में आक्रोश है ! जनपद में बढ़ती खाद की किल्लत को लेकर किसान अपनी फसल बुवाई में कठिनाई का सामना कर रहा है जिससे किसान दुविधा में है !जबकि खेती किसान के जीवन - यापन का एकमात्र जरिया है ! सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ मिले ! सरकार द्वारा तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं उनकी जानकारी किसानों को मिले और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए ! साथ ही जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी ने कहा कि बहजोई फेस ब्रांच में पानी 6 - 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से छोड़ जाए ताकि मुरादाबाद मंडल के तमाम किसानों की फसलों को भारी नुकसान से बचाया जा सके ! प्रदेश में फैले बुखार रूपी वायरस के कारण लोग संक्रमित हैं ! नियमित तरीके से रोग की रोकथाम के लिए गांव-गांव कीटनाशक का स्प्रे कराया जाए एवं कैंप के माध्यम से फ्री दवाई वितरित की जाए ! वही युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा गन्ना मूल्य 525 रु. प्रति कुंतल कर भुगतान न करने वाली चीनी मिलों पर कार्रवाई की जाए ! समय पर भुगतान करने वाली चीनी मिलों का प्रोत्साहन किया जाए ! स्मार्ट मीटर जांच में किसी भी रूप में खरे नहीं उतर रहे हैं ! अतः सरकार से मांग है कि इनको ना लगवाया जाए! संगठन हमेशा से ही किसान हित में प्रयासरत है , जब तक किसानों की मांगों का निस्तारण नहीं होता है तब तक धरना - प्रदर्शन आंदोलन करते रहेंगे ! मौके पर नायब तहसीलदार बबलू कुमार, एसडीओ बिजली राहुल सिंह, ए डी ओ (आई एस बी) अमित यादव, एसडीओ बिजली जेपी वार्ष्णेय, जे ई मुकेश कुमार की उपस्थिति के बाद पंचायत का समापन कर दिया गया ! पंचायत का मुख्यमंत्री को संबोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र नायब तहसीलदार बबलू कुमार के माध्यम से सौपा गया! मुख्य रूप से युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, जिला प्रभारी सुभाष चाहल, जिला संरक्षक शिवनारायण सैनी, जिला महासचिव अनमोल कुमार, जिला सलाहकार सरदार गुरु वचन सिंह, जिला महामंत्री संभल इस्माइल खां (अ. मो.), जिला प्रचार मंत्री कमल सिंह, युवा जिला मीडिया प्रभारी निर्देश कुमार, तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी, तहसील सचिव चौधरी ऋषिपाल सिंह, युवा तहसील सचिव राजीव कुमार उर्फ बाबूजी, तहसील अध्यक्ष मेहंदी हसन (अ. मो.), हरिनाथ महाराज तहसील महासचिव संभल (संत मो.) युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष सुफियान पाशा, किशन लाल सिंह तहसील प्रभारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता सेवक सैनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता सत्येंद्र चौधरी, मो. हसन, मो. दाऊद, राजपाल कश्यप, गणेश कुमार, आदेश यादव, केशव यादव जैनुल, उस्मान मलिक, मोहर सिंह सैनी, गौरव सागर, शीशपाल सिंह, पवन कुमार, विवेक कुमार सुखपाल गुर्जर विजयपाल सिंह, नानक कश्यप एवं महिला मोर्चा से रविता देवी ब्लॉक अध्यक्ष, ननीहा देवी ब्लॉक महासचिव, निशा देवी ब्लॉक सचिव, भूरी देवी, अतलेश देवी, सुमन देवी रानी आदि सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

# दलित मुस्लिम पिछड़ा भाईचारा महासम्मेलन का हुआ आयोजन

## हजारों की संख्या में उमड़ा जनसैलाब जिसे देख विरोधी नेताओं के उड़े होश

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद/ भागूवाला जनपद बिजनौर के नजीबाबाद तहसील के ग्राम भागूवाला मे स्थित वालिया होटल मे दलित मुस्लिम पिछड़ा भाईचारा महासम्मेलन का एक आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी हाजी मोहम्मद साजिद के नेतृत्व मे हुआ जिसका संचालन गौतम ने किया अध्यक्षता महबूब हसन की रही एडवोकेट अरुण कुमार उर्फ रोनी रवि व हाजी मोहम्मद साजिद का ढोल नगाड़ों के साथ व फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया एडवोकेट अरुण कुमार उर्फ रोनी रवि व हाजी मोहम्मद साजिद ने लगभग दस हजार लोगों की भीड़ को जुटाकर साबित कर दिया है कि दलित मुस्लिम पिछड़ा वर्ग एक साथ मिलकर समाज में हो रहे अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने का काम करेगें। समाज में शिक्षा पर बल देकर शिक्षा की ज्योति जलाने का काम करेंगे। और आने वाले समय में राजनीति पर भी बड़े पैमाने पर हस्तक्षेप करेंगे, हाजी मोहम्मद साजिद ने कहा कि अगर जनता ने उनका साथ दिया और उन पर विश्वास जताया तो आने वाले विधानसभा के चुनाव में वह उत्तर प्रदेश मे अपना परचम लहरा कर एक नया इतिहास बनाएंगे जो हिंदू मुस्लिम भाईचारे को मजबूत करने का काम करेगा और भ्रष्टाचार मुक्त होगा और युवा बेरोजगारो के लिए रोजगार की नई-नई योजनाएं लाकर उन्हें रोजगार दिलाएगा और विकास को लेकर उनके मुख्य उद्देश्य क्षेत्र मे वह जनता को अच्छा कॉलेज देंगे जिसमें शिक्षा बिल्कुल निःशुल्क दी जाएगी क्योंकि गरीब टपके के लोग बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पाते जिससे वह जागरूक नहीं हो पाते और उनका उत्पीड़न होता रहता है अच्छी शिक्षा होगी तो वह किसी भी विभाग के अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों से अपने हक की लड़ाई लड़ने में सक्षम होंगे और चिकित्सा को लेकर उन्होंने कहा कि गरीब मजदूर ऐसी महंगाई के दौर में अपने परिवार के सदस्य के बीमार पड़ने पर वह अच्छा इलाज नहीं करा पाता जिससे बीमारी गंभीर रूप ले लेती है उसी को लेकर वह एक अच्छा अस्पताल जनता को देंगे जिसमें डॉक्टर की फीस से लेकर दवाईयां तक निःशुल्क दी जाएगी और अच्छा इलाज संभव हो पाएगा उन्होंने बताया कि क्षेत्र में विद्युत और पानी की गंभीर समस्या है जिससे जनता बहुत परेशान रहती है और आए दिन ट्रांसफर खराब होने पर कई कई दिन तक ट्रांसफर बदले नहीं जाते और जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है क्योंकि बिजली नहीं आने पर पानी भी नहीं आता इसी को लेकर वह क्षेत्र में काफी संख्या में ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराएंगे कि अगर ट्रांसफार्मर में कोई समस्या होती है तो तुरंत ट्रांसफार्मर बदला जा सके बरसात के मौसम में बारिश पड़ने पर जल भराव की समस्या शुरू हो जाती है जिससे जल भराव होने पर घरों में दुकानों में पानी घुस जाता है और काफी नुकसान हो जाता है जल भराव की निकासी के लिए भी वह उचित प्रबंध करायेंगे और क्षेत्र मे ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगवाने का कार्य कराएंगे जिससे जनता को यहां रोजगार मिल सके और उन्हे अपने बीवी बच्चे और घर को छोड़कर रोजगार के लिए बाहर ना जाना पड़े हाजी साजिद ने कहा कि किसी भी समुदाय के लोगो को अगर कोई भी समस्या है तो वह 24 घंटे कभी भी उनसे संपर्क कर सकते है वह दिलो जान से उनकी समस्या का समाधान कराने की कोशिश करेंगे किसी भी धर्म का कोई भी व्यक्ति हो वह उनका भाई है और सबसे बड़ी है इंसानियत जो वह है दिल से निभाते है समाजसेवी रुकैया अंसारी ने भी महिला की सुरक्षा को लेकर अपने विचार रखें और शिक्षा को लेकर महिलाओं को आगे बढ़ने का संदेश देते हुए जोर दिया कहा कि हम महिलाओं पर किसी भी तरह का उत्पीड़न बर्दाशत नहीं करेंगे और हम हर एक महिला के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है हाजी साजिद व अरुण कुमार रोनी ने कहा कि इसी तरहा के सम्मेलन जिले की हर तहसील में होंगे अब दलित, मुस्लिम, पिछड़ा एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा और एक ही थाली में एक ही दस्तर खान पर बैठकर खाना खाएगा इस सम्मेलन मे तमाम वक्ताओं ने जनता को सम्बोधित किया वहां की जनता ने बताया कि ना कोई प्रतिनिधि ना कोई उच्च अधिकारी इस सम्मेलन मे शामिल नही थे फिर भी हाजी साजिद के व्यवहार और उनकी अच्छाइयो की वजह से इतनी बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और भाईचारा एकता के नारो से पूरा क्षेत्र गूंज उठा ऐसा लग रहा था कि जैसे जनता को उनका मसीहा मिल गया हो हाजी साजिद के इस महासम्मेलन से क्षेत्र में चर्चा का विषय है और जनता उनकी खुलकर सराहनीय कर रही है जनता का मानना है इतने बड़े जनसेलाब को देखकर विरोधियों की नींदे उड़ गई होगी वह डर से सहम गए होंगे की एक नए चेहरे ने एक ही कार्यक्रम मे इतनी बड़ी संख्या मे एक ही आवाज पर इतने लोग एकत्रित हो गए है क्षेत्र में यह भी एक चर्चा का विषय है इस अवसर पर अरुण कुमार उर्फ रोनी रवि राजित जडीदिया जय गौतम जसराम प्रधान जी विक्रम कुमार नागेंद्र गौतम प्रमोद उर्फ भूरे आकाश तोषक अंकुश पुंडरी सरबन कुमार उज्जवल समाजसेवी रुकैया अंसारी डॉ अनवार शरीफ अहमद रतिराम भारती रोबिन सिंह इंतखाब इजहार पासा नासिर पहलवान महबूब आलम प्रधान जी जहांगीर आलम शौकीन शाह प्रधान जी बशी अहमद नाजिम एडवोकेट इंजीनियर वाजिद डॉक्टर मुसलीन इंजीनियर गुल शादाब नाजिम अहमद मास्टर इफ्तेखार हाफिज नूर हसन मुस्तकीम प्रधान जी इकबाल मास्टर तस्लीम साजिद अहमद आदिल एहसान तौफीक मास्टर राजवीर इमरान हरचंदपुर रिजवान भाई इमरान जटपुरा फारूख अहमद वीरेंद्र प्रधान जी दीपक गुर्जर आदि मौजूद रहे




# चौकीदार को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली चौकीदार हुआ घायल

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नहटौर निमार्णाधीन पानी की टंकी पर चौकीदारी कर रहे चौकीदार को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। गोली की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर आवाज व घायल के शोर की आवाज सुनकर ग्रामीणों घटना स्थल की ओर दौड़े लेकिन तब तक बदमाशकी वहा से फरार हो गया था। मामले की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। चौकीदार के गोली लगने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची



दिया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस ने घायल को तुरंत सीएचसी क्षेत्र के ग्राम नरगदी गंधु में बन रही नहटौर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों पानी की टंकी पर विकास पुत्र धनसिंह ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए घायल (48 वर्ष) चौकीदारी करता है। बताया को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। बन जाता है कि बीती रात करीब 9 बजे रही टंकी की रखवाली कर रहे चौकीदार जब वह टंकी पर चौकीदारी कर रहा के गोली लगने से गांव व परिजनों में था। उसी दौरान वहां आये अचानक हड़कंप मच हुआ है। मामले को लेकर अज्ञात बदमाशों ने उसे गोली मार दी। गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने गोली उसके पैर में लगी। जिसे वह मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली की है

# रंजिशन चमन चौधरी की हत्या करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, अन्य चल रहे हैं फरार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नूरपुर थाना में रविवार देर रात को थाना शिवाला कलां पुलिस ने चमन चौधरी की हत्या के नामजद मुख्य आरोपी सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार करने का दावा किया है जबकि अन्य आरोपित को अभी फरार बताया गया है, जिनकी गिरफ्तारी को दविशें दी जा रही है। आपको विदित होगा कि शिवाला कलां थाना क्षेत्र के गांव सेह निवासी चमन सिंह शनिवार देर शाम चमन अपने घर के पास बैठा था। तभी हरदीप अपने कई साथियों के साथ पहुंचा और चमन सिंह पर हमला कर दिया और उसे जमकर पीटा। आसपास के लोगों ने बीच बचाव का प्रयास भी किया। लेकिन आरोपी तमंचे से फायर करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल चमन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर ले गए जहां चिकित्सकों ने चिंता जनक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन चमन ने उपचार से पहले रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद परिवार वाले शव को लेकर थाना शिवाला कला पहुंच गए। जहां पुलिस रिपोर्ट लिखने के बजाय परिजनों को पहाड़े



पढ़ाने लगी। गुस्साए लोगों ने शव को थाने के सामने नूरपुर अमरोहा मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। लोगों का आरोप था कि 8 दिन पहले ही दोनों पक्ष में झगड़ा हुआ था अगर उसे वक्त पुलिस ने सही से कार्रवाई कर दी होती तो यह घटना नहीं होती। सीओ चांदपुर देश दीपक सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बमुश्किल ग्रामीणों को समझाया तब कहीं जाकर देर रात जाम खुला। मामले में एसपी बिजनौर अभिषेक झा एक्शन मोड में आए तो सेह चौकी प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को कर्तव्यों के प्रति अनिष्ठा और घोर लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया और पुलिस को नामजद हमलावरों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। मृतक के पुत्र राजन चौधरी ने घटना के सम्बन्ध में गांव के ही हरदीप, कीटब, उत्तमचंद और बहादरपुर बिजनौर निवासी डम्पी को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर नि दी थी। पुलिस ने सुसंगत धाराओं क में मामला दर्ज कर हमलावरों की क सर गर्मी से तलाश शुरू की और रविवार देर रात थाना शिवाला कलां पुलिस ने हरदीप पुत्र उत्तमचंद व कीटब उर्फ विकास पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी सेह को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में हरदीप ने कहा कि पूर्व से ही चमन से मारपीट आदि की मुकदमे बाजी चल रही थी इसी से खिन्न होकर वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान कर दिया है वहीं अन्य आरोपित अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है जिसके लिए टीमें गठित की गई है

# मिस्त्री को आग में झोंकने की कोशिश, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**आरोपी ने जलती तिल्ली फेंककर लगाई आग, युवक गंभीर रूप से झुलसा**

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। ग्राम गैंडाजुड़ में मोटर साइकिल सही करने वाले एक मिस्त्री को जलाकर मारने का प्रयास करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम गैंडाजुड़ निवासी खुर्शीद अहमद पुत्र अकबर हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई अनस मलिक गाँव के अड्डे पर मोटर साइकिल मरम्मत की दुकान चलाता है। 13 सितंबर की शाम करीब सात बजे अनस सर्विसिंग पूरी कर अपने औजार पुराने पेट्रोल से साफ कर रहा था। उसी दौरान गाँव के ही फाजिल पुत्र मुस्ताक ने अचानक माचिस की तिल्ली जलाकर अनस पर फेंक दी। इस हरकत से दुकान में आग लग गई और अनस पूरी तरह आग की लपटों में घिर गया। घटना में दुकान का सारा सामान भी जलकर खाक हो गया। पीड़ित पक्ष ने बताया कि अनस को गंभीर हालत में उपचार के लिए ले जाया गया, जिस कारण घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हो गई। खुर्शीद अहमद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी फाजिल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टहलने जा रही महिला को पालतू कुत्ते ने काटकर किया घायल

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर ताजपुर। सुबह को टहलने निकली महिला पर पालतू कुत्ते ने हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया।कुत्ते के काटने से लोगों में भय व्याप्त है। शनिवार को स्थानीय निवासी रचना चौहान पत्नी जोगेंद्र सिंह सुबह टहल कर वापस आ रही थी।अचानक अपने पालतू कुत्ते साथ घूमने जारहे राजपाल सिंह हाथ से छूटकर कुत्ते ने महिला पर हमला कर दिया। कुत्ते के मालिक व अन्य लोगों ने किसी प्रकार महिला को कुत्ते से छुड़ाया। गंभीर रूप घायल महिला को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर में उपचार कराया। गांव वासियो ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है।

# गुन्नौर महिला स्वास्थ्यकर्मी के साथ 2 लाख अस्सी हजार रुपए की ठगी मामला दर्ज

**समाज जागरण**

बबराला थाना व नगर के लोहिया कॉलोनी निवासी महिला स्वास्थ्य कर्मी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की बीते 20 मई 2024 को मेरे एक सगे संबंधी रिश्तेदार को लेकर दो लोग आए उन्होंने बताया कि वह लॉयल्टी एल्गो कंपनी में काम करते हैं। उसने बताया कि लॉयल्टी एल्गो कंपनी एक शेयर मार्केट का ऐप है। यह कंपनी में रुपए जमा करोगे तो आपको 8 से 16 प्रतिशत बढ़ाकर रुपए दिया जाएगा। इसके बाद मुझसे रिश्तेदार के सहयोग से झांझे में ले लिया। और 1 लाख 80 हजार रुपए नगद ले लिए जबकि एक लाख रुपए आनलाईन ट्रांजैक्शन करा लिया। इसके बाद कुछ महीने के बाद से ही उससे रुपए वापस के कहती आ रही हूं लेकिन वह 3 से 4 महीने का समय देते आ रहे हैं। लेकर अभी गुमराह करते चले जा रहे हैं। इनके बारे में जानकारी ली तो ग्रुप का मुखिया मेरठ का रहने वाला विनोद ठाकुर बताया गया इसी प्रकार से ठगी का धंधा करते हैं

ताकि पीड़ित स्वास्थ्य कर्मी महिला निवासी मोहल्ला राजघाट रोड लोहिया कॉलोनी ने बबराला थाने में शिकायत दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल करनी शुरू कर दी गई है।

# रोजगार मेले का आगाज, युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर

**समाज जागरण**

कांधला। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए खण्ड विकास कार्यालय में दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के निर्देश पर आयोजित इस मेले के पहले दिन पांच अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस दौरान जिला सेवायोजन अधिकारी



अजय कुमार ने बताया कि मेले के दूसरे दिन मंगलवार को खण्ड विकास कार्यालय प्रांगण में रोजगार मेला शिविर आयोजित होगा। इसमें एसआईएस कम्पनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड पद के लिए भर्ती प्रक्रिया की जाएगी।उन्होंने बताया कि इस भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की आयु 19 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 56 से 90 किलो होना आवश्यक है। शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल पास,फेल अथवा इंटरमीडिएट निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा एवं आधार कार्ड के साथ मेले में पहुंचे। चयनित अभ्यर्थियों को 350 रुपये शुल्क देना होगा। इस रोजगार मेले में जिले के किसी भी ब्लॉक के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

# एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने किया छात्राओं को जागरूक

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के इंटर कॉलेज में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम द्वारा मुख्यमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे हैं मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत छात्र व महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर सचिन शर्मा ने बताया कि मिशन शक्ति एक दूरदर्शी



पहल है जिसका उद्देश्य छात्र व महिलाओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण स्थापित करना है और बताया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की तत्काल सहायता पाने के लिए सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबर 1090,1930, 181, 112 सहित आदि पर कॉल कर सकते हैं। प्रधानाचार्य मोहम्मद बासिद द्वारा बताया गया कि महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में महिलाएं पुरुषों के साथ और क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। जमीन से आसमान तक कोई ऐसा क्षेत्र अछूता नहीं जहां महिलाओं ने अपना लोहा ना बनवाया हो। इस अवसर पर हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार,तिलक राज, महिला पुलिसकर्मी कविता ,जतिन कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के रेलवे रोड स्थित श्री सत्यनारायण शिशु मंदिर में सोमवार को महाराजा अग्रसेन जयंती व शरद नवरात्र के उपलक्ष में बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने मां दुर्गा के




स्वरूप को रंगों व डेकोरेटिव मटेरियल से सजाकर सभी को मन मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कक्षा-पांच से पारस प्रथम, गरिमा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-4 के अनमोल बालियान ने तृतीय स्थान पर रहे। जिनको प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया व प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को पेन व सांत्वना पुरस्कार के रूप में दिया। इस अवसर पर सभी अध्यापकों व अध्यापिकाओं का सहयोग रहा सभी ने उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

# जाट महासभा ने किया पंचायत का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। अखिल भारतीय जाट महासभा टीम शामली की ओर से गांव खोडसमा स्थित नोतना बैंक्वेट हाल में जाट जागृति अभियान के अंतर्गत




एक पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

पंचायत में मुख्य रूप से आर्थिक, शैक्षिक, संगठनात्मक, नशा मुक्ति तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने समाज को जागरूक करने और एकता बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही राजनीतिक क्षेत्र में समाज की उचित हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए भी सुझाव प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह, राष्ट्रीय सचिव चौधरी धर्मवीर खोखर, प्रदेश अध्यक्ष प्रताप चौधरी, पूर्व विधायक अलीगढ़ एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मालती सांगवान, गाजियाबाद सहित क्षेत्रीय गणमान्य उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय जाट महासभा टीम शामली अरविंद कुमार खोडसमा, युवा जिलाध्यक्ष अमरदीप लाठियान सहित संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। पंचायत में सर्वसम्मति से समाज की समस्याओं के समाधान एवं संगठन की मजबूती पर ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया गया।

# मलकपुर में प्रधान प्रत्याशी जुनैद अली के आवास पर लगा निशुल्क मेडिकल कैंप

**समाज जागरण**



कांधला।(फुरकान जंग) विकासखंड क्षेत्र के गांव मलकपुर में सोमवार को प्रधान प्रत्याशी जुनैद अली के आवास पर अजय संगल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च एंड आयुष्मान हॉस्पिटल के तत्वावधान में एक विशाल निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ प्रधान प्रत्याशी जुनैद अली ने फीता काटकर किया। कैंप में डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें निशुल्क दवाइयाँ प्रदान कीं। जांच के दौरान गुर्दे की बीमारी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की पथरी, मूत्र संक्रमण, शुगर, थायराइड, डेंगू बुखार, मलेरिया, चिकनगुनिया, माइग्रेन, टीबी, सांस फूलना, दमा सहित विभिन्न बीमारियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श भी दिया गया।मेडिकल कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की। इस दौरान प्रधान प्रत्याशी जुनैद अली ने कहा, गांव के लोगों की सेहत और भलाई मेरी पहली प्राथमिकता है। पैसे के अभाव में कोई भी ग्रामीण इलाज से वंचित न रहे, इसी उद्देश्य से यह मेडिकल कैंप लगाया गया है। मैं ग्राम वासियों को यह भरोसा दिलाता हूँ कि हर महीने गांव में दो बार निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया जाएगा और दवाइयों की सुविधा बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जाएगी। गांव के लोगों की सेवा ही मेरा असली मकसद है। इस दौरान कैंप में धर्मवीर प्रजापत, बाबा मेहंदी हसन, शकील बीडीसी, साबिर, डॉक्टर फरमान अली, सहित आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद करने वाली समिति के युवाओं का सम्मान समारोह

**समाज जागरण**



कांधला।(फुरकान जंग) नगर पालिका परिषद सभागार में सोमवार को पंजाब बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री पहुंचाने वाली मुस्लिम गुर्जर युवा समिति के 15 सदस्यीय दल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कहा कि ऐसे युवाओं पर पूरे कस्बे को गर्व है, जिन्होंने मुश्किल घड़ी में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद कर इंसानियत की सच्ची मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज में सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा देने वाला है और युवाओं के हौसले को और मजबूत करता है। अध्यक्ष ने समिति के सभी सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल भेंट कर उनका सम्मान किया और आगे भी इसी जज्बे से काम करने के लिए प्रेरित किया।गौरतलब है कि बीते दिनों पंजाब में हुई भारी बरसात के कारण आई भीषण बाढ़ से हजारों परिवार बेघर हो गए थे। ऐसे समय में कस्बे की मुस्लिम गुर्जर युवा समिति ने मानवीय पहल करते हुए पंजाब पहुंचकर पीड़ितों को डोर-टू-डोर राहत सामग्री वितरित की। समिति के सदस्यों ने अपने निजी संसाधनों और आपसी सहयोग से राहत कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई और कई दिनों तक प्रभावित क्षेत्रों में रहकर जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई।सम्मान समारोह में कस्बे के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। मौके पर व्यापार मंडल की टीम ने भी समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणा बताया। इस दौरान मुस्लिम गुर्जर युवा समिति के सदस्य नावेद जंग, मुस्तफा मेंबर, सालिम कय्यूम मेंबर, मुनव्वर जंग, शाहरुख मेंबर, मुबारिक जंग, सरवेज जंग, सावेज जंग, मोहसिन जंग, जावेद जंग, फारूक जंग, आसिफ जंग, नदीम जंग और आरिफ जंग सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसैन जयंती एवं शारदीय नवरात्र का कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**



शामली। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज मे महाराजा अग्रसैन जयंती एवं शारदीय नवरात्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता संस्था के उपप्रधानाचार्य मलूक चन्द ने महाराजा अग्रसैन के महत्वपूर्ण सिद्धान्तों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाराजा अग्रसैन भगवान श्रीराम के सूर्यवंशी वंश के एक क्षत्रिय राजा थे। उन्होंने प्रतापनगर से अग्रोहा नामक एक नये शहर की स्थापना की जो बाद में एक समृद्ध गणराज्य बना। ये वैदिक समाजवाद के प्रवर्तक, युग पुरूष, शांतिदूत, प्रजा वत्सल्य, हिंसा विरोधी बलि प्रथा को बन्द को कराने वाले, करूणानिधि, सभी जीवों से प्रेम व स्नेह रखने वाले दयालु राजा थे। इन्होंने अपने राज्य में स्थापित होने वाले व्यक्ति को एक रूपया एक ईंट देने का आवाह्व करके सामाजिक संरचना का एक अनुकरणीय उदाहरण दिया था। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने महाराजा अग्रसैन को एक महान व्यक्तित्व बताते हुए उनके बताये गये सिद्धान्तों का अनुसरण करने का आहवान किया। इस अवसर पर नीटू कुमार, अरविन्द कुमार, पुष्पेन्द्र, सोमदत्त आर्य, अंकित कुमार, अशोक सोम, भानू कुमार, मुदित, रजत कुमार, संजू कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नशे को जड़ से खत्म करने के लिए दिया पुलिस अधीक्षक को पत्र

**समाज जागरण**



शामली। किरण सेवा समिति द्वारा पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह को सराहनीय कार्यो के चलते प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक को यह सम्मान विशेष रूप से युवाओं को नशे की लत से बचाने तथा नशा माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए दिया गया।

समिति अध्यक्ष डॉ. रितु जैन ने कहा कि समाज से नशे जैसी बुराई को खत्म करने में पुलिस अधीक्षक और उनकी टीम ने जो कार्य किए हैं, वे न केवल कानून-व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की रक्षा का भी प्रयास हैं। उनके नेतृत्व में शामली पुलिस द्वारा तस्करों और माफियाओं पर की गई कार्रवाई गर्व का विषय है। समिति की उपाध्यक्ष नीतू जैन ने कहा कि यह सम्मान पुलिस और समाज के बीच मजबूत तालमेल का प्रतीक है। जब प्रशासन और सामाजिक संगठन मिलकर कार्य करते हैं तो बड़े से बड़े सामाजिक बदलाव लाए जा सकते हैं। इस अवसर पर डा.. एमके चौहान, मनीष अली मौजूद रहे।

# नवरात्र शुरू होने से मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग)शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। भक्तों ने मां के दरबार में मत्था टेककर सुख समृद्धि की कामना की। पहले नवरात्र पर माता दुर्गा के नौ स्वरूपों में से मां शैलपुत्री की पूजा की गई। भक्तों ने पहले दिन माता का व्रत रखकर उपासना की।

सोमवार को शारदीय के नवरात्र के पहले दिन के साथ ही सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। नवरात्र महापर्व के पहले दिन कलश स्थापना को ले जहां घर-घर में पूजा पाठ शुरू हो गया। श्री दुर्गा मंदिरों में वैदिक विधि विधान से कलश स्थापना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने देवी मंदिरों में पूजा अर्चना की। नवरात्र के पहले दिन शहर के मंदिर हनुमान धाम स्थित श्री दुर्गा मंदिर, सब्जी मंडी स्थित अटठे वाला दुर्गा मंदिर, राजो मौहल्ला स्थित श्री चौदस वाला दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधि विधानपूर्वक पूजा अर्चना की। पहले दिन मां दुर्गा को शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। माता के दर्शनों को सुबह सवेरे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही तो वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी व्यापक प्रबंध किए गए थे। देवी मंदिरों में पुलिस फोर्स भी तैनात रही। इस दौरान मंदिरों को भी रंग बिरंगी लाईटों से सजाया गया था।

# सीएचसी जसाला में स्वास्थ्य मेगा कैम्प आयोजित

**समाज जागरण**



कांधला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसाला में विशेष स्वास्थ्य मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ एमएलसी माननीय वीरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामली डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं के हित में यह अभियान चला रहे हैं। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए और समय-समय पर बीपी, शुगर, रक्त, काला पीलिया, एचआईवी, टीबी आदि की जांच करानी चाहिए ताकि समय रहते बीमारी का पता चल सके और उसका इलाज संभव हो सके। क्योंकि महिला स्वस्थ होगी तो परिवार भी सशक्त होगा।कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया तथा उपस्थित टीबी मरीजों को पोषण पोटली दी गई। इस अवसर पर डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. रामबीर सिंह, डॉ. अजहर, डॉ. अमरीश, डॉ. वकास, डॉ. मयूरी, चीफ फार्मासिस्ट सुधाकर, मोहम्मद तौहीद (बीपीएम), मुकेश कुमार (लेखा

# कांधला में मीडिया क्लब की बैठक सम्पन्न, राजेश कुमार छठी बार बने अध्यक्ष

**समाज जागरण**



कांधला। कस्बे की टीचर कॉलोनी स्थित मीडिया क्लब कार्यालय पर पत्रकारों की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों पत्रकारों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से राजेश कुमार को मीडिया क्लब कांधला का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी पत्रकारों ने नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश कुमार का फूलमालाओं से स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।गौरतलब है कि राजेश कुमार कांधला में पूर्व में भी लगातार पाँच बार मीडिया क्लब के अध्यक्ष रह चुके हैं और इस बार छठी बार उन्हें अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने अपने अनुभव और संघर्ष की बदौलत पत्रकारों के बीच मजबूत स्थान बनाया है।

अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि मीडिया क्लब की बागडोर संभालना मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों है। यह छठी बार है जब मुझे पत्रकार साथियों ने अपना अध्यक्ष चुना है। में हमेशा की तरह पत्रकारों के हित की लड़ाई लड़ता रहूंगा और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाऊंगा। प्रेस की आजादी और पत्रकारों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। मैं सभी पत्रकारों से अपील करता हूँ कि वह एकजुट होकर अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहें। इस दौरान बैठक में पत्रकार अख्तर कुरैशी, देवेंद्र कुमार, भीम सैनी, जितेंद्र चौहान उर्फ टिंकू, इस्तखार भाटी, फुरकान जंग, रहमान सुलेमानी, आरिफ जंग, यशु सैनी, नासिर अली, मुनव्वर हसन, आदिल राणा, अमन मित्तल, राजीव चौहान, शुभम मित्तल,नदीम अली, पुष्पेंद्र चौहान, सोनू जंग सहित मौजूद रहे।

# संस्कृति महोत्सव में संस्कृति प्रश्न मंच प्रतियोगिता

**समाज जागरण**



शामली। शहर के शिशु विद्या मंदिर जूनियर स्कूल के छात्रों ने क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में संस्कृति प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हरिद्वार उत्तराखंड द्वारा क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें शामली सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल के बच्चों ने संस्कृति प्रश्न मंच प्रतियोगिता में आदित्य मंगल आयुष्मान भारद्वाज, देव कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंताक्षरी रामायण की चौपाई में वंशिका वर्मा, हंसराज वर्मा तथा उत्कर्ष जांगिड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय लौटने पर इन सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर विवेक संगल, प्रधानाचार्य संजय सैनी, पल्लवी गुप्ता ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शिवकुमार धीमान ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले देव कुमार, आयुष्मान भारद्वाज, आदित्य मंगल अब 5 से 7 नवंबर में होने वाली अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर रविंद्र कुमार, सुधीर कुमार, प्रवेश शर्मा, राजीव शर्मा, रामकुमार, आदेश धीमान, संदीप कुमार, संजीव बालियान, अनुज शर्मा, अमित कुमार, रवि गौड, लक्ष्मी गर्ग आदि मौजूद रहे।

# स्काउट, गाइड प्रवेश एवं प्रथम प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया

**समाज जागरण**



शामली। भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जनपद शामली की ओर से शहर के ब्रिगेडियर होशियार सिंह इंटर कॉलेज में स्काउट,गाइड प्रवेश एवं प्रथम प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नीरा सिंह ने ध्वजारोहण कर की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को स्काउटिंग की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी एवं जिला संगठन आयुक्त गीता रानी ने बच्चों को स्काउटिंग का इतिहास, टोली विधि, प्रार्थना, झंडा गीत आदि विषयों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में विद्यालय के स्काउट मास्टर बाल गोविंद, सुधीर कुमार, रामवीर सिंह गौड़, रविंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसैन जयन्ती और नवरात्र प्रारम्भ का उत्सव मनाया धूम-धाम से

**समाज जागरण**




शामली। शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में महाराजा अग्रसैन की जयन्ती एवं शारदीय नवरात्र प्रारम्भ का उत्सव अत्यन्त उल्लास एवं धूमधाम पूर्वक मनाया गया।

सोमवार को सुशील कुमार गर्ग, राजीव संगल, एनके कंसल, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने महाराजा अग्रसैन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि महाराजा अग्रसैन अग्रवाल समाज के पिता है एवं इन्होने सामाजिक उत्थान के लिये समानता, अहिंसा, करूणा, दया, गाय, गंगा, गीता और नारी के सम्मान के आदर्श उपस्थित किये और आज हमारा समस्त समाज उनके इन्हीं गुणों को अपनाकर निरन्तर उन्नति की ओर बढ़ रहा है। छात्र छात्राओं ने महाराजा अग्रसैन तथा महिषासुर मर्दिनी माता दुर्गा को समर्पित अनेक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिनमें अग्रसैन जी की वन्दना, गौत्र वरदान, महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम् आदि विशेष रूप से सराहे गये। मौके पर गीता तायल, ज्योति तायल, कीर्ति गर्ग, श्रेणी वर्मा, कविता मित्तल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर घनश्याम सारस्वत, रामनाथ, शिवकुमार, अमित कुमार, संजीव कुमार, प्रसून भार्गव मौजूद रहे।

# शिक्षिका पर पुत्री का अपहरण कर बाहर भेजने का आरोप

**समाज जागरण**



शामली। कांधला क्षेत्र के गांव जसाला निवासी एक व्यक्ति ने शिकायती पत्र देकर एक शिक्षिका पर पुत्री का अपहरण कर दो वर्षो से बाहर रह रही पत्नी को भेजने का आरोप लगाया है। पीडित ने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

कांधला क्षेत्र के गांव जसाला निवासी संदीप कुमार पुत्र महेन्द्र ने एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया कि पीडित की शादी मध्य प्रदेश निवासी रूपा के साथ हुई थी। जिससे उसको तीन बच्चे पैदा हुए, लेकिन पत्नी मनमुटाव के चलते दो साल पहले बच्चों को छोडकर चली गई थी। एक 8 वर्षीय पुत्री प्रिया की जसाला के प्राथमिक विद्यालय में पढती है। आरोप है कि गत 15 सितंबर को पुत्री प्रिया घर पर थी, जहां विद्यालय की एक शिक्षिका आकर उसको स्कूल ले गई और वहां से उसको पत्नी के साथ मध्यप्रदेश के जिला सहडौल भेज दिया। विद्यालय जाकर पुत्री नही मिली। जिससे पुत्री को जान का खतरा बना हुआ है। पीडित ने मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# श्री रघुवर रामलीला समिति के मंचन में धनुष प्रतिज्ञा और बाजार लीला का भव्य प्रदर्शन

**समाज जागरण**

बागपत। श्री रघुवर रामलीला समिति ठाकुर द्वारा बागपत के मंच पर कल रात धनुष प्रतिज्ञा और बाजार लीला का मनमोहक मंचन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उमड़े। रामलीला की शुरूआत उस दृश्य से हुई, जिसमें एक दिन माता सीता जनकपुरी में सफाई करते हुए सहज ही शिव धनुष को उठाकर दूसरी ओर रख देती हैं। यह देखकर राजा जनक हैरान रह जाते हैं और उन्हें विश्वास हो जाता है कि सीता एक साधारण कन्या नहीं हैं। अपने मंत्रियों की सलाह पर वह यह प्रतिज्ञा करते हैं कि जो भी शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, वे अपनी पुत्री सीता का विवाह उसी से करेंगे। इस प्रतिज्ञा के बाद, जनक सभी देश के पराक्रमी राजाओं को स्वयंवर में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजते हैं। इसके



बाद,बाजार लीला का मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को खूब हंसाया। इस दृश्य में नाई का अभिनय विशेष रूप से सराहनीय रहा, जिसने अपनी हास्य कला से सभी को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। इस भव्य मंचन में संजय रुहेला, सुभाष लखेरा, जोंटी कश्यप, आलोक जैन, दिनेश, राजू चौहान, सोनू शर्मा, पवन तिवारी, आशु शर्मा, सुजीत लखेरा, दीपक गुप्ता, बिजेंद्र गौतम, नीरज गुप्ता, संजय वर्मा, कालू फौजदार, नीरज भंवरिया, और दीपक सिंधी जैसे कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद थे, जिन्होंने कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

# श्री बालाजी रामलीला में हुआ सीता स्वयंवर की लीला का मनमोहक मंचन

**समाज जागरण**

बागपत। श्री बालाजी रामलीला कमेटी खेकड़ा के तत्वाधान में चल रही भव्य रामलीला का शुभारंभ रामलीला कमेटी के सभी कार्यकताओं और सम्मानित सदस्यों द्वारा भगवान श्री गणेश जी की आरती कर किया। इसमें रामलीला के मंचन के तीसरे दिन पर सुबाहु मारीच द्वारा ऋषियों पर अत्याचार करना,मुनि विश्वामित्र द्वारा राजा दशरथ से राम लक्ष्मण को मांगना,तड़का वध,राम लक्ष्मण द्वारा सुबाहु वध और मारीच का भाग जाना,स्वयंवर के लिए राजा जनक द्वारा मुनि विश्वामित्र को निमंत्रण देना ,रावण बाणासुर संवाद, श्रीराम द्वारा धनुष का तोड़ना, परशुराम लक्ष्मण संवाद तक की लीला का सुन्दर चित्रण के साथ मंचन किया गया। सभी कलाकारों ने अपनी कला से दशकों को मंत्रमुग्ध



कर दिया।कलाकारों में मुख्य रूप से ताड़का, सीता स्वयंवर,और लक्ष्मण परशुराम का अभिनय शानदार रहा। रामलीला में उपस्थित आनंद यादव, धर्मवीर यादव, नितिन जैन,अनंत यादव,अनिल कुमार,मुकेश शर्मा, अतुल रूहेला,सुनील रूहेला, राजेंद्र यादव, मनोज धामा चार्ली,संजीव जैन, विकास जैन,मनोज जैन,अंकित जैन,अनिल गोनियाल ,दीपक ,बिट्टू शर्मा, राकेश,विनोद कुमार,सतेंद्र, जयसिंह ,नरेश कुमार, गौतम ,अनुभव मेकअपमैन,रोहित साउंड वाले, शेखर रूहेला,प्रशांत रूहेला, निखिल धामा,दीपक यादव,संजू शर्मा,दीपक पांचाल,गौरव वर्मा,अरुण यादव,मोहन वेदी,मोनू, सोनू,अनुज कश्यप, सूरज, मनोज, अम्बे प्रसाद,भूरे,रोहित आदि सभी कलाकारों का मुख्य सहयोग रहा।

# चोरी का खुलासा करने पर चांदीनगर पुलिस टीम का फूलमालाओं से सम्मान

**समाज जागरण**

चांदीनगर। दादी जी महाराज मंदिर में हुई खड़ाऊ चोरी के बाद जल्द पुलिस के खुलासे के बाद क्षैत्र के लोगो ने थाना प्रभारी को मय टीम के सम्मानित किया। रविवार को थाना परिसर में चांदीनगर थाना अध्यक्ष अतर सिंह और धोली प्याऊ चौकी प्रभारी विकुल कुमार व टीम को फूलमालाओं से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें फुलेरा गांव में स्थित दादी महाराज जी मंदिर से हुई चोरी का जल्द खुलासा कर चोरी की गई चांदी की चरण पादूके बरामद करने तथा आरोपियों को गिरफ्तार करने की बड़ी सफलता पर दिया गया,गौरतलब है कि 12 सितंबर को मंदिर से चांदी की चरण पादूके चोरी हो गई थीं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से महिला आरोपी की पहचान कर तत्परता दिखाते हुए



कुछ ही दिनों में चोरी का खुलासा कर दिया। इस कार्रवाई में पुलिस ने 27 टुकड़े (567.150 ग्राम) चांदी के चरण पादूके और 5000 नगद बरामद किए थे। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है,सम्मान समारोह में विकुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, बलराज, अरुण भाटी, गणेश कुमार, रामेश्वर शर्मा, ओमवीर, मोनू शर्मा, भुवन शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। जनता ने पुलिस टीम की सक्रियता और निष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की त्वरित कार्रवाई से समाज में अपराध पर अंकुश लगता है और पुलिस पर लोगों का विश्वास मजबूत होता है।

# रटौल में नवरात्रे का अनोखा आगाज: युवाओं ने डीजे के साथ ज्योति यात्रा कर शिव मंदिर पहुंचाई

**समाज जागरण**

चांदीनगर। रटौल कस्बे में इस बार नवरात्रे का आगाज कुछ खास अंदाज में हुआ। रटौल के युवाओं ने दिल्ली स्थित कालका देवी मंदिर से ज्योति लेकर डीजे के साथ शिव मंदिर तक पहुँचाई। इस दौरान पूरा कस्बा उत्सव के रंग में रंगा रहा। युवाओं की इस अनोखी पहल को देखकर गांव के गणमान्य लोगों ने उन्हें शील्ड देकर सम्मानित किया। नव रात्रि के शुरू होने पर रटौल के युवको ने दिल्ली के कालका जी मंदिर से अखंड ज्योति ले कर रटौल पहुचें इस विशेष अवसर पर दीपक, विपिन, विकास, समर्थ, विक्की, सोनू, सचिन, अतुल, चिंटू, हैप्पी



सहित दर्जनों युवा मौजूद रहे। शिव मंदिर परिसर में युवाओं के डीजे और ज्योति यात्रा का जश्न देखते ही गणमान्य लोगो ने युवाओं को शिल्ड देकर सम्मानित किया ग्रामीणों ने इस दौरान उत्साहपूर्वक युवाओं का समर्थन किया और उनकी इस पहल की खुले दिल से सराहना की,स्थानीय लोगों ने बताया कि इस तरह की गतिविधियाँ युवाओं में संस्कृति और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं। इस आयोजन ने पूरे कस्बे में भाईचारे और उत्सव का माहौल बना दिया।

# रामलीला मंचन में सीता स्वयंवर का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के श्री मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम आयोजित रामलीला में धनुष यज्ञ लीला का आयोजन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि राजा जनक अपनी पुत्री सीता के लिए स्वयंवर का आयोजन करते हैं जिसमें कोई भी राजा भगवान शंकर के धनुष को तोड़ नहीं पता परंतु भगवान श्रीराम धनुष को तोड़ देते हैं। माता सीता भगवान श्रीराम के गले में वरमाला डाल देती है। इसके पश्चात भगवान शंकर के धनुष को टूटा हुआ देखकर भगवान परशुराम अत्यंत क्रोध करते हैं जिसके चलते भगवान परशुराम और लक्ष्मण के बीच वीर रस से भरपूर भयंकर संवाद होता है। कल की लीला में भगवान



श्री राम का अभिनय आकाश धीमान, भैया लक्ष्मण का अभिनय उज्जवल नामदेव, माता सीता का अभिनय वंश राजपूत तथा भगवान परशुराम का अभिनय बृजेश वशिष्ठ के द्वारा किया गया। अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी, सचिव राजकुमार मित्तल, उपेन्द्र द्विवेदी, पं दिनेश पाठक, रमेश धीमान, उत्तम नामदेव, आदेश शर्मा, राकेश आचार्य, सुनील गुप्ता रामायणी, सन्दीप नामदेव, लोकेश वाचस्पति, आशु निर्वाल, आशीष निर्वाल, लाल सिंह लचक आदि मौजूद रहे।

# किसान की जमीन पर दबंगों का कब्जा, मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**समाज जागरण**

बागपत। बड़ौत तहसील के शाहपुर बाणगंगा गांव में एक किसान ने अपनी जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई है। किसान ने प्रशासन से न्याय की अपील करते हुए अपनी और अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। पीड़ित किसान सुरेन्द्र गिरि ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि उनके पास एक खेत है, जिस पर वे खेती कर अपना जीवन यापन करते हैं। लेकिन, कुछ समय पहले गांव के कुछ दबंगों ने उनकी जमीन



पर जबरन कब्जा कर लिया। किसान के अनुसार, जब उन्होंने इन लोगों से जमीन खाली करने को कहा, तो उन्होंने धमकाया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि वे इस मामले की शिकायत पहले भी अधिकारियों से कर चुके हैं। राजस्व टीम ने मौके पर जाकर जांच भी की थी, लेकिन दबंगों ने अपनी पहुंच का इस्तेमाल कर अधिकारियों को गुमराह कर दिया। किसान सुरेन्द्र गिरि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उनकी जमीन की पैमाइश कराकर उसे अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए और उन्हें तथा उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए।

# आउटसोर्सिंग कर्मियों का वेतन रुका, विद्युत विभाग और ठेकेदार आमने-सामने

**समाज जागरण**

बागपत। विद्युत विभाग में काम कर रहे आउटसोर्सिंग कर्मियों का मई 2025 से वेतन रुका हुआ है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। इस समस्या ने विद्युत विभाग और ठेके पर काम कराने वाली कंपनी, 10 न्यू सिक्योरिटी सर्विसिस, लखनऊ के बीच गहरे मतभेद को उजागर कर दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें महीनों से वेतन नहीं मिला है, जबकि वे लगातार अपनी ड्यूटी कर रहे हैं। इस बात से नाराज कंप्यूटर ऑपरेटर, कुशल और अकुशल श्रमिकों ने आज विद्युत मंडल-बागपत के कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि कंपनी और विभाग के बीच तालमेल की कमी का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। दूसरी ओर, विभाग के अधिशासी अभियंता का कहना है कि उन्होंने ठेकेदार फर्म को



कई बार पत्र लिखकर कर्मचारियों का वेतन भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि इस देरी के लिए ठेकेदार फर्म जिम्मेदार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो ठेकेदार फर्म और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह मामला केवल वेतन भुगतान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ठेके पर काम करने वाले लाखों श्रमिकों की असुरक्षा और शोषण को दशार्ता है। यह स्थिति तब और भी गंभीर हो जाती है, जब विभाग के अधिकारी और ठेकेदार फर्म अपनी जिम्मेदारी एक-दूसरे पर थोपते हैं। इस खींचतान में कर्मचारी फंसकर रह गए हैं, जिनके सामने अब भूखमरी की स्थिति आ गई है। यदि जल्द ही कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया, तो आने वाले दिनों में यह विवाद और भी बढ़ सकता है, जिससे विद्युत विभाग के काम पर भी असर पड़ना तय है।

# सभासदों का धरना सातवें दिन भी जारी

## - सभासदों ने अर्धनग्न होकर किया प्रर्दशन ईओ से बताया खतरा

**समाज जागरण**

चांदीनगर। रटौल नगर पंचायत पर धरना दिये बैठे सभासदों का धरना सातवें दिन भी जारी रहा सभासदों ने ऐलान किया की जिलाअधिकारी से मिल नगर पंचायत कार्यालय में हो रही अनदेखी की शिकायत करेगे। रटौल नगर पंचायत पर विभिन्न मागों को लेकर सभासद नगर पंचायत कार्यालय के बाहर सातवें दिन भी धरने पर बैठे रहे सभासदो ने बताया की रविवार सुबह जब वह नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे तो वहा ताला लगा हुआ था जबकि रटौल नगर पंचायत पर रविवार को भी कार्य किया जाता रहा है लेकिन ईओ विरज सिंह त्रिपाठी ने नगर पंचायत कार्यालय नही खुलने दिया जिससे लेकर सभासद नगर पंचायत



कार्यालय के बाहर सब्जी मंड़ी मे ही धरना देकर बैठ गये सभासद नजारत चौधरी ने आरोप लगाते हुए बताया की ईओ विरज सिंह त्रिपाठी उनके खिलाफ साजिश रच रहे है अगर उन्हें कुछ हुआ तो उसके जिम्मेदार ईओ होगे उन्होंने यह भी कहा की सोमवार को वह जिलाअधिकारी बागपत से मिलेगे और समस्या से अवगत करायेगे उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की अगर उनका शोषण होता रहा तो वह डीएम कार्यलय पर आत्मदाह करेगे धरने पर सभासद नजारत चौधरी,आमिर,उबैद उल्ला, महबूब अंसारी, नौशाद, जमील, खालिद आदि मौजूद रहे।

# चांदीनगर थाना परिसर में मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ

## - ग्राम ढ़िकोली की छात्रा दिवाशा ढाका ने रिबन काटकर किया उद्घाटन, 3 जुलाई 2024 को जीता था नेशनल शूटिंग अवार्ड

**समाज जागरण**

चांदीनगर । महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ सोमवार को चांदीनगर थाना परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि उद्घाटन का जिम्मा क्षेत्र की होनहार छात्रा दिवाशा ढाका को दिया गया। ढ़िकोली निवासी मनोज ढाका की 14 वर्षीय पुत्री दिवाशा ढाका केंद्रीय विद्यालय, चांदीनगर की कक्षा 8 की छात्रा हैं। दिवाशा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर 3 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में अवार्ड जीतकर जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया था। इसी उपलब्धि को देखते हुए उन्हें मिशन शक्ति केंद्र का रिबन काटने का सम्मान दिया गया। उद्घाटन



कार्यक्रम के दौरान बागपत के पुलिस अधीक्षक कुमार राय , थाना अध्यक्ष अतर सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिलाएँ और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। एसपी सूरज कुमार राय ने कहा कि दिवाशा जैसी प्रतिभाशाली बेटियाँ समाज की प्रेरणा हैं और मिशन शक्ति केंद्र का उद्देश्य भी महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाना है। गाँव के लोगों और विद्यालय के शिक्षकों ने भी दिवाशा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा बच्ची को यह सम्मान देना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

# बिजली विभाग के खिलाफ किसान यूनियन का हंगामा प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग )सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने विद्युंत विभाग की समस्याओं को लेकर एसई कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होने चेतावनी दी कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के घर स्मार्ट मीटर लगाया गया तो आन्दोलन होगा। उन्होने विद्युत विभाग की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष सांता प्रधान व प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान के नेतृत्व में एसई कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि अब किसानों की मासिक पंचायत विभागीय कार्यालयों में पर माह की प्रत्येक 21 तारीख को आयोजित की जायेगी। हर महीने अलग अलग विभाग के कार्यालयों पर पंचायत



कहा कि स्मार्ट मीटर गांवा में नही लगेगे और यदि विद्युत विभाग ने जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया तो आन्दोलन होगा। उन्होने विद्युत होगी। जिसमें विभाग की संबंधित किसानों की समस्याओं से अवगत कराया जायेगा और उनका समाधान कराया जायेगा। इसी कडी में विद्युत विभाग पर धरना प्रदर्शन और मासिक पंचायत आयोजित की गई। उन्होने कहा कि विद्युत विभाग के कर्मचारी चैकिंग के नाम पर किसानों और ग्रामीणों का उत्पीडन कर रहे है। रात्रि में किसानों के घरों में चोरों की तरह घुसकर किसानों को आतंकित करने का काम किया जाता है। जिसको कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा। विभाग के जेई और लाईनमैनों पर किसानों से अवैध वसूली का भी आरोप लगाया। इस दौरान उन्होने विद्युत अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष मोहित शर्मा, विदेश मलिक, कुलदीप पंवार, मास्टर जाहिद, देवराज पहलवान, अरविन्द खोडमा, संजीव राठी, पप्पू कुडाना, ब्रहमपाल नाला, राजेश प्रधान, पुष्कर सैनी, दिनेश फौजी आदि मौजूद रहे।

# अग्रवाल मंडी टटीरी में धूमधाम के साथ निकाली गई राम बारात

**समाज जागरण**

बागपत। श्री आदर्श रामलीला कमेटी अग्रवाल मंडी टटीरी के सौजन्य से कस्बा अग्रवाल मंडी टटीरी में सोमवार को भगवान श्रीराम की बारात धूमधाम के साथ निकाली गई। इसमें लोगों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों ने भगवान श्रीराम की आरती उतारकर विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की।



जगह-जगह राम बारात का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। राम बारात में शामिल झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। यहां पर रामलीला का बहुत ही मनमोहक मंचन किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए यहां हर रोज दर्शकों की संख्या बढ़ती जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर पुलिस पिकेट तैनात की गई है जो यहां की हर गतिविधियों पर अपनी पैनी नजर रखती है। इसके अलावा रामलीला कमेटी के लोग भी रामलीला को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए व्यवस्था बनाने में जुटे रहते हैं। हर कोई कस्बा अग्रवाल मंडी टटीरी की रामलीला के मंचन की सराहना कर रहा है। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंकुर पंडित संयोजक संजीव शर्मा प्रवीन गोयल राजीव गोयल सोनू गुप्ता रोहित गोयल मास्टर हरिओम शर्मा प्रवीण कुमार उमा दत्त शर्मा आदि सभी लोग मौजूद हैं।

# महाराजा अग्रसेन ने दिया था एक ईट एक रुपए का सिद्धांत : सुनील मित्तल

**समाज जागरण**

बागपत। जिलेभर में सोमवार को समाजवाद के प्रणेता महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर सुप्रसिद्ध समाज सेवी सुनील मित्तल ने कहा कि हमे मन, वचन व कर्म से महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धान्तों को स्वीकृत करना चाहिए। उन्होंने ही सर्वप्रथम समाजवाद की भावना को



बढ़ावा देते हुए एक ईट और एक रुपया के सिद्धांत की घोषणा की थी, ताकि उनके नगर में आने वाला व्यक्ति अपने घर का निर्माण कर सके और रुपयों से अपना व्यापार चालू कर सके। ऐसे महान सम्राट को वह कोटि-कोटि नमन करते है, जिन्होंने सर्वजन हिताय- सर्वजन सुखाय के सिद्धांत को स्वीकार करते हुए समाज की भलाई के लिए कार्य किये। समाजवाद के अग्रदूत और अग्रोहा राज्य के संस्थापक महाराजा अग्रसेन ने ही एक नई व्यवस्था को जन्म दिया। उनकी दी हुई शिक्षाए एवं बनाए गए नियम आज के समाज में भी प्रासंगिक हैं।

# पूर्व विधायक के मुकदमे में रालोद नेता राजू तोमर किया सरेंडर, जमानत मिली

**समाज जागरण**

बागपत। राष्ट्रीय लोक दल के नेता राजू तोमर सिरसली ने सोमवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में सरेंडर किया। उन पर पूर्व विधायक वीरपाल राठी ने मुकदमा दर्ज कराया था। यह मामला 2022 के विधानसभा चुनाव



से जुड़ा है, जब वीरपाल राठी ने उन पर उनकी छवि खराब करने के उद्देश्य से एक ऑडियो क्लिप वायरल करने का आरोप लगाया था।इस ऑडियो क्लिप में एक व्यक्ति की आवाज थी, जिसे राठी की आवाज बताया गया था। राजू तोमर पर आरोप था कि उन्होंने ही यह ऑडियो वायरल करवाया था। इसी मामले में वह सोमवार को न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट में आत्मसमर्पण किया। जिस पर कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी।

# बड़ौत में पेट्रोल पंपों पर हवा की सुविधा न मिलने से लोग परेशान

**समाज जागरण**

बड़ौत। बड़ौत तहसील क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर वाहनों में हवा भरने की सुविधा न मिलने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पेट्रोल पंपों पर हवा भरने की मशीनें तो लगी हुई हैं, लेकिन वे काम नहीं करतीं। जब ग्राहक इस बारे में कर्मचारियों से पूछते हैं, तो उन्हें बताया जाता है कि "मशीन खराब है" या "हवा भरने वाला कर्मचारी अभी मौजूद नहीं है"। इन बहानों से जनता और भी परेशान है। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष चौहान ने इस समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी बड़ौत को एक पत्र भी लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि इस समस्या के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे वाहनों, जैसे कि बाइक और स्कूटर चालकों को हवा भराने के लिए दूर-दराज के इलाकों में जाना पड़ता है।उन्होंने प्रशासन से इस मामले पर तुरंत ध्यान देने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है ताकि आम जनता को इस असुविधा से मुक्ति मिल सके।

# सूचना देने के लिए जिला पंचायत ने मांगे पैसे

**समाज जागरण**

बागपत। भजन विहार के विनोद कुमार शर्मा तब हैरान रह गए जब उन्हें जिला पंचायत से मांगी गई सूचना के बजाय 1934 रुपये जमा कराने का पत्र मिला। विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि उन्होंने 31 जुलाई को जिला पंचायत से सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगी थी। सूचना देने के लिए अपर मुख्य अधिकारी ने प्रति कापी दो रुपये जमा कराने के लिए पत्र भेजा, जिस पर 30 अगस्त अंकित है, लेकिन यह पत्र उन्हें 19 सितंबर को मिला। उन्होंने सूचना मांगी थी कि बड़ौत में कितनी दुकानें हैं, कितनी दुकानें आवंटित हैं, कितनी दुकानें ऐसी हैं, जिनका आवंटन अभी नहीं हुआ है।

# सेवा और स्वच्छता दोनों ही हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं यदि प्रत्येक नागरिक इसे अपनाए तो समाज व देश का वातावरण और अधिक स्वच्छ व स्वस्थ बन सकता है : पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल

### प्रधानमंत्री के आह्वान पर भाजपा कार्यकताओं व विद्यार्थियों ने मिलकर बहल कस्बे में चलाया स्वच्छता अभियान

**समाज जागरण डीडी न्यूज नेटवर्क, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 22 सितंबर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर बहल के देवी मंदिर परिसर और आसपास के गली-मोहल्लों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में न केवल भाजपा कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया बल्कि



बीआरसीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। सफाई अभियान में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता जय कुमार शर्मा, सुशील चहड़िया, कैलाश गोयनका, प्रमोद कुमार अग्रवाल, कृष्ण कुमार सांखला, रमाकांत महमिया, शिव कुमार गोस्वामी, विपिन नांदा, सुरेश लोहार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसके साथ ही बीआरसीएम स्कूल के दर्जनों छात्रओं ने भी झाड़ू उठाकर सफाई कार्य में योगदान दिया।

यह अभियान बहल के पूर्व सरपंच एवं जिला सयोंजक पंचायती राज प्रकोष्ठ गजानंद अग्रवाल के नेतृत्व में चलाया गया। इस अवसर पर गजानंद अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य सिर्फ सफाई करना ही नहीं बल्कि समाज में सामूहिक नागरिक कार्रवाई और सामुदायिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि सेवा और स्वच्छता दोनों ही हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं और यदि प्रत्येक नागरिक इसे अपनाए तो समाज व देश का वातावरण और अधिक स्वच्छ व स्वस्थ बन सकता है। भिवानी जिले में भी विभिन्न विभागों द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम, रैली और गतिविधियाँ आयोजित कर लोगों को न केवल सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है बल्कि स्वच्छता का महत्व भी समझाया जा रहा है। इन अभियानों के माध्यम से अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है।

# नवरात्रे के दुसरे दिन मां ब्रहमचारिण की पूजा अर्चन करने पहुंचे भगतजन

**समाज जागरण**

कालांवाली 23 सितमबर (सुरेश जोरासिया) प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर कालांवाली में नवरात्रों के पर्व पर भगतजनों में उत्साह एवं खुशी देखी गई। नवरात्रों के पहले दिन ही मंदिर मे सुबह से ही भगतों की लम्बी लाईन लगी रही। नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रहमचारिण की पूजा का विशेष महत्व है। कमेटी के प्रधान शशी सिंगला ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी प्राचीन दुर्गा मंदिर मे नवरात्रों का पर्व श्राद्धां भावना के साथ मनाया जा रहा है। प्रतिदिन मां की आरती पूजा अर्चना कि जाती है। भगतजन अपनी मानोकामनाऐं लेकर मंदिर में आते है। मां की पूजा करते है, और आशिर्वाद प्राप्त करते है। मान्यता है कि मां ब्रहमचारिण की पूजा विधि-विधान अर्चना करने से



मन की एकाग्रता बढ़ती है और कार्यों में सफलता मिलती है। नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के तपस्विनी रूप की पूजा की जाती है। मां दुर्गा ने पार्वती के रूप में हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लिया था। नारद मुनि की सलाह पर उन्होंने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। मां पार्वती ने हजारों वर्षों तक निरंतर तपस्या की। इसी कारण उन्हें तपस्विनी और ब्रह्मचारिणी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कई वर्षों तक बिना कुछ खाए-पिए तप किया। इस कठोर तपस्या से भगवान शिव प्रसन्न हुए। मां ब्रह्मचारिणी के रूप में की जाने वाली पूजा उनके दृढ़ संकल्प और समर्पण को दशार्ती है। सच्ची श्रद्धा, भगती में प्रम सुख की प्राप्ती होती है। इस मौके पर प्रधान नरेश सिंगला शशि सेक्ट्री विक्की बांसल . कैशियर पवन बागड़ी . मंच संचालक कृष्ण गर्ग मीडिया प्रभारी राजवीर सिंह मेंबर चिंटू बांसल. रिंकू गर्ग .सोनू गर्ग. मनीष गोयल नरेश गर्ग कमेटी के सदस्य एवं भगतजन मौजूद रहे।

# मोदी सरकार ने भविष्य के सपनों के मुताबिक किया जीएसटी रिफॉर्म : जेपी दलाल

### नवरात्रि पर्व पर लागू होंगे अगली पीढ़ी के सुधार, गरीब से उद्योगपति तक सबको होगा लाभः नरेश गर्ग

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 22 सितंबर। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि मोदी सरकार ने भविष्य की जरूरतों और जनता के सपनों के मुताबिक जीएसटी रिफॉर्म किया है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व के पहले ही दिन से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो जाएंगे, जो देश की जनता के लिए एक बड़ा उपहार है। यह कदम गरीब, मध्यम



वर्ग, किसान और हर परिवार की बचत को बढ़ाने वाला साबित होगा। दलाल ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में अलग-अलग तरह के कई टैक्स जनता पर बोझ बने हुए थे। व्यापारी और कारोबारी वैट के जाल में जकड़े हुए थे। लेकिन मोदी सरकार ने वैट टैक्स स्ट्रक्चर को खत्म कर जीएसटी लागू किया और अब नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार लागू कर देश को आर्थिक रूप से और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने प्रदेशवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

उद्योगपति नरेश गर्ग ढिगावा का बयान सहसंयोजक जीएसटी बीजेपी ज़िला भिवानी व उद्योगपति नरेश गर्ग ढिगावा ने कहा कि कांग्रेस का टैक्स ढांचा शोषणकारी था। वैट के जरिए जनता को लूटा जाता था। लेकिन मोदी सरकार ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू कर आम आदमी से लेकर व्यापारी और उद्योगपति तक को आर्थिक सशक्तिकरण दिया है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अब यह सुधार भारत की अर्थव्यवस्था को और तेजी से आगे बढ़ाएंगे। इससे सामान्य लोगों की क्रय शक्ति भी बढ़ेगी। गर्ग ने कहा कि यह कदम विकसित भारत बनाने की दिशा में स्वागत योग्य और बड़ा निर्णय है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके शासनकाल में देश भ्रष्टाचार और घोटालों में डूबा रहता था, लेकिन 2014 से मोदी सरकार ने देश को सही दिशा में ले जाकर जनता का विश्वास जीता है

# रेड इंडिया ने जीता पहला मुकाबला, आकिब मलिक बने मैन ऑफ द मैच

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

भिवानी/हैदराबाद। तीन दिवसीय राजीव गांधी डिसेबिलिटी चैलेंजर सीरीज 2025 की शुरूआत रोमांचक मुकाबले के साथ हुई। पहले दिन का मैच रेड इंडिया और ग्रीन इंडिया टीमों के बीच खेला गया, जिसमें रेड इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

मुकाबले में टॉस जीतकर रेड इंडिया ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में कड़े संघर्ष के बीच 133 रन का लक्ष्य ग्रीन इंडिया के सामने रखा। जवाब में ग्रीन इंडिया की टीम निर्धारित ओवरों में इस लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी और रेड इंडिया ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। रेड इंडिया की जीत में गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों ने संतुलित प्रदर्शन दिखाया। शानदार खेल दिखाने के लिए श्रीनगर के आकिब मलिक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उनकी बल्लेबाजी और फील्डिंग ने मैच का रुख रेड




इंडिया की ओर मोड़ दिया। इस सीरीज का आयोजन डिसेबिलिटी एबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन हैदराबाद द्वारा हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए ) के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रवक्ता अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि दूसरे दिन का मुकाबला ग्रीन इंडिया और यलो इंडिया टीमों के बीच खेला जाएगा, जो दर्शकों के लिए और भी रोमांचक रहने की उम्मीद है।

सीरीज के दौरान दिव्यांग क्रिकेटरों का जज्बा और समर्पण मैदान पर साफ झलक रहा है। आयोजक सुरेंद्र अग्रवाल व पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए यह टूनामेंट बड़ा मंच है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में हरियाणा की खेल नगरी भिवानी सहित देश के अनेक स्थानों पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के टूनामेंट आयोजित किए जाएंगे। उनका मानना है कि इन प्रतियोगिताओं से दिव्यांग खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और वे देश-विदेश में अपनी पहचान बना सकेंगे।

# किसान गुरप्रीत सिंह ने जैविक खेती कर किया क्षेत्र में नाम रोशन

### प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सम्मानित किया

**दैनिक समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) क्षेत्र के गांव मत्तड़ के युवा प्रगतिशील किसान गुरप्रीत सिंह को अन्य फसलों के साथ साथ आर्गेनिक फल एवं सब्जियां उगाकर क्षेत्र में अच्छा नाम कमाने पर हिसार में आयोजित कृषि मेले दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्मृति चिन्ह देकर सममानित किया, जो अपनी साहसिक भावना और कृषि में नवाचार की भावना के लिए जाने जाते हैं उनकी बहुत बढ़िया सोच हमें यह याद दिलाती है कि स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता की दिशा में काम करना और अपने जुनून को अपना करियर बनाना कितना महत्वपूर्ण है। 30 वर्षीय गुरप्रीत सिंह पुत्र गुरचरण सिंह पूर्व चैयरमेन ने बताया कि उन्होंने मास्टर डिग्री के बाद बैंकिंग लाईन में तीन साल तक नौकरी छोड़कर खेतों में काम करने का फैसला किया और एक स्वतंत्र किसान के रूप में अपने खेतों में काम करना शुरू किया, जो उनकी दूरदर्शिता और कृषि के प्रति उनके जुनून को दशार्ता है। घग्गर नदी के तटवर्ती इलाके में अपने खेतों में गुरप्रीत सिंह ने आर्गेनिक फल व सब्जियां उगाकर अपने कृषि क्षेत्र में अच्छा नाम और पैसा कमाया, जो



उनकी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। नामी कंपनियों से महंगे बीज खरीदकर टमाटर, चैरी टमाटर, रंगदार गोभी, रंगदार प्याज आदि विभिन्न सब्जियों की पौध तैयार करने के साथ साथ सब्जियां उगाईं और स्वयं ही आगे गांवों में पौध बेचने और सब्जियां गाड़ी पर आमजन तक पहुंचाकर अच्छा मुनाफा कमाया, जो उनकी उद्यमशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी को दशार्ता है। अब लंबे समय से युवा एक प्रगतिशील किसान के तौर पर खेती बाड़ी में फल एवं सब्जियां उगाने में सफल किसान बनने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें सिरसा जिले के एक मात्र प्रतिभागी के तौर पर चुने गए गुरप्रीत सिंह प्रेमी को

विशेष रूप से हिसार कृषि मेले में आमंत्रित कर सम्मानित किया, जो उनकी उपलब्धियों को मान्यता देने का एक प्रतीक है। इसके बाद उनके प्रशंसकों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए हौंसला अफजाई की, जो उनके भविष्य के प्रयासों के लिए एक प्रेरणा है।गुरप्रीत सिंह प्रेमी ने बताया कि माध्यम और छोटे किसानों को समय समय पर यदि इसी तरह प्रोत्साहित किया जाए तो भविष्य में देखादेखी अन्य किसानों में भी अन्य फसलों के साथ साथ फल एवं सब्जियां उगाने के लिए प्रेरणा स्त्रोत साबित हो सकता है। गुरप्रीत सिंह प्रेमी ने बताया कि हरियाणा में कुल 8 आर्गेनिक फल एवं सब्जियां उगाने वाले प्रगतिशील युवा किसानों में एक मात्र सिरसा जिले में मुझे ही सोभाग्य प्राप्त हुआ है अतः मैं कृषि विभाग एवं हरियाणा के मुख्य मंत्री का इसके लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

# प्रधानमंत्री ने नवरात्रि के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

### जीएसटी बचत उत्सव के साथ स्वदेशी के मंत्र को नई ऊर्जा मिलने वाली है: प्रधानमंत्री

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख**

नई दिल्ली,22 सितंबर : प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नवरात्रि के पावन अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस बार नवरात्रि का पावन



अवसर बहुत विशेष है। श्री मोदी ने कहा, "जीएसटी बचत उत्सव के साथ-साथ स्वदेशी के मंत्र को भी इस दौरान नई ऊर्जा मिलने वाली है। आइए, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए हम सामूहिक प्रयासों में जुट जाएं।"प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि आप सभी को नवरात्रि की अनंत शुभकामनाएं। साहस, संयम और संकल्प के भक्ति-भाव से भरा यह पर्व हर किसी के जीवन में नई शक्ति और नया विश्वास लेकर आता है। जय माता दी!

# हैदराबाद में दूसरे दिन ग्रीन इंडिया की जीत, बारिश से रुका दूसरा मुकाबला

### दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए होंगी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय टूनामेंटः अग्रवाल : जल्द होगी दिव्यांग हैप कप 2025 का आगाजः लोहिया

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

भिवानी -हैदराबाद। स्थानीय अंतरराष्ट्रीय राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम में डिसेबिलिटी एबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन हैदराबाद व हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) के सहयोग से चल रही तीन दिवसीय राजीव गांधी डिसेबिलिटी चैलेंजर सीरीज 2025 के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। सीरीज प्रवक्ता अशोक कुमार




भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दूसरे दिन पहला मैच ग्रीन इंडिया और यलो इंडिया के बीच हुआ। ग्रीन इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यलो इंडिया को 110 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में यलो इंडिया निर्धारित लक्ष्य को पार करने में नाकाम रही और ग्रीन इंडिया ने यह मुकाबला 4 विकेट से अपने नाम कर लिया। इस जीत में हरियाणा के खिलाड़ी अजय कुमार का अहम योगदान रहा। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 39 गेंदों में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 60 रन बनाए। उनके दमदार प्रदर्शन पर उन्हें मैंन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दिन का दूसरा मुकाबला रेड इंडिया और यलो इंडिया के बीच खेला गया। लेकिन मैच के दौरान मात्र चार ओवर ही हो पाए थे कि बारिश ने दस्तक दे दी और मुकाबले को रोकना पड़ा। आयोजकों के अनुसार अब कल सीरीज के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

इस अवसर पर डिसेबिलिटी एबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन हैदराबाद के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, आल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के चेयरमैन इरफान अजीज तेलंगाना और टसला अध्यक्ष बी. नंदा शांडिल्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए समय-समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आने वाले समय में हरियाणा, हैदराबाद, दिल्ली और चंडीगढ़ में हैप कप 2025 का आगाज किया जाएगा। उनका कहना था कि दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रतिभा कभी रुकनी नहीं चाहिए और उनके विकास में किसी तरह की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस अवसर पर सीरीज के संयोजकसुरेंद्रअग्रवाल, पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया, ललित कुमार मोदी, उपाध्यक्ष श्री निवास, उत्तर प्रदेश से हारून रशीद, ठाकुर रणधीर सिंह, एआईपीसी सचिव पवन कुमार, डॉ. एमएस अंसारी, अरुण कुमार गौड़, टूनामेंट हेड पवन ठाकुर, इंडिया टीम मैनेजर शुभम शर्मा, डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार सुनसुना, कोऑर्डिनेटर अविनाश शर्मा, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, कोच कृष्ण (सोनीपत), स्टेलर स्ट्रेटजी फाउंडर स्नेहा तास गाउकर और कॉमेंटेटर शोयब कुमार व युद्धवीर कुमार ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के टूनामेंट दिव्यांग खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# श्री राम जी ने भगवान शिव शंकर जी का धनुष तोड़कर सीता स्वंम्बर जीता

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,22 सितंबर :पिछले 100 वर्षों से जैतो में हर वर्ष बड़ी धूमधाम और भक्तिभाव से रामलीला का मंचन किया जाता है। श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब जैतो मंडी द्वारा करवाई जा रही रामलीला की तीसरी रात्री को सीता स्वंम्बर का मंचन किया गया, जिसे क्लब के कलाकारों द्वारा पूरी गरिमा और मेहनत से तैयार किया गया, जिसमें महाराज जनक ने अपनी पुत्री के विवाह के लिए एक स्वंम्बर रखा था, जिसमें कहा गया था कि जो कोई भी भगवान शिव का धनुष तोड़ेगा, उसका विवाह मेरी पुत्री सीता से होगा। फिर श्री राम चंद्र जी द्वारा धनुष तोड़ने का दृश्य और भगवान श्री राम और सीता जी की जय माला का दृश्य और परशुराम संवाद के अलावा रावण का प्रवेश इस लीला में




आकर्षण का केंद्र रहा। ऋषि विश्वामित्र जी की भूमिका राम अवतार वर्मा ने निभाई, भगवान श्री राम चंद्र जी की भूमिका अमन बांसल ने निभाई। लक्ष्मण की भूमिका अंकुर गर्ग ने निभाई, सीता जी की भूमिका भावित गोयल ने, परशुराम की भूमिका टोनी वर्मा ने और राजा जनक की भूमिका एडवोकेट दीपक गर्ग ने निभाई। संस्था के प्रेस सचिव संदीप लूंबा ने बताया कि इस लीला का शुभारंभ राज कुमार शर्मा व उनके परिवार ने गणेश जी व माता सरस्वती जी की आरती उतारकर किया। रामलीला की तैयारी लगभग एक माह पहले से शुरू हो जाती है। क्लब के निर्देशक व संगीत निर्देशक कलाकारों को तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। रामलीला मंच लोगों से अनुरोध करता है कि वे रामलीला देखने अवश्य आएं और भगवान राम चंद्र जी का आशीर्वाद लेकर अपना जीवन सफल बनाएं।

श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब जैतो के कलाकार लीला का मंचन करते हुए।

# एक नई रिपोर्ट में आवास निर्माण के मामले में टोरंटो को दिया असफल ग्रेड

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख**

नई दिल्ली 22 सितंबर :टोरंटो 2025 में अब तक अपने आवास लक्ष्यों से काफी पीछे चल रहा है और एक नई रिपोर्ट से पता चलता है कि यह अकेला नहीं हो सकता है, ग्रेटर गोल्डन हॉर्सशू क्षेत्र में 34 में से 22 नगर पालिकाओं को समग्र रूप से उद्योग के लिए "उदास" दृष्टिकोण के बीच असफल ग्रेड प्राप्त हुआ है। यह रिपोर्ट ओटावा विश्वविद्यालय के मिसिंग मिडल इनिशिएटिव के शोधकर्ताओं द्वारा तैयार की गई थी तथा ओंटारियो की आवासीय निर्माण परिषद द्वारा इसे तैयार किया गया था।इसमें 2025 के पहले छह महीनों में आवास निर्माण की शुरूआत की तुलना 2021 से शुरू होकर पिछले चार वर्षों की इसी अवधि से की गई। आरईएससीओएन के अध्यक्ष रिचर्ड लायल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि ये निष्कर्ष "चिंताजनक" हैं और "सरकार के तीनों स्तरों पर नीति निमार्ताओं के लिए खतरे की घंटी बजनी चाहिए।"कुल मिलाकर, अध्ययन किए गए 34 नगर पालिकाओं में आवास निर्माण में 40 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसमें कोंडो अपार्टमेंट्स में सबसे अधिक गिरावट आई (54 प्रतिशत की गिरावट)।टोरंटो शहर में तो हालात और भी खराब थे, जहां आवास निर्माण में 58 प्रतिशत की गिरावट आई थी।टोरंटो में कॉन्डो अपार्टमेंट की शुरूआत में 80 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है, जो पिछले चार वर्षों के पहले छह महीनों के दौरान औसतन लगभग 8,000 से घटकर 2025 में अब तक केवल 1,606 रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष की पहली छमाही में टोरंटो प्रांतीय सरकार द्वारा निर्धारित आवास लक्ष्य से लगभग 67 प्रतिशत पीछे था।इसका मतलब है कि लगभग 10,000 इकाइयों की कमी है ।

आर ईए ससी ओएन का कहना है कि निर्माण की धीमी गति का मतलब संभवतः शहर में 10,209 कम निर्माण नौकरियां हैं, जो कि सम्पूर्ण ग्रेटर गोल्डन हॉर्सशू क्षेत्र में अनुमानित 24,195 नौकरियों के व्यापक नुकसान का एक हिस्सा है। लायल ने विज्ञप्ति में कहा, "आवास परियोजनाएँ स्थगित कर दी गई हैं और उद्योग संकट में है। भविष्य निराशाजनक है, और हम गलत दिशा में बढ़ रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा, "हमें सरकारों से कर का बोझ कम करने और उद्योग को गति देने के लिए प्रक्रिया को आधुनिक बनाने हेतु ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। अगर हम जल्दी कार्रवाई नहीं करते हैं तो हमारी अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में पड़ जाएगी।"टोरंटो उन 22 नगर पालिकाओं में से एक था, जिन्हें शोधकर्ताओं द्वारा एफ ग्रेड दिया गया, जबकि अन्य पांच नगर पालिकाओं को डी ग्रेड दिया गया।अध्ययन किये गये 34 नगरपालिकाओं में से केवल सात को ही सी या उससे अधिक ग्रेड प्राप्त हुआ।मिल्टन और ब्रैंटफोर्ड एकमात्र नगरपालिकाएं थीं जिन्हें ए या उससे बेहतर ग्रेड प्राप्त हुआ।रिपोर्ट में कहा गया है कि किराये के अपार्टमेंटों का निर्माण (कुल मिलाकर आठ प्रतिशत की वृद्धि) "बेहतर स्थिति में" प्रतीत होता है, लेकिन उद्योग में कमजोरी "केवल कॉन्डो तक ही सीमित नहीं है", अन्य श्रेणियों में भी 42 प्रतिशत की कमी आई है।रिपोर्ट में शोधकताओं ने बताया है कि आवास निर्माण का कार्य एक "पिछड़ा हुआ संकेतक" है, क्योंकि कैनेडियन मॉर्गेज एंड हाउसिंग कॉरपोरेशन (सीएमएचसी) किसी परियोजना को तभी "शुरू" मानता है, जब भवन की नींव पूरी तरह से तैयार हो जाती है। शोधकताओं का कहना है कि नए घरों की बिक्री में मंदी के साथ इसका मतलब है कि "चीजें बेहतर होने से पहले और बदतर हो जाएंगी।"रिपोर्ट में कहा गया है, "हमारी 34 नगरपालिकाओं में, कॉन्डो अपार्टमेंट्स की निर्माण-पूर्व बिक्री में 89 प्रतिशत की गिरावट आई है और निर्माण-पूर्व जमीन-आधारित बिक्री में 70 प्रतिशत की गिरावट आई है।" "यह एक स्पष्ट संकेत है कि ओंटारियो की आवास स्थिति बेहतर होने से पहले और भी बदतर होगी, और यह बाजार की कमजोरी सिर्फ. कॉन्डो बाजार तक ही सीमित नहीं है।"ये आंकड़े इस महीने की शुरूआत में जारी की गई एक अन्य सीएमएचसी रिपोर्ट के बाद आए हैं, जिसमें कहा गया था कि टोरंटो वर्ष की पहली छमाही में आवासीय निर्माण के लिए "कमजोरी का केंद्र" था।उस रिपोर्ट में चेतावनी दी गई थी कि टोरंटो 30 वर्षों में अपने सबसे कम वार्षिक आवास निर्माण की ओर अग्रसर है।"संघीय और प्रांतीय दोनों सरकारों ने आवास निर्माण कार्य को दोगुना करने का संकल्प लिया है। दुर्भाग्य से, आवास निर्माण कार्य में गिरावट आ रही है, और नए घरों की बिक्री से पता चलता है कि निर्माण कार्य में और गिरावट आने वाली है। सरकार के तीनों आदेशों को आवास संकट को दूर करने के लिए कदम उठाने होंगे," अर्थशास्त्री और मिसिंग मिडल इनिशिएटिव के संस्थापक माइक मोफैट ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा।यहां पर एक नजर डालते हैं कि आवास के मामले में शोधकताओं ने ग्रेटर गोल्डन हॉर्सशू क्षेत्र की 34 नगर पालिकाओं को किस प्रकार वगीर्कृत किया: अजाक्स (आवास निर्माण में 100 प्रतिशत की गिरावट) एफ,ऑरोरा (40 प्रतिशत की गिरावट) एफ,ब्रैम्पटन (50 प्रतिशत नीचे) एफ,कैलेडन (44 प्रतिशत की गिरावट) एफ,ईस्ट ग्विलिम्बरी (100 प्रतिशत की गिरावट) एफ, जॉर्जिना (60 प्रतिशत की गिरावट) एफ,हैल्टन हिल्स (77 प्रतिशत की गिरावट) एफ,मार्खम (3 प्रतिशत नीचे) डी,मिल्टन (113 प्रतिशत ऊपर) ए,मिसिसॉगा (16 प्रतिशत की वृद्धि) डी,न्यू टेकुमसेथ (3 प्रतिशत नीचे) सी,न्यूमार्केट (98 प्रतिशत नीचे) एफ, ओकविले (39 प्रतिशत की गिरावट) एफ,पिकरिंग (11 प्रतिशत ऊपर) सी,रिचमंड हिल (77 प्रतिशत ऊपर) बी, टोरंटो (58 प्रतिशत की गिरावट) एफ,वॉन (95 प्रतिशत नीचे) एफ,व्हिटचर्च-स्टॉफविले (11 प्रतिशत की गिरावट) एफ,बैरी (65 प्रतिशत की गिरावट) एफ,इनिसफिल (91 प्रतिशत की गिरावट) एफ,ब्रैंटफोर्ड (272 प्रतिशत की वृद्धि)- अ+, गुएल्फ (90 प्रतिशत की गिरावट) ऋबर्लिंगटन (87 प्रतिशत की वृद्धि) बी,हैमिल्टन (65 प्रतिशत की गिरावट) एफ,कैम्ब्रिज (26 प्रतिशत की गिरावट) एफ, किचनर (16 प्रतिशत की गिरावट) डी,वाटरलू (75 प्रतिशत की गिरावट) एफ, क्लेरिंगटन (73 प्रतिशत की गिरावट) एफ,ओशावा (87 प्रतिशत की गिरावट) एफ, व्हिटबी (74 प्रतिशत की गिरावट) एफ,पीटरबरो (92 प्रतिशत की गिरावट) एफ, नियाग्रा फॉल्स (5 प्रतिशत नीचे) डी,सेंट कैथरीन्स (35 प्रतिशत ऊपर) सी,वेलैंड।

# देवभूमि हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी श्री दिव्यानंद गिरि जी महाराज का हुआ भव्य अभिनंदन

### श्री मोहन जगदीश्वर दिव्य आश्रम में श्री रामायण पाठ का कराया महाराज जी ने शुभारंभ

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

श्री मुक्तसर साहिब, 22 सितंबर देवभूमि हरिद्वार के अनंत श्री विभूषित 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री दिव्यानंद गिरि जी महाराज का सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे अबोहर रोड स्थित श्री मोहन जगदीश्वर दिव्य आश्रम में पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भव्य अभिनंदन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण कर एवं पुष्पवर्षा कर स्वामी जी महाराज का स्वागत किया। आश्रम प्रांगण सद्गुरु देव महाराज के जयकारों से गूंज उठा। महाराज जी ने नवरात्रों के उपलक्ष्य में आश्रम में रखे गए श्री रामायण पाठों का शुभारंभ करवाया। प्रवचनों



की अमृतवर्षा दौरान महाराज जी ने श्री रामायण पाठों के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि जिस स्थान या जिस घर में श्री रामायण का पाठ होता है वहां वीर हनुमान जी की कृपा बनी रहती है। ऐसी जगह पर कोई बुरी शक्तियां प्रवेश नहीं कर सकते। हनुमान जी की कृपा से श्री रामायण पाठ करने वाले साधक के हर कार्य बनते हैं। इस मौके राजकुमार चगती, मास्टर रेशम सिंह समेत बड़ी गिनती में श्रद्धालु उपस्थित थे जिन्होंने महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त कर जीवन सफल बनाया।

श्री मोहन जगदीश्वर दिव्य आश्रम में स्वामी श्री दिव्यानंद गिरि जी महाराज का अभिनंदन करते हुए श्रद्धालु।

# ब्यौहारी, बाणसागर में मैनेजमेंट से चल रहा है रेत का अवैध कारोबार

**दैनिक समाज जागरण शहडोल,**

शहडोल जिले के अंतर्गत व्यौहारी क्षेत्र में जिस तरह से रेत के अवैध उत्खनन का कारोबार चरम पर है उस पर तो अंकुश लगाने की बजाय मैनेजमेंट के दम पर रेत के दलालों को खुला छोड़ दिया गया है।

ब्यौहारी देत्र में जिस तरह से रेत का अवैध उत्खनन बढ़ता जा रहा है और नियमित रूप से लगभग 100 ट्रैक्टर रेत प्रतिदिन निकल रही है उस पर न तो खनिज विभाग किसी भी प्रकार का अंकुश लगा पा रही है और पुलिस भी नियंत्रण नहीं कर पा रही है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने तो अपना रेट भी फिक्स कर दिया है और कहा जा रहा है कि इन ट्रैक्टर के कारोबारियों से 15 हजार रुपये महीने लेने के बाद रेत के अवैध उत्खनन को हरी झंडी दी जाती है और ऐसा लगता है कि ब्यौहारी में एक बार फिर खूनी खेल को आमंत्रण दिया जा रहा है। इसमें बहुत कुछ जिम्मेदारी पुलिस और खनिज अमले की होगी। जिस तरह से अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग कारोबारी रेत का अवैध खनन कर रहे है उन सबको मैनेज करने का काम ब्यौहारी का कोई दादू का नाम चचाओं में है।इस दादू ने गोलू के साथ मिलकर रेत के इस कारोबार को अंजाम दिया है, ट्रैक्टरों से वसूली की जिम्मेदारी दादू के पास है जिसका पूरा पैसा वसूली कर उसके द्वारा दादू गोलू तक पहुंचाने का काम करता है।व्यौहारी में बराछ, रसपुर, तवसा, भमरहा, सौता में बनास नदी से रेत निकाली जा रही है जबकि नौडिया में समधिन नदी से रेत निकालने का अवैध कारोबार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार साखी के आसपास के नालों से भी रेत निकालने का क्रम निरंतर जारी है। बीविहा में बनास नदी से रेत निकल रही है जमोड़ी में समधिन से एवं छुटेहरा में सोन नदी से रेत निकालने का काम इन ट्रैक्टर संचालकों ने बेधड़क जारी रखा है।

**यहां हो रहा अवैध उत्खनन**

बराह, बरकछ, ठक्स, रसपुर, भमरहा के जो ट्रैक्टर हैं उनमें रेत चोरी का काम कुछ पटेलों द्वारा किया जा रहा है और वे ट्रैक्टर रात में बनसुकली मार्ग होकर बेधड़क रेत सप्लाई का काम करते हैं। वहीं नौदिया, सुटेहरा, जमोड़ी, सूखा नाला से रेत निकालने का कारोबार किया जा रहा है और नौडिया गेट से सूखा होते हुये पूरी रात ट्रैक्टरों की ममाचौकड़ी जारी रहती है। वहीं सीधी रोड पर कुछ बरगाहियों द्वारा खरया, साखी नाला से रेत निकालने का काम किया जा रहा है। कुल मिलाकर व्यौहारी में तीनों तरफ से रेत की चोरी का सिलसिला अनवरत जारी हैं।

**जनप्रतिनिधियों ने भी साथ ली चुप्पी...?**

जानकारों की अगर मानें तो वर्तमान में पदस्थ एसडीएम एवं नगर निरीक्षक को इस पूरे मामले को जानकारी दी गई है लेकिन आज तक इन ट्रैक्टरों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। हालांकि बर्तमान में पूरे जिले की पुलिस भगवान भरोसे संचालित हो रही है और जिस तरह से बेलगाम पुलिस अपने कार्यों अंजाम दे रही है उससे तो ऐसा लग रहा है कि जिले में बैठे राजनैतिक आकाओं ने मौन धारण कर लिया है। यूं तो व्यौहारी विधायक शरदकोल ने रेत के खिलाफ पूर्व में आंदोलन की बात कही थी और यो उसी दम पर चुनाव भी जीते थे। कहा जा रहा है कि भविष्य में मंत्रिमंडल का विस्तार होना है और इस विस्तार में शरदकोल का नाम भी चचाओं में है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ विधायक ने ही चुप्पी साध ली है बल्कि क्षेत्र के जनपद अध्यक्ष से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष भी इस अवैध कारोबार को लेकर मौन धारण किए हुए हैं। इस समय ब्यौहारी क्षेत्र रेत चोरी का केंद्र बन गया है। विगत कुछ माह पूर्व रेत के अवैध उत्खनन को लेकर नगर परिषद के अध्यक्ष राजन गुता ने भी विरोध किया था लेकिन यह विरोध थम सा गया । विगत दिनों प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बाणसागर में अवैध रेत से भरे ट्रक को पकड़ा, उसकी रायल्टी चेक की और पुलिस से कार्यवाही का आग्रह किया। लेकिन बाणसागर पुलिस ने क्या कार्यवाही की बाणसागर पुलिस ही बता सकती है। यह रेत रीवा जा रही थी और लगातार व्यौहारी क्षेत्र से रेत के ओव्हर लोड ट्रक तथा एक ही ट्रांजिस्ट पास पर 2-2, 3-3 बार की दुलाई कर हाईव के संचालक बेखौफ होकर यह काम कर रहे हैं।

**कबाड़ का कारोबार भी चरम पर**

गौरतलब है कि व्यौहारी में सिर्फ अवैध रूप से रेत का खनन भर नहीं हो रहा है बल्कि अवैध कबाड़ का कारोबार भी चरम पर है तथा ब्यौहारी के 2-3 कवाड़ी जिनका सिंडीकेट सीधे जबलपुर से जुडा हुआ है को पूरे क्षेत्र का कबाड़ जबलपुर भेजने का काम कर रहे है। ब्यौहारी में भोगिया रोड में भईया नामक , रीवा रोड खटखरिता तालाब के पास संतोषी माता मंदिर के पीछे राना एवं रीवा रोड टंकी तिराहे के आगे शरीफ कबाड़ी भी बेखौफ होकर कबाड़ का कारोबार कर रहे है। सूत्रों की मानें तो गाँजा और नशे की टेबलेटस का काम भी ब्यौहारी एवं बाणसागर क्षेत्र में बेधड़क चल रहा है। यहा हर चाय के टपरे एवं गली-गली गंजे के कारोबारी नजर आयेंगे। अगर अवैध कार्यों के कारोबार करने वालों को पुलिस कर्मियों को इसी तरह का संरक्षण मिलता रहा तो थोड़ी सी लालय के पीछे पूरे जिले में माफियाराज हावी होगा।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत नगर परिषद बकहो में कार्यक्रम संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**

अमलाई। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा स्वच्छता उत्सव की थीम पर नगर परिषद बकहो में श्रमदान गतिविधि शुभारम्भ किया गया। अनेक वार्ड में श्रमदान करते हुए सफाई अभियान किया गया। । नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती मौसमी केवट एवं उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह के द्वारा कचरा, घर से अलग-अलग गाड़ी में डालने के लिये प्रेरित किया गया। स्कूल के बच्चो को भी सूखा एवं गीला कचरा के लिए जागरूक किया गया। सिंगल प्लास्टिक यूज नहीं करने के लिये शपथ दिलाई गई।

**सफाई व्यवस्था एवं विद्युत व्यवस्था चुस्त दुरुस्त**

नगर परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की सक्रियता से पूरे नगर परिषद में साफ सफाई कराई जा रही है और दुर्गा पंडाल में बजरी की व्यवस्था भी कराई गई इसके साथ ही सभी पंडाल एवं हर एक वार्ड में विद्युत व्यवस्था चुस्त दुरुस्त की गई है। नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती मौसमी केवट एवं उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह ने कहा कि नगर परिषद हमेशा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती रही है कुछ लोगों द्वारा अनर्गल प्रचार प्रसार किया जा रहा है जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

# नवरात्रि पर उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह का विशेष संदेश - जनता ही मेरी ताकत है, माँ दुर्गा से हर परिवार की खुशहाली की कामना

**दैनिक समाज जागरण**

बकहो। नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर नगर परिषद बकहो के उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए ऐसा भावनात्मक संदेश दिया है, जिसने जनता के दिल को छू लिया है।

**वैभव विक्रम सिंह ने कहा–**

माँ जगत जननी से मेरी यही प्रार्थना है कि मेरी माताओं और बहनों की हर मनोकामना पूरी हो। मेरे नगर और मेरे क्षेत्र की जनता ही मेरी असली ताकत है। आप सब हमेशा स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें। माँ दुर्गा की



शक्ति आप सबको निरंतर आशीर्वाद देती रहे। मेरी जनता हमेशा मुस्कुराती रहे - यही मेरा संकल्प है।

**उन्होंने आगे कहा कि नवरात्रि**

सिर्फ. पूजा-पाठ का पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज में भक्ति, शक्ति और एकता का प्रतीक है।

हम सब अगर माँ दुर्गा की आराधना के साथ सेवा और सहयोग का संकल्प लें, तो हमारा नगर खुशहाल और समृद्ध बनेगा। मैं अपनी जनता का सेवक हूँ और जब तक साँस है, आप सबके सुख-दुख में साथ रहूँगा।

वैभव विक्रम सिंह का यह संदेश न केवल जनता को भावुक करता है बल्कि यह भी साबित करता है कि वे जनता के बीच रहकर जनता के सुख-दुख में खड़े रहने वाले जनप्रतिनिधि हैं।

# अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम का होगा आयोजन

**प्रबुद्धजन संवाद में मोदी जी के जीवन पर आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्म की जाएगी प्रदर्शित**

**जन संवाद कार्यक्रम में विकसित भारत के निर्माण विषय पर होगी चर्चा**

**दैनिक समाज जागरण**

शहडोल । मंगलवार को प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम का होगा आयोजन विकसित भारत के निर्माण विषय पर एवं भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शहडोल नगर के कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में दिनांक 23.9.2025 दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजे भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी की अध्यक्षता में प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री बृजेश गौतम जी भाजपा प्रदेश कार्य समिति विकसित भारत के निर्माण विषय पर प्रबुद्ध जनों को संबोधित करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी व मध्य प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष व विधायक माननीय श्री हेमंत खंडेलवाल जी व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा आयोजन किया गया भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर शहडोल जिले के प्रत्येक मंडलों में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन लगातार किए जा रहे हैं

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने बताया कि प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रकाशित की जाएगी। कार्यक्रम में सांसद ,विधायक, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सेवा पखवाड़ा की जिला एवं मंडल टोली, प्रबुद्धजन ,मोर्चा जिला अध्यक्ष, महामंत्री, एवं जिले में निवासरत प्रदेश एवं जिले के प्रकोष्ठ संयोजक, सहसंयोजक ,नगर पालिका अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष ,जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य गण, अधिवक्ता ,डॉक्टर ,अध्यापक पूर्व कर्मचारी व पत्रकार, समाजसेवी प्रबुद्ध जन सम्मेलन कार्यक्रम में होंगे शामिल।

# नवरात्रः कानपुर के मंदिरों में भक्तों का रेला

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां आज माता के नवरात्र के पहले दिन शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों के साथ ही छोटे मंदिरों में भी भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान दुर्गा मंदिरों में अमृत की बरसे बदरिया अम्बे मां की दुअरिया..

आदि भजन गुंजायमान होते रहे। गुरुवार का दिन होने के कारण जंगली देवी मंदिर, काली मठिया शास्त्री नगर, बारादेवी किदवई नगर, तपेरी देवी बिरहाना रोड, फूलमती मंदिर जनरलगंज, वैष्णो देवी मंदिर बर्रा, चंद्रिका देवी मंदिर, शीतला माता मंदिर चौक, दुर्गा मंदिर गोविंद नगर सहित शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में छात्र-छात्राओं की अच्छी-खासी संख्या देखी गयी। अपने माता-पिता व दोस्तों के साथ मां के द्वारे पहुंचे इन भक्तों ने मां से परीक्षा में पास होने की कामना की। इसी के साथ माता को प्रसाद, नारियल, फूल-मालाएं व चुनरी चढ़ाकर मुरादें मांगीं। वहीं मंदिरों में लगने वाले पारम्परिक मेले में खूब भीड़ दिखायी दी। महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। इस दौरान माता के दरबार में भजन-कीर्तन गूंजते रहे। जागरण का आयोजन हुआ। नवरात्र के तीसरे दिन भी मुंडन संस्कार हुए। मन्नतें पूरी होने पर बारादेवी मंदिर व काली मठिया मंदिर आदि मंदिर में भक्तगण नंगे पांव चलकर आये।

# ग्राम पंचायतों में आयुर्वेद के प्रति लोगो को करें जागरूक एवं घरेलू औषधीय पौधो के लाभ की दे जानकारी ,सीडिओ

**समाज जागरण**

विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा विकास भवन के सीडीओ कक्ष में दिनांक 23 सितम्बर को 10वें आयुर्वेद दिवस को सकुशल एवं हार्षोल्लास के साथ मनाये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी सुमन कुशवाहा ने बताया कि 10वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर कम्पनी गार्डेन एवं वृद्धाआश्रम में योग शिविर का आयोजन किया जायेगा, समस्त आयुष चिकित्सालयों द्वारा अपने चिकित्सालय के ग्रामों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, निःशुल्क औषधि वितरण एवं घरेलू नुस्खों द्वारा आयुर्वेद के प्रति जागरूक करना एवं योग शिविर का आयोजन किया जायेगा। सीडीओ ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में आयुर्वेद के प्रति लोगो को जागरूक करने एवं घरेलू औषधीय पौधो से होने वाले लाभ की जानकारी जन-जन तक पहुँचने हेतु अपने कर्मचारियों के माध्यम से संगोष्ठी का आयोजन करायें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि वार्डो में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता हेतु रन फॉर आयुवेर्दा का आयोजन एवं शहीद उद्यान प्रतापगढ़ में योग शिविर का आयोजन करायें। जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे मोटे अनाज के माध्यम से होने वाले फायदें का ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार



एवं प्रसार करायेगे। प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया गया कि आयुर्वेद दिवस के अवसर पर औषधीय पौधो (कांचनार, सतावरी, मुसली, अष्वगंधा, सहजन, अमलतास आदि) का रोपण वृहद स्तर पर करायें। जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वो आयुर्वेद के अवसर पर औषधीय फल दार पौधे (आंवला, वेल, नीम, गूलर आदि) का रोपण करायें। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आयुर्वेद दिवस के अवसर पर वे विद्यालयों में छात्रों को आयुर्वेद से होने वाले लाभों की जानकारी प्रदान करवाते हुए आयुर्वेद विषय पर भाषण प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाये। बैठक के अन्त में सीडीओ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10वें आयुर्वेद दिवस 23 सितम्बर 2025 को पूर्ण हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाये जाने के सम्बन्ध में अपना बहुमूल्य योगदान देते हुए कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करने एवं तत्सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों एवं जनसहभागिता का विवरण एवं फोटों ayurvedaday.org.in पर अपलोड करें। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सुमन कुशवाहा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवरात्रि के शुभ दिन पर अपने नए चेम्बर का उद्घाटन कर नए चेम्बर में प्रवेश किया।

**विवेक कुमार संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ। मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवक्ता ज्ञान चंद्र ने नवरात्रि के शुभ दिन पर अपने नए नए चेम्बर का उद्घाटन कर नए चेम्बर में प्रवेश किया। इस दौरान अधिवक्ता के नए चेम्बर उद्घाटन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन मोहनलालगंज के अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला व महामंत्री रामलखन यादव अधिवक्ता, व पूर्व संयुक्त मंत्री सुशील रावत द्वारा नए चेम्बर का फीता काटकर उद्घाटन किया। नए चेम्बर उद्घाटन के दौरान पूजा पाठ कर हवन किया गया। सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। अपने अधिवक्ता को सभी ने नए चेम्बर की बधाई शुभकामनायें दी। अधिवक्ता के नए चेम्बर उद्घाटन कार्यक्रम में आदर्श श्रीवास्तव एडवोकेट, अंकित





रावत, एडवोकेट मुकेश व रवि शंकर रावत एडवोकेट नरेंद्र रावत एडवोकेट,प्रेमचंद वर्मा अधिवक्ता प्रदीप रावत, सुधीर रावत, पत्रकार विवेक कुमार, छत्रपाल प्रधान प्रत्याशी, सतीश, आर.डी. रावत अधिवक्ता सर्वेश रावत, सतनू रावत एडवोकेट प्रेम चंद्र वर्मा,रवि शंकर रावत एडवोकेट नरेंद्र एडवोकेट मुकेश एडवोकेट राम जी पत्रकार समेत कई सम्मानित अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए एक विशेष गोष्ठी आयोजित की गई।

**विवेक कुमार संवाददाता**
**समाज जागरण**

लखनऊ। सोमवार के दिन मोहनलालगंज स्थित एक

स्कूल में सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज रजनीश वर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए एक विशेष गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साइबर जागरूकता को लेकर बच्चों को इंटरनेट का सुरक्षित प्रयोग करने, अपनी निजी जानकारी मोबाइल नंबर, पासवर्ड, बैंक डिटेल्स आदि साझा न करने तथा अजनबियों से सोशल मीडिया पर बातचीत करने से बचने की सलाह दी गई। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया गया कि साइबर अपराधी किस प्रकार फर्जी लिंक, ई-मेल अथवा मैसेज के माध्यम से धोखाधड़ी करते हैं



इसलिए इन सभी चीजों से सतर्क रहने के लिए और इनसे बचाव के उपाय भी विस्तार पूर्वक समझाए गए। वही ऑनलाइन गेमिंग एवं उससे जुड़े फ्रॉड को लेकर सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने छात्रों को सचेत किया कि आजकल ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से बच्चों को लत लगाने के साथ-साथ आर्थिक ठगी का भी खतरा बढ़ गया है। एसीपी ने यह जानकारी बच्चों को देते हुए समझाया कि गेमिंग एप्स के जरिए कई बार बच्चों से पैसे वसूले जाते हैं अथवा उनकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र कर दुरुपयोग किया जाता है, इसलिए बच्चों को सलाह दी गई कि वे अभिभावकों की देखरेख में ही ऐसे खेल खेलें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत परिवार अथवा पुलिस को तुरंत दें ताकि समय रहते उचित कार्यवाही की जा सके। इसके आलावा महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने मिशन शक्ति अभियान की जानकारी दी। एसीपी ने जानकारी देते हुए यह बताया कि यह अभियान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा, व सशक्तिकरण और सम्मान के उद्देश्य से संचालित है, इस अभियान के माध्यम से करोड़ों लोगों तक सरकारी योजनाओं व सुरक्षा उपायों की जानकारी पहुँचाई गई है। इस कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। उन्हें आत्मविश्वासी बनने, शिक्षा के महत्व को समझने और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या शोषण की स्थिति में पुलिस से तुरंत संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही 1090 वीमेन पावर लाइन और अन्य सुरक्षा उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम समापन पर सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने छात्रों से अपील की कि वे जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनें, साइबर अपराधों से सतर्क रहें तथा समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाएँ और ऑनलाइन गेमिंग को लेकर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। इस दौरान स्कूल का समस्त स्टॉफ व कस्बा इंचार्ज दरोगा अतुल सिंह समेत कई महिला व पुरुष पुलिसकर्मी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया गया।

**विवेक कुमार संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ। सोमवार को ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना मोहनलालगंज पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस आयुक्त लखनऊ अमरेन्द्र सिंह सेंगर के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल व अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी रल्लापल्ली बसंथ कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज रजनीश वर्मा द्वारा भारी संख्या में पुलिस बल साथ लेकर थाना मोहनलालगंज क्षेत्र में अपराध नियंत्रण हेतु ऑपरेशन प्रहार अभियान चलाया गया। ऑपरेशन प्रहार अभियान के अंतर्गत दिनांक 15 सितंबर 25 को पुलिसकर्मियों की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम गौरा में व्यापक तलाशी एवं सघन पूछताछ अभियान चलाया गया। जिनमें कुल 06 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया था, जिनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गयी थी। इसी दौरान एक बुलेट मोटरसाइकिल भी सीज की गई। अभियान के दौरान हिस्ट्रीशीटरों व जेल से छूटे



अपराधियों व जिला बदर व्यक्तियों का सत्यापन किया गया था। थाना क्षेत्र मोहनलालगंज में सोमवार 22 अगस्त को ग्राम मऊ में मोहनलालगंज पुलिस व पीएसी बल द्वारा ऑपरेशन प्रहार चलाया गया। ग्राम मऊ मिक्स आबादी क्षेत्र है, जहां पुलिस व पीएसी बलों द्वारा ड्रोन से निगरानी की गई तथा आम जनता, महिलाओं एवं बच्चों से संवाद/वातार्लाप कर कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर विश्वास निर्माण किया गया। इस दौरान शराब की दुकानों व अन्य असामाजिक गतिविधियों की गहन चेकिंग की गई इसके आलावा हिस्ट्रीशीटरों व जेल से छूटे अपराधियों व जिला बदर व्यक्तियों का सत्यापन किया गया था। सहायकपुलिसआयुक्त मोहनलालगंज रजनीश वर्मा द्वारा बताया गया कि थाना मोहनलालगंज पुलिस समाज की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत प्रयासरत है। "ऑपरेशन प्रहार" जैसे अभियानों के माध्यम से अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ-साथ जनता में विश्वास निर्माण करना पुलिस की प्राथमिकता है। यह अभियान पुलिस आयुक्त लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह अभियान अपराध मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और आगे भी सतत रूप से ऐसे ही जारी रहेगा।

# निगोहां मंडल में दिवाकर दुर्गेश सिंह बने भाजपा के मीडिया प्रभारी!

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ, निगोहां भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा मीडिया प्रबंधन को धार देने के उद्देश्य से मंडल स्तर पर नई जिम्मेदारियों का गठन किया है। इसी क्रम में निगोहां मंडल का मीडिया प्रभारी दिवाकर दुर्गेश सिंह उर्फ शिवम को नियुक्त किया गया है।सोमवार को निगोहां स्थित भाजपा कार्यालय पर एक सादे समारोह में मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने नव नियुक्त मीडिया प्रभारी का फूल-मालाओं से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने भी जोरदार उत्साह और समर्थन जताया।कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं में सज्जन सिंह, सचिन, जैद खान, उस्मान समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने दिवाकर दुर्गेश सिंह को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन के



प्रति निष्ठा और सक्रियता बनाए रखने की अपेक्षा जताई।मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने बताया कि भाजपा संगठन द्वारा हाल ही में मंडल स्तर पर कई अहम जिम्मेदारियों का गठन किया गया है। जिसमें निगोहां मंडल से दिवाकर दुर्गेश सिंह को मीडिया प्रभारी, अमित तिवारी को मंडल आईटी संयोजक तथा अविनव सिंह को मंडल सोशल मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।उन्होंने कहा कि संगठनात्मक विस्तार का उद्देश्य पार्टी के कार्यों, योजनाओं और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। मीडिया, आईटी और सोशल मीडिया प्रभारी के माध्यम से पार्टी की गतिविधियों को और अधिक सशक्त रूप से लोगों तक पहुंचाया जाएगा।दिवाकर दुर्गेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा पार्टी की रीति-नीति और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# प्रेम प्रसंग में मामा ने ली भांजे की जान ने दो मासूम बच्चों को किया बेसहारा!

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ।नगराम थाना क्षेत्र के छतौनी गांव में हुए सनसनीखेज रामफेर हत्याकांड का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया। रिश्तों को शर्मसार करने वाली इस वारदात ने पूरे इलाके में चर्चा का माहौल बना दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक का सगा मामा ही उसका कातिल निकला। हत्या की वजह भांजे की पत्नी से मामा के अवैध संबंध थे।जानकारी के मुताबिक बीते 18 सितंबर को गांव में भजन-कीर्तन का आयोजन था। इसी दौरान मौका पाकर मृतक का मामा बसंतलाल निवासी रायबरेली अपने साथी केतार बेडिया निवासी करदहा गांव के साथ मिलकर हत्या की साजिश रच बैठा।बसंतलाल अकसर अपनी दीदी के घर आता-जाता था, इसी दौरान उसकी नजर भांजे की पत्नी मीरा पर पड़ी और दोनों में नजदीकियां बढ़ गईं। इधर, रामफेर शराब का आदी था और नशे में आए दिन पत्नी से मारपीट करता था। इसी से तंग आकर मीरा और मामा ने रामफेर को रास्ते से हटाने की योजना बनाई।घटना वाली शाम रामफेर को फोन कर इंदिरा नहर किनारे बुलाया गया। वहां पहले उसे शराब पिलाई गई और नशे में धुत होने के बाद गमछे से गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया गया। इसके बाद शव को पास ही नाले में डाल दिया ताकि यह दुर्घटना लगे।वही हत्या के बाद मीरा ने पुलिस को गुमराह करने के लिए पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए गांव के विपक्षियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने मोबाइल सीडीआर, तकनीकी जांच और लगातार पूछताछ के आधार पर पूरा सच उजागर कर दिया। हत्या में प्रयुक्त गमछा आरोपियों से बरामद किया गया है।एसीपी मोहलालगंज रजनीश वर्मा के नेतृत्व में और नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी की अगुवाई में कई टीमों ने लगातार सुराग खंगाले।अंततः मामा बसंतलाल और उसके साथी को गिरफ्तार कर



न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।यह हत्या सिर्फ एक इंसान की जान लेने तक सीमित नहीं रही, बल्कि रिश्तों और इंसानियत दोनों को कलंकित कर गई। गांव और आसपास के इलाके में लोग चर्चा कर रहे हैं कि मोहब्बत के जुनून ने एक मामा को कातिल बना दिया और मासूम बच्चों को बेसहारा कर दिया। गरीब बच्चों की मदद को आगे आए कपड़ा व्यवसायीऔर समाजसेवी सुभाष गुप्ता! गरीब बच्चों की मदद को आगे आए कपड़ा व्यवसायी सुभाष गुप्ता छतौनी गांव निवासी समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने मृतक रामफेर के दोनों बच्चों की मदद का संकल्प लिया है। उन्होंने घोषणा की है कि मृतक के 10 वर्षीय बेटे प्रिंस और 13 वर्षीय बेटी प्रियंका को वह 20 वर्ष की आयु तक निःशुल्क कपड़े उपलब्ध कराएंगे। सुभाष गुप्ता ने कहा कि चूंकि बच्चों की मां मीरा भी हत्या में शामिल पाई गई और जेल भेजी जा चुकी है, ऐसे में बच्चे पूरी तरह बेसहारा हो गए हैं। बच्चों के खाने-पीने और देखरेख की जिम्मेदारी मृतक के भाई संभालेंगे, जबकि वह अपनी ओर से दोनों बच्चों को कपड़ों की कमी नहीं होने देंगे।गांव में कपड़े की दुकान चलाने वाले सुभाष गुप्ता ने एसओ विवेक चौधरी से मुलाकात कर मर्डर केस का सफल खुलासा करने पर पुलिस टीम की सराहना की और एसीपी रजनीश वर्मा को बधाई भी दी।

## घर के अन्दर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र के तेंदूई (दयापुर) गांव में रविवार को देर शाम एक युवक ने फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी वही परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जाता है कि उपरोक्त गांव निवासी रविंद्र कुमार पटेल उम्र 26 वर्ष पुत्र स्वर्गीय कैलाश पटेल रविवार को देर शाम अपने कमरे में छत के कुंडी से रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया परिजनों ने लंबे समय तक कमरा बंद होने पर खटखटाया और अंदर से दरवाजा नहीं खुला तो दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे परिजनों ने देखा कि रविंद्र पटेल छत के कुंडी के सहारे रस्सी से लटका हुआ था। तुरंत उसे उतार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाथी बाजार ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने विधि कार्रवाई कर घटना की सूचना पत्नी शिवकुमारी देवी मायके में रह रही पत्नी को फिलहाल अभी तक घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतक के मां और पिता की मौत वर्षों पहले हो चुकी है। मृतक को 2 महीने पहले एक पुत्र पैदा हुआ है।मृतक का बड़ा भाई था पहले ही घर छोड़कर कहीं चला गया है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी है। इस मामले में थाना अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अभी तक घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधि कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## रामनगर के विधुत विभाग के द्वारा आवश्यक सूचना दुर्गा पूजा पंडाल के लिए

**समाज जागरण आनन्द पाठक**

रामनगर वाराणसी !! दुर्गा पूजा पंडाल रामनगर में जिन स्थलों पर लगाए जा रहे हैं पूजा पंडाल के आयोजक जेई विद्युत विभाग रामनगर को सूचित करके विद्युत विभाग की पर्ची आवश्य कटवा ले !

यह पर्ची किसी द्वेष ,स्वार्थ , लालच भ्रम या पूजा में विघ्न डालने के उद्देश्य से नहीं काटा जा रहा है

यह पर्ची माँ जगतजननी ना करे यही कोई विद्युत दुर्घटना होती है तो उसमे विभागीय सहयोग और सहायता के लिए काटी जा रही है !

## दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर हुई बैठक

**समाज जागरण**

समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता बाबतपुर, वाराणसी। फूलपुर थाना परिसर में सोमवार को दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर शांति समिति व दुर्गा पूजा पूजा समिति की बैठक इंस्पेक्टर फूलपुर प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इंस्पेक्टर फूलपुर ने कहाकि पूरे थाना क्षेत्र में 63 पूजा समितियों कार्यरत है। समितियों से सुझाव मांगने पर मंगारी पप्पू सिंह ने कहा रोड पर गार्डर गड़ने के वजह मूर्ति मूर्तिस्थल पर जा नहीं पाएगी। जिसपर इंस्पेक्टर ने डीसीपी से बात करके रास्ता निकालने की बात कही। बैठक में अन्य समितियों से भी कोई परेशानी नहीं उठी। बैठक में प्रमुख रूप से फूलपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल सपालू, मुन्ना चौरसिया,जे पी पटेल, अमन जायसवाल, किशन सेठ ,अरविंद वर्मा. बंगा गुप्ता, सौरभ मिश्रा समेत सभी चौकी इंचार्ज व दारोगा रहे।

## युवक का कीमती मोबाइल छीनकर भागे उचक्के

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र के सारंगपुर निवासी आरिफ खान पुत्र मंसूर खान को बाइक सवार ने आतंकित कर कीमती मोबाइल छीनकर भाग निकले। बताया जाता है कि सोमवार को दोपहर जलालपुर स्थित एक पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाकर वापस अपने घर सारंगपुर वापस जा रहा था। वह जैसे ही पंप के 200 मीटर दूर पहुंचा ही था कि एक बाइक पर बैठे दो युवकों ने आरिफ का मोबाइल छीन कर फरार हो गये।मंसूर नेअपने बाइक से कुछ दूर तक पीछा किया पर सफलता नहीं मिला। पीड़ित तत्काल इसकी सूचना जंसा थाने सहित आनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन

**समाज जागरण**

सहावर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 22 सितंबर 2025 को सुबह 10:00 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन फीता काटकर सहावर ब्लाक



प्रमुख कृष्णा राजपूत ने किया कार्यक्रम संयोजक अभिषेक तोमर मंडल प्रभारी ज्ञान प्रकाश गुप्ता मंडल अध्यक्ष हरिवन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया कार्यक्रम मैं स्वस्थ अधीक्षक डॉक्टर मसकूर आलम ले भाजपा पदाधिकारी को अतिथि को पट का फूल माला पहनकर सम्मानित किया इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनकर राव चतुर्वेदी मनोज लोधी संजीव राजपूत शिव कुमार अशोक जी डॉक्टर पवन साहू डॉक्टर भूदेव राजपूत यश शर्मा नारायण पाराशर कीर्ति भारद्वाज सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे

## भैंसों से भरा डीसीएम पलटा, तीन भैंस व तीन भैंस के बच्चे की मौत

**समाज जागरण**

सहावर। थाना क्षेत्र के गंजडुंडवारा मार्ग स्थित गांव कनोई के निकट सड़क के समीप भैंसों से भरा एक 19 फूटी डीसीएम पलट गया। उसमें 3 भैंस व भैंस के 3 बच्चे की मौत हो गई। वहीं अन्य भैंसों को भी चोट आयी है। जानकारी के अनुसार अनस पुत्र सलीम निवासी सुजावलपुर थाना



गंजडुंडवारा ब डीसीएम चालक विकास के साथ ढोलना से 6 भैंसे ब 3 भैंसों के बच्चे खरीदकर सुजावलपुर थाना गंजडुंडवारा आ रहे थे। उसी दौरान क्षेत्र के गंजडुंडवारा रोड स्थित गांव कनोई के निकट एक टेंपो को बचने को लेकर डीसीएम अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। उसमें दब जाने से तीन भैंस व तीन बच्चे की मौत हो गई। जबकि 3 अन्य भैंसों को भी चोटें आई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चमन कुमार गोस्वामी मौके पर पहुंच ओर जेसीबी की मदद से डीसीएम को बाहर निकला। वहीं मरे मवेशियों को गड्ढे में दफनाकर जीवित मवेशियों को ग्रामीणों की देखरेख में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस मवेशियों व वाहनों के कागजात आदि की जांच-पड़ताल कर रही

## दशहरा और दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। आपसी सौहार्द व प्रेम से ही समाज का विकास सम्भव है।जनता द्वारा पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने पर अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इस धार्मिक पर्व पर अगर कोई शरारती व अराजकतत्व अप्रिय वारदात करता है या षड्यंत्र करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।



उक्त बातें जन्सा थाना परिसर में सोमवार को आयोजित शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक में एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्र के विभिन्न व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं पुलिस मित्र थाने के पुलिस कर्मियों के बीच कही। उन्होंने लोगों सेअनुरोध किया कि क्षेत्र में कही भी कोई लावारिस वस्तु मिलने किसी अवांछनीय तत्वों के द्वारा कोई गलत कार्य करने व किसी के गलत कार्य से समाज व दशहरा दुर्गा पूजा त्यौहार पर असर पड़े तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। एसओ अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि जो भी व्यक्ति समाज में वैभनस्य पैदा करने का प्रयास करेगा उससे खिलाफ पुलिस सख्त कार्यवाही करेगी।बैठक में व्यापार मंडल के पदाधिकारी ग्राम प्रधान सहित क्षेत्र गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खाद्य प्रसंस्करण योजना से युवा बनेंगे आत्म निर्भर

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी। पिंडरा : आज का युवा महिला पुरुष आत्मनिर्भर होने के लिए खाद्य प्रसंस्करण योजना से प्रशिक्षित होकर स्वयं रोजगार स्थापित कर लाभ प्राप्त कर सकता है।

गरखड़ा ग्राम में दो दिवसीय मुख्यमन्त्री ग्राम स्वरोजगार खाद्य प्रसंस्करण योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के पश्चात अपने सम्बोधन में प्रधानाचार्य डॉ॰ कलाधर दुबे ने बोल रहे थे ।

इस अवसर पर अजय कुमार कन्नौजिया सलाहकार उद्योग विभाग वाराणसी ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा उद्यमियों को कितना अनुदान मिलेगा। रत्नेश चन्द्र अग्रवाल प्रभारी राजकीय फल संरक्षण केन्द्र बी० एच॰ यू॰ वाराणसी ने उद्योग बेकरी,तेल,आटा,अचार पापड़ मिठाई सॉस इत्यादि उद्योग स्थापित करने की जानकारी दी।

खाद्य प्रसंस्करण उद्यमी ने किसानों की आय दुगनी करने की में खाद्य प्रसंस्करण की भूमिका व डीआरपी विक्की जायसवाल खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापना प्रोजेक्ट और आन लाइन जमा करने की जानकारी दी । सुपरवाइजर अरुण सिंह ने खाद्य पदार्थ के उत्पाद बनाने पर विभाग के इस योजना के साथ अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। फल सब्जी के उत्पादन एव उनके नष्ट होने से बचाने की खाद्य प्रसंस्करण की उपयोगिता की जानकारी दी। इस दौरान 30 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला खाद्य प्रसंस्करण प्रभारी रत्नेश चन्द्र अग्रवाल ने किया।

## एसडीएम के निर्देश पर जांच टीम ने पकड़ा अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल**

पिंडरा विकास खण्ड के सिंधोरा में चल रहे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर व जांच घर पर नायब तहसीलदार मनोज सिंह ने चिकित्सक संग छापेमारी की। लेकिन टीम को देखते ही तथाकथित चिकित्सक भाग निकला।

बताते हैं कि एक ग्रामीण की शिकायत पर एसडीएम पिंडरा के निर्देश पर नायब तहसीलदार मनोज सिंह , वरिष्ठ चिकित्सक डॉ संजय सिंह व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी गुलशन कुमार मयफोर्स सिंधोरा स्थित माँ अम्बे डायग्नोस्टिक सेंटर पहुचे। लेकिन जांच टीम को देखते हुए सेंटर के सभी कर्मचारी डॉक्टर समेत भाग निकले। टीम ने अवैध तरीके से किये जा रहे अल्ट्रासाउंड की फिल्म के साथ अन्य सामग्री बरामद किया। नायब तहसीलदार ने बताया कि लिंग परीक्षण के जांच की शिकायत ग्रामीण द्वारा की गई थी। जांच के दौरान कोई नही मिला। आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है। वही अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापामारी से अवैध ढंग से चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर व पैथालॉजी सेंटर संचालकों में हड़कंप मच गया और अपने शटर गिरा दिये।

## एमपैक्स सदस्य बनने का अवसर कोई किसान न चूके : अवधेश सिंह

### कोन विकासखंड मे अभियान चलाकर नये सदस्य बनाए गए

**समाज जागरण**

वाराणसी। सहकारी समितियो के नये सदस्य बनाने के लिए सदस्यता महाअभियान के अंतर्गत सोमवार को कचनरवा,और कोन लैम्पस मे एडीसीओ राबर्टसगंज/ ओबरा अवधेश कुमार सिंह तथा लैम्पस सचिवो द्वारा चार दर्जन से अधिक नये सदस्य बनाए गए।



परसोई समिति मे पूर्व जिला पंचायत सदस्य कैलाश सिंह के सहयोग से 20 नये सदस्य बनाए गए।

सोमवार को सचिवगण उदयवीर, रामकृत और वासुदेव यादव ने एडीसीओ राबर्टसगंज के साथ दिन भर क्षेत्र भ्रमण करके लोगो को सदस्यता के नियमो और फायदो के संबंध मे जागरूक किया।

एडीसीओ अवधेश सिंह ने कहा कि किसानो का एमपैक्स सदस्य बनना जितना उनकी प्रगति के लिए आवश्यक है उतना ही यह एमपैक्स के सशक्तिकरण के लिए भी आवश्यक है।किसान और सहकारी समिति एक साथ इस देश की आर्थिक प्रगति का ध्वज थामेंगे।

आज जनपद मे एडीसीओ घोरावल डाक्टर सुरेश तथा एडीसीओ दुद्धी अजय कुमार व अन्य अधिकारियो के साथ सौरभ सिंह, संतोष पटेल, प्रदीप सिंह, अमित सिंह , आशुतोष सिंह, नितिन पटेल, आजाद हिन्द, शैलेन्द्र त्रिपाठी, हेमनाथ यादव,रामअनंत , राहुल सिंह, शिवपूजन,वकालत हुसैन इत्यादि सचिवो ने दिनभर भ्रमण करके किसानो से मुलाकात की और नये सदस्य बनाए।

सहायक आयुक्त एवं सहायकनिबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सदस्यता महाअभियान मे अब मात्र तीन सप्ताह का समय शेष है इसलिए सभी कार्मिक मनोयोग से किसानो के हित

## ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**समाज जागरण**

कासगंज केपटियाली। कस्बा स्थित सावित्री हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद प्रसूता की तबियत बिगड़ गई, अगले दिन उसकी मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के ग्राम नकारा निवासी 20 वर्षीय करीना पत्नी योगेश कुमार को बीती रविवार की दोपहर प्रसव पीड़ा हुई, स्वजन उसे पटियाली कस्बा स्थित सावित्री हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, नॉर्मल डिलीवरी न होने पर ऑपरेशन से महिला ने एक बेटे को जन्म दिया। रात्रि के समय प्रसूता की तबियत बिगड़ गई, सोमवार की सुबह पांच बजे उसकी मृत्यु हो गई। जब की बच्चा सुरक्षित है। महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा काटा और



हॉस्पिटल के स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। घटना की सूचना पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। स्वास्थ्य विभाग की टीम से नोडल अधिकारी डॉ उत्कर्ष यादव, पटियाली सीएचसी प्रभारी डॉ शिवाश्री तिवारी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम से धर्मेंद्र कुमार ने तहसीलदार की उपस्थिति में अस्पताल को सील किया। नोडल अधिकारी डॉक्टर उत्कर्ष यादव ने बताया कि सावित्री हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन है, सोमवार की सुबह एक प्रसूता की मौत हो गई है, जांच के वक्त कोई डॉक्टर उपस्थित नहीं मिला। हॉस्पिटल को सील कर दिया गया है, अग्रिम कार्रवाई जारी है। फिलहाल घटना से संबंधित अभी थाने में कोई तहरीर नहीं पहुंची है।

## डीएम व एसपी ने वन स्टॉप सेंटर कासगंज का आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गई

**समाज जागरण**

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा वन स्टॉप सेन्टर कासगंज आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय जिला प्रोबेशन अधिकारी पल्लबी सिंह व सेन्टर मैनेजर प्रियंका यादव व अन्य सभी स्टॉप उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय एक पीड़िता थाना सहावर के आवासित पायी गये, मौके पर पीडिता खाना खाते पायी गयी, खाने में पीड़िता को हरा प्याज की सब्जी, मिक्स दाल, चावल, सलाद पाया गया, खाने की गुणवत्ता सही पायी गयी तथा वन स्टॉप सेन्टर में साफ-सफाई सन्तोषजनक पायी गयी। वन स्टॉप सेन्टर पर कुल 12 सी0सी0टी0वी0 कैमरे संचालित हैं, यथा-01 सेन्टर मैनेजर कक्ष, 01 केसवर्कर कक्ष, 01 स्टाफ नर्स कक्ष, 02 कम्प्यूटर कक्ष, 03 गैलरी में एवं 04 कैमरे बाहरी तरफ संचालित हैं।



निरीक्षण के समय विजय लक्ष्मी, महिला आरक्षी की ड्यूटी दोपहर: 02:00 से सांय 08:00 बजे, तक उपस्थिति पायी गयीं। कोई भी प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में नहीं पाया गया, वन स्टॉप सेन्टर कासगंज महिला कल्याण विभाग (जिला प्रोबेशन कार्यालय) द्वारा नियमानुसार संचालित किया जा रहा है। वन स्टॉप सेन्टर कासगंज का भवन भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार नियमानुसार संचालित पाया गया।

## शार्टसर्किट से दुकान में लगी आग,लाखों का माल जलकर राख

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। क्षेत्र के वाराणसी-गाजीपुर मार्ग पर रुस्तमपुर में बीते रविवार की रात्रि में शार्टसर्किट से सौन्दर्य प्रसाधन व जूते की दुकान में आग लगने से लाखों का माल जलकर राख हो गया।भुक्तभोगी ने चौबेपुर थाने में तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रुस्तमपुर निवासी रीता देवी पत्नी पुनवासी पटेल की सौन्दर्य प्रसाधन,गिफ्ट और जूते की दुकान गांव में सामने वाराणसी-गाजीपुर मार्ग पर है।रविवार को रोज की भांति रात 10 बजे रीता देवी दुकान बंद कर घर चली गयी। 10.30 बजे रात्रि में



**हरहुआ। वाराणसी गाजीपुर मार्ग पर रुस्तमपुर गांव में स्थित दुकान में शार्ट सर्किट से लगी आग से जला सामान।**

शार्टसर्किट से दुकान में आग लग गयी।जब तक घर से आये तब तक दुकान में रखा लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया।इस बाबत चौकी प्रभारी चिरईगांव का कहना है कि शार्टसर्किट से आग लगने की तहरीर मिली है।जांचकर कार्यवाही की जायेगी।

## रामनगर के रामपुर वार्ड में रंगे हाँथ चोरी करते हुए पकड़ा गया युवक

**समाज जागरण आनन्द पाठक**

रामनगर वाराणसी रामनगर थाना क्षेत्र के रामपुर वार्ड में सोमवार की भोर अचानक हड़कंप मच गया, जब एक युवक चोरी करते हुए स्थानीय लोगों के हत्थे चढ़ गया। पकड़े गए युवक की पहचान सन्नी दास के रूप में हुई है, जो अपनी बहन के साथ रामपुर वार्ड में किराए पर रहता है। उसका परिवार पंजाब में रहता है। उसकी बहन इस समय रामनगर में ही रहकर ब्यूटी पार्लर का काम सीख रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना लगभग तीन बजे भोर की है। सन्नी दास ने तड़के वार्ड के कई घरों में घुसकर चोरी की कोशिश की। इस दौरान उसने बेचन सोनकर और मेहंदी सोनकर के घर से मोबाइल फोन चोरी किए। यही नहीं, वह मेहंदी सोनकर के घर से लगभग पाँच हजार रुपये नकद भी उठा ले गया, जिन्हें मोहल्लेवासियों ने मौके पर ही बरामद कर लिया।

स्थानीय लोगों ने शोर मचाकर युवक को पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली। उसके पास से चोरी के मोबाइल और नकदी मिलने के बाद लोगों ने तुरंत 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने युवक को भीड़ से अपने कब्जे में लिया और थाने ले जाकर पूछताछ शुरू की।

थाने में मौजूद लोगों के अनुसार, पूछताछ के दौरान सन्नी दास की बहन भी पहुंची। उसने मोहल्लेवालों और पीड़ित परिवार से हाथ जोड़कर माफी मांगी और भरोसा दिलाया कि उसका भाई आगे इस तरह की हरकत नहीं करेगा। बहन ने यह भी बताया कि वह यहां केवल पार्लर का काम सीखने आई है और किसी तरह का विवाद नहीं चाहती।

मोहल्लेवालों ने आपसी सहमति से मामले को आगे न बढ़ाने का निर्णय लिया। चूंकि चोरी का सामान और नकदी मौके पर ही बरामद हो गए थे और पीड़ित पक्ष ने केस दर्ज कराने से इनकार कर दिया, इसलिए पुलिस ने केवल आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर युवक को छोड़ दिया।

इस घटना के बाद रामपुर वार्ड में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने कहा कि समय रहते चोरी पकड़ी गई, वरना वार्ड में बड़ा विवाद खड़ा हो सकता था। साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि किराए पर रहने वाले व्यक्तियों की पूरी जांच-पड़ताल नियमित रूप से होनी चाहिए।

पुलिस ने साफ किया कि आरोपी के खिलाफ किसी भी पक्ष ने औपचारिक शिकायत नहीं की है। लिहाजा, चेतावनी और परिवार की गारंटी पर उसे छोड़ा गया है। लेकिन अगर भविष्य में वह फिर किसी वारदात में शामिल पाया जाता है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विश्वामित्र के आश्रम में महाराजा जनक ने निमंत्रण भेजा

### फुलवारी का मनोहारी दृश्य देखकर दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**समाज जागरण**
**ज्ञान दास गुप्त संवाददाता**

ड्रमंडगंज(मीरजापुर)। आदर्श श्रीरामलीला समिति ड्रमंडगंज द्वारा चलाए जा रहे सत्रह दिवसीय श्रीरामलीला में रविवार की रात्रि फुलवारी व मीना बाजार का मंचन हुआ। गुरु विश्वामित्र के आश्रम में श्रीराम -लक्ष्मण शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। तभी महाराजा जनक ने पुत्री सीता के स्वयंबर के लिए विश्वामित्र के आश्रम में निमंत्रण भेजा।



विश्वामित्र श्रीराम -लक्ष्मण को लेकर जनकपुर पहुंचे जहां महाराजा जनक ने उनका स्वागत -सत्कार किया। उसके बाद विश्वामित्र श्रीराम - लक्ष्मण के साथ एक कक्ष में रुके। विश्वामित्र ने श्रीराम -लक्ष्मण को पूजा के लिए फुलवारी से फूल लाने के लिए भेजा। संयोगवश उसी समय सीता भी अपनी सखियों के साथ फुलवारी में घूमने गयीं थीं। श्रीराम को फुलवारी में देखकर जानकी मोहित हो गई और प्रफुल्लित मन से अपने सखियों से श्रीराम के बारे में चर्चा करने लगीं । मीना बाजार का भी रंगारंग दृश्य देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। दर्शक देर रात तक श्रीरामलीला का आनंद लेते रहे। उक्त अवसर पर श्रीरामलीला समिति ड्रमंडगंज के अध्यक्ष अंजनी सोनी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार गुप्त,आशीष केशरी, विजय पाल, कोषाध्यक्ष सुभाष सोनी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कासगंज के राजेश बने यूपीएमएसआरए के प्रदेश के संयुक्त सचिव

### कार्यालय पर दवा प्रतिनिधियों ने प्रदेश संयुक्त सचिव का किया अभिनंदन

**समाज जागरण**

कासगंज। यूपीएमएसआरए की लखनऊ में हुई बैठक में कासगंज यूनिट के राजेश वशिष्ठ को प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल करते हुए संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लखनऊ से प्रदेश संयुक्त सचिव बनकर लौटे राजेश वशिष्ठ का सोमवार को कार्यालय पर दवा प्रतिनिधियों ने स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान नव मनोनीत प्रदेश संयुक्त सचिव ने दवा प्रतिनिधियों को नवम्बर माह में आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन व रैली की जानकारी दी।



बता दें कि 14 सितंबर से 16 सितम्बर तक को यूपीएमएसआरए की बैठक लखनऊ में हुई थी। इसमें कासगंज यूनिट के कामरेड राजेश वशिष्ठ को प्रदेश कार्यकारिणी में संयुक्त सचिव पद की जिम्मेदारी मिली। कासगंज लौटने पर उनका अशोक नगर स्थित कार्यालय में सभी दवा प्रतिनिधि फूल माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉमरेड प्रदीप यादव ने की। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया संगठन एफएमआरएआई ने जीवन रक्षक दवाओं को शून्य प्रतिशत जीएसटी को लेकर अभियान चलाया था, अभी भी कैंसर की 3 जीवन रक्षक दवाओं को जीएसटी मुक्त करने की मांग की जा रही है। कॉमरेड राजेश वशिष्ठ ने बताया कि आगामी 18 नवंबर को दिल्ली में धरना और रैली की जाएगी। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार के अलावा दवा कंपनियों के मालिकाना संगठनों को ज्ञापन देकर अवगत करा दिया है। इस दौरान उपाध्यक्ष राजकुमार विजय, कोषाध्यक्ष शाहिद खान, केके सक्सेना, सुजीत वर्मा, आतिफ जिलानी, अरमान खान, विकास कश्यप, कॉमरेड गोवर्धन सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति : पंचम चरण का शुभारंभ

### 'शक्ति की साधना से बेटियों के सशक्तिकरण की ओर'

**समाज जागरण**

सहावर। थाना क्षेत्र के गांव फरौली में कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों में 'मिशन शक्ति-5.0' का शुभारंभ, उत्साह और सहभागिता के साथ हुआ। बालिकाओं ने आदिशक्ति माँ दुर्गा के नौ रूपों पर आधारित पोस्टर बनाकर अपनी सृजनशीलता का परिचय दिया। इस अवसर पर फरोली कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय मे शिक्षकाओ द्वारा बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान की सार्थकता, माँ दुर्गा के स्वरूपों के बारे में विस्तार से बताया गया। चर्चा के माध्यम से बालिकाओं में आत्मबल, आत्मविश्वास और नारी-शक्ति के प्रति जागरूकता का



संचार हुआ। छात्राओं ने गांव में घूम कर रैली निकाली और नुक्कड़ नाटक भी किये। जिसमें विद्यालय की वार्डन अनीता सिंह प्रीति सिंह राजकुमारी अर्चना पाल अश्वनी पाल कल्पना यादव रिंकी विवेक कुमार सभी लोगों ने सहभागिता की।

## मुख्खा फॉल में दो अलग अलग घटनाओं में पिकनिक मनाने गये तीन युवक पानी में डूबकर लापता

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। घोरावल क्षेत्र के प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट मुख्खा फॉल में दो अलग घटनाओं में पिकनिक मनाने गए तीन युवक पानी में डूबकर लापता हो गए हैं। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम उनकी तलाश में जुटी हुई है।

पहली घटना में बताया जा रहा है कि रविवार को चार दोस्त- विशाल पटेल, शिवम, राहुल पटेल और इंद्रजीत पटेल, जो कि रॉबर्टगंज से पिकनिक मनाने



मुख्खा फॉल गए थे। वे चट्टानों से बहते पानी के पास बैठकर मस्ती कर रहे थे। इसी दौरान, अचानक गेट खुलने से पानी का बहाव तेज हो गया। इससे बाहर निकलते समय राहुल पटेल पुत्र परमेश्वर पटेल और इंद्रजीत पटेल, दोनों निवासी नई बाजार, तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गए और लापता हो गए। वहीं दूसरी घटना में इंस्पेक्टर शिव प्रताप वर्मा ने बताया कि बुद्धू निवासी मरुवट शिवद्वार द्वारा उनके भाई श्रीराम (45) के लापता होने की सूचना दी गई थी। पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही वह तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस गोताखोरों और स्थानीय लोगों की मदद से लापता युवकों की तलाश कर रही है। एसडीआरएफ टीम को भी सूचना दे दी गई है, जो जल्द ही बचाव कार्य में शामिल होगी।

## सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य हेमू के राज्याभिषेक दिवस की तैयारी को लेकर, की बैठक

**संवाददता सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

म्योरपुर/ सोनभद्र। सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य हेमू जी के राज्याभिषेक दिवस कार्यक्रम 07 अक्टूबर दिन मंगलवार 2025 को भव्य रूप देने को लेकर रौनियार समाज द्वारा म्योरपुर ब्लॉक के बरवाटोला (आरंगपानी) स्थित शिवपूजन रौनियार के आवास पर रविवार को डा ए के गुप्ता (रौनियार) की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में रौनियार समाज के पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष, ग्राम अध्यक्ष/सचिव, वर्तमान प्रधान, पूर्व प्रधान, अध्यापक आदि लोगों ने बैठक में भाग लेते हुए सभी लोगों ने अपने-अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम को सफल बनाए जाने का आवाहन करते हुए गांव-गांव में



जनसंपर्क अभियान चलाये जाने व लोगों को सक्रिय किए जाने, सामाजिक उत्पीड़न पर रोक लगाई जाने की बात कही गई। उक्त अवसर पर डा ए के गुप्ता (रौनियार), राम सहाई रौनियार, प्रेमचंद रौनियार, बाबुराम रौनियार, शिवशंकर रौनियार, नंदलाल रौनियार, संजय रौनियार, राजेश रौनियार, रमाशंकर रौनियार, गोपाल रौनियार, उमाशंकर रौनियार, श्याम बिहारी रौनियार, जगमोहन रौनियार, ब्रह्मदेव रौनियार, शिवपूजन रौनियार, विनोद कुमार, आनंद कुमार, कन्हैयालाल, अमित कुमार, शिवकुमार, शंभू प्रसाद रौनियार आदि लोग उपस्थित रहे।

## नारद मोह लीला के साथ, ग्राम पंचायत पड़री के टोला कमरीडाड़ में रामलीला मंचन का शुभारंभ

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

म्योरपुर/ सोनभद्र। म्योरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत पड़री टोला कमरीडांड़ में रविवार देर रात रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रधान प्रतिनिधि माल्यार्पण कर स्वागत किया। रामलीला मंचन के पहले दिन नारद मोह लीला का जीवंत प्रदर्शन किया गया। नारद मुनि के भगवान विष्णु के माया जाल में फंसाने के प्रसंग को देखकर बड़ी संख्या में दर्शक भाव विभोर हो गए। इस लीला को देखने के लिए आसपास क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि



मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि भगवान राम भारत की आत्मा और प्रत्येक हिंदू के दिलों में बसते हैं। कोषाध्यक्ष मनोज कुमार एडवोकेट ने कहा कि यदि लोग भगवान राम के आदर्श जीवन को अपने जीवन शैली से जोड़े तो समाज में सुख और शांति कायम हो सकती है। कार्यक्रम में यदुवंशी रामलीला समिति के अध्यक्ष शिवनारायण यादव, व्यास कन्हैया लाल यादव, राम किशुन यादव, केदारनाथ, संजय यादव, संदीप कुमार यादव, सुरेंद्र, संरक्षक पिनटेश यादव, दीनबंधु यादव, विजय लाल, राम अवध, पंडित वृंदावन सहित कई सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद है।

## दबंगई की पराकाष्ठा - दीवार तोड़कर घर में घुसे पड़ोसी, ताला बंद कर की चोरी, पीड़ित ने लगाई इंसाफ की गुहार

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

विंढमगंज/ सोनभद्र। थाना विंढमगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हरनाकछार में घटित एक सनसनीखेज घटना ने पूरे इलाके में आक्रोश और दहशत का माहौल बना दिया है। नेशनल हाईवे NH-39 के अंबेडकर चौराहा के पास रहने वाले राम आधार गुप्ता पुत्र स्व. गौरी गुप्ता ने अपने ही पड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने दीवार तोड़कर घर में जबरन घुसपैठ की, कीमती सामान चोरी किया और फिर अंदर से ताला बंद कर दिया। पीड़ित राम आधार गुप्ता के अनुसार, उन्होंने लगभग चार वर्ष पूर्व विधिवत रजिस्ट्री और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पूर्व ग्राम प्रधान जदुनाथ प्रसाद यादव से जमीन खरीदी थी और मकान बनवाया था। दिनांक 19 सितंबर 2025 को शाम करीब 4 बजे वे अपना घर खोलकर सामान रखकर बाहर गए। अगले दिन सुबह लौटने पर घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला।

पास-पड़ोस की मदद से भीतर झांककर देखा गया तो यह साफ हो गया कि घर का ताला अंदर से बंद है और दीवार तोड़ी गई है। जब अंदर की स्थिति की पड़ताल हुई तो पाया गया कि पड़ोसी दशरथ गुप्ता पुत्र



बच्चा साह और रविंद्र गुप्ता पुत्र दशरथ गुप्ता ने मिलकर घर में रखे लगभग 10 कुंतल सरिया, सीमेंट की 20 बोरियां, चौकी, बर्तन और कई अन्य सामान पार कर दिया है।

पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर आरोपियों को थाने लाया। राम आधार गुप्ता का कहना है कि पिछले चार वर्षों से दशरथ गुप्ता लगातार उन्हें जमीन को लेकर परेशान कर रहे हैं। राजस्व विभाग की टीम कई बार मौके पर नापी कर जमीन को राम आधार गुप्ता के नाम पर सिद्ध कर चुकी है, बावजूद इसके दबंग पड़ोसी अपने पैसों और दबंगई के बल पर कब्जा करने की कोशिश में लगे हुए हैं। राम अधार गुप्ता ने बताया कि "अब हालात इतने बिगड़ गए हैं कि घर की दीवार तोड़कर सामान चोरी करना और अंदर से ताला बंद कर देना, केवल चोरी ही नहीं बल्कि मुझे और मेरे परिवार को भयभीत करने की एक बड़ी साजिश है। हम हर पल डर और आतंक के साये में जी रहे हैं।" ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटना से पूरा गांव दहशत में है और लोग प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे हैं। पीड़ित परिवार ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में न्याय और कानून व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कायम रह सके।

## मुख्य राजमार्ग स्थित अवई डी0 एस0 पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

### -पवन चक्की से बिजली उत्पादन, सक्रिय ज्वालामुखी, वायु दबाव, सौर ऊर्जा जलचक्र, जल शुद्धि संयंत्र, रोबोट एवं अन्य कई मॉडलों को किया प्रस्तुत

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। सदर विकास खण्ड क्षेत्र के मारकुण्डी मुख्य राजमार्ग स्थित डी.एस. पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों ने यह बताने का प्रयास किया कि विज्ञान में संभावनाओं की कोई अंतिम सीमा नहीं होती है। जहां अंत होता है, वहां से फिर नई शुरूआत हो जाती है।विज्ञान के प्रयोग से समाज और देश को विकास के पथ पर लाया जा सकता है।विद्यालय के बच्चों ने अलग-अलग तरह की परियोजनाओं का प्रदर्शन किया। जिसमें पवन चक्की से बिजली उत्पादन,



सक्रिय ज्वालामुखी, वायु दबाव, सौर ऊर्जा जल चक्र, जल शुद्धि संयंत्र, रोबोट एवं अन्य कई तरह के मॉडलों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए संस्था के प्रबंधक कैलाश नाथ प्रजापति, निदेशक सूरज कुमार प्रजापति एवं प्रधानाचार्य शशिकांत विश्वकर्मा ने कहा कि विज्ञान ही विकास की सीढ़ी है और नित नये प्रयोग से संभावनाओं के नये द्वार खुलते हैं। ऐसा तब होता है, जब आप की रूचि विज्ञान में हो। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिवांशु, नितेश सोनी, संतोष पाण्डेय, प्रशांत पाण्डेय, रोहित प्रजापति, संजना, प्रिया, प्रियंका, रिम्पी, अंशी, श्रुति, ऋतु, प्रीति, शांति व विद्यालय की उप प्रधानाचार्य ममता शामिल रही।

## गैरकानूनी अवैध ढंग से बोतलों में खुलेआम बिक रहा पेट्रोल , जारी है मिलावट और घटतौली का खेल

### ज्वलनशील पदार्थों की खुली बिक्री से गंभीर हादसों का बना खतरा
### प्रशासन और संबंधित विभाग साधे है इस खतरनाक गतिविधि पर पूरी तरह से चुप्पी
### न कोई छापेमारी, न कोई चेतावनी और न ही कोई रोकथाम की पहल

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। सोनांचल के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों ज्यादातर पहाड़ी व दुरुह क्षेत्रो में धड़ल्ले से खुलेआम डंके की चोट पर गैरकानूनी अवैध ढंग से बोतलों में पेट्रोल बेचा जा रहा है। यह न सिर्फ कानून का खुल्लम-खुला उल्लंघन है, बल्कि आम जनता की जान को भी खतरे में डाल रहा है। इलाके के दुकानों, ढाबों और गलियों, गुमटियों में बिना किसी लाइसेंस या सुरक्षा मानकों के पेट्रोल की खुलेआम बिक्री की जा रही है। इससे किसी भी समय भीषण आगजनी समेत किसी प्रकार की घटना घटित हो सकती है।

आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इस खतरनाक गतिविधि पर पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। न कोई छापेमारी, न कोई चेतावनी और न ही कोई रोकथाम की पहल की गई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की यह उदासीनता आने वाले समय में किसी बड़े हादसे की वजह बन सकती है।

सूत्रों की माने तो जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न प्रखंड एवं



ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल पंप खुल गए हैं और कईयो का खुलना अभी जारी है। एक ओर जिले में आईओसी, भारत पेट्रोलियम एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम जैसी तेल कंपनियां वाहन मालिकों को पेट्रोल उपलब्ध करा रही है। वहीं दूसरी ओर पूरे जिले में कुकुरमुत्तों की तरह दुकानों पर बोतलों में भी बंद पेट्रोल खुलेआम बेचा जा रहा है। इस तरह से पेट्रोल की खुले बिक्री तो गैर कानूनी है ही साथ ही मिलावट का धंधा भी इसकी आड़ में खूब फलफूल रहा है। जानकारों की मानें तो इस तरह बिकने वाला पेट्रोल अत्यंत ही घातक है जिसे आग की एक चिंगारी आसपास में तबाही का मंजर खड़ा कर दे सकती है। वहीं इस तरह से बिकने वाला पेट्रोल में थीनर आदि की मिलावट आसानी से कर दी जाती है। ऐसे पेट्रोल के खरीदार राह चलते गाड़ियों में पेट्रोल खत्म हो जाने वाले लोग होते हैं। एक तो इन्हें वहीं पेट्रोल की कीमत वास्तविक मूल्य से कहीं अधिक दाम चुकाना पड़ता है। वहीं रास्ते में खरीदे गए इस मिलावटी पेट्रोल से गाड़ियों, खासकर मोटरसाइकिलों के इंजन को भारी नुकसान पहुंचता है। इसी के साथ ही गाड़ियों का माइलेज भी गड़बड़ा जाता है। मिलावटी पेट्रोल के उपयोग से वाहन मालिकों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसी बात नहीं है कि जगह-जगह इस तरह से खुलेआम बिकने वाली बोतल में बंद कर पेट्रोल की बिक्री से प्रशासन अंजान हैं। पेट्रोल कंपनियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों की मानें तो इस प्रकार के मिलावटी पेट्रोल की बिक्री रोकना स्थानीय प्रशासन का काम है। लेकिन प्रशासन ऐसे गैर कानूनी पेट्रोल विक्रेताओं पर कार्रवाई नहीं करती है। जिस कारण इस तरह बोतलों में भर कर खुलेआम पेट्रोल बेचा जा रहा है। इस तरह से पेट्रोलियम पदार्थो की बिक्री पर रोक के लिए तेल कंपनियों के द्वारा गुणवत्तायुक्त पेट्रोल भी उपयोग के लिए जागरुकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। वहीं जिला प्रशासन को चाहिए कि अवैध तरीके से पेट्रोल बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर इस अवैध कारोबार पर अविलंब सख्त कार्रवाई करे और जिम्मेदारों को चिन्हित कर दंडित किया जाये जिससे कि भविष्य में होने वाले गंभीर हादसा को घटित होने से रोका जा सके।

## भूमि पैमाइश पड़ताल में व्यापक अनियमितता को लेकर ग्रामीण किसानों ने किया जबरदस्त विरोध - प्रदर्शन, सौंपा मांग-पत्र

### -भौतिक पैमाइश कराकर तरमीम व पड़ताल की कार्यवाही अमल में लाया जाना जनहित में नितान्त आवश्यक

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। सदर विकासखंड के गुरमा मारकुंडी तथा अवई के दर्जनों ग्रामीण सोमवार की दोपहर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामप्रधान मारकुंडी उधम सिंह यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी सोनभद्र तथा जिला बंदोबस्त अधिकारी सोनभद्र से चकबंदी प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओ को लेकर मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौपा। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही बैठक करके सरकारी जंजीर से जमीनों की पैमाइश करते हुए उनका ग्रामीणो को मालिकाना हक सौपा जाएगा ।सौंपे गए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने



बताया है कि वर्तमान समय में मौजा मारकुण्डी,परगना- अगोरी. तहसील- राबर्ट्सगंज, जनपद- सोनभद्र मे चकबन्दी प्रक्रिया चल रही है, जिसके तहत चकबन्दी अहलकारानों द्वारा विगत एक सप्ताह पूर्व जमीनों का तरमीम व पड़ताल किया जा रहा था। इस दरम्यान चकबन्दी अहलकारानों द्वारा जमीनों का बिना भौतिक पैमाइश के ही नापी की जाने लगी और चकबन्दी अहलकारानों द्वारा बिना जंजीर गिराये अपने पैरों से जमीनों की नापी की जाने लगी। इस पर आपत्ति की गयी, तो सम्बन्धित चकबन्दी कार्मिकों द्वारा कहा गया कि हमारा बहुत पुराना अनुभव है और हम लोग ऐसे ही जमीन नाप देंगे। भारी विरोध पर चकबन्दी अहलकारानों द्वारा नापी कार्य रोक दिया गया और इस सम्बन्ध में बीते दिनांक 20.09 .2025 दिन शनिवार को मौजा मारकुण्डी अंतर्गत रामलीला मंच पर बैठक निर्धारित की गयी। निर्धारित तिथि को चकबन्दी प्राधिकारियों का इंतजार करते रहे, परन्तु वे नहीं आये तथा चकबन्दी कानूनगो व सहायक चकबन्दी अधिकारी से जरिये दूरभाष वार्ता की, तो तत्सम्बन्धित चकबन्दी प्राधिकारियों द्वारा कहा गया कि जमीन के बाबतचकबन्दी नहीं होगी, क्योंकि नगर पंचायत चुर्क घुर्मा व प्रार्थीगण के वार्ड के कुछ कतिपय लोगों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में चकबन्दी प्राधिकारियों द्वारा कार्यालय नगर पंचायत- चुर्क घुर्मा, सोनभद्र के पत्रांक- 150 न०पं० चु०घु०/ 2025-26 दिनाक 23.08.2025 उपलब्ध कराया गया, जिसमें नगर पंचायत द्वारा वार्डों को चकबन्दी प्रक्रिया से पृथक रखे जाने का कहा गया ह। अवगत कराना है कि वार्ड सं0-2 व 9 भले ही नगर पंचायत चुर्क घुर्मा के अन्तर्गत आते हों, परन्तु जमीन मौजा मारकुण्डी, परगना अगोरी, तहसील राबर्ट्सगंज अन्तर्गत है, जो चकबन्दी प्रक्रिया से आच्छादित है और नियमानुसार चकबन्दी होनी चाहिए। सोचनीय तथ्य यह है कि यदि दिनांक- 23.08.2025 को ही चकबन्दी प्राधिकारियों को नगर पंचायत चुर्क घुर्मा का उक्त पत्र प्राप्त हुआ था, तो विगत एक सप्ताह पूर्व किस आधार पर चकबन्दी प्राधिकारियों द्वारा जमीनों का चकबन्दी प्रक्रिया के तहत तरमीम व पड़ताल की जा रही थी। इस प्रकार यह साबित व प्रमाणित है कि जमीन, जो मौजा मारकुण्डी अंतर्गत हैं और चकबन्दी प्रक्रिया से आच्छादित हैं। ऐसी दशा में जमीनों को चकबन्दी प्रक्रिया के तहत भौतिक पैमाइश कराकर तरमीम व पड़ताल की कार्यवाही अमल में लाया जाना जनहित में नितान्त आवश्यक है।ग्रामीणों ने जमीनों को चकबन्दी प्रक्रिया के तहत भौतिक पैमाइश कराकर तरमीम व पड़ताल की कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने की मांग की है। इस मौके पर ग्राम प्रधान मारकुंडी उधम सिंह यादव,वार्ड सभासद 2 उषा देवी,नारदराव, पारस, रामबचन ,इकबाल, महेश, कमलेश पाल, छत्रधारी, लल्लन, विजय कुमार, रामसजीवन , रामलखन ,सलीम, सुमित्रादेवी , सरस्वती, फुलवंती ,जोखनी ,कलावती देवी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा इको पॉइंट मारकुंडी घाटी पर, सोन प्रेरणा कैफे का किया गया उद्घाटन

### सोन प्रेरणा कैफे स्वयं सहायता समूह की सदस्य उषा देवी के द्वारा किया जाएगा संचालन

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0 एन0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी द्वारा आज इको पॉइंट मारकुंडी घाटी पर, सोन प्रेरणा कैफे का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा की मिशन शक्ति 0.5 का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा किया जा रहा है, जिसके परिपेक्ष में महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने की दिशा में यह कदम उठाया गया है, जिसके तहत जनपद सोनभद्र के सबसे महत्वपूर्ण पिकनिक स्पॉट इको पॉइंट पर सोन प्रेरणा कैफे का शुभारंभ कराया जा रहा है। सोन प्रेरणा कैफे का संचालन सहयोगी स्वयं सहायता समूह, ग्राम- बिजौली, रावटसगंज सोनभद्र की सदस्य





श्रीमती उषा देवी के द्वारा किया जाएगा, जिससे इन्हें सतत रोजगार का माध्यम उपलब्ध हो सकेगा। उपयुक्त स्वत रोजगार महोदय ने बताया कि इस कैफे पर आपको समूह द्वारा बनाइ गई सभी तरह की सामग्रियां एवं खाने पीने से संबंधित श्री अन्य मिलेप फूड से बनी सामग्रियां, फास्ट फूड जैसे चाय, कॉफी, बर्गर, चाऊमीन, मंचूरियन आदि चीज उपलब्ध होगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजीविका के क्षेत्र में निरंतर अभिनव प्रयास किया जा रहे हैं जिसके तहत आज इस प्रेरणा कैफे का शुभारंभ किया गया है। आप लोग इसे नियमित रूप से संचालित करते रहें एवं अपने रोजगार को बधाईए आने वाले समय में अन्य पिकनिक स्पॉट पर भी इस तरह के प्रेरणा कैफे खोले जाएंगे, जिससे कि समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग मिल सके। कार्यक्रम में जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक रॉबर्ट्सगंज,सहायक विकास अधिकारी आईएसबी रावटसगंज , जिला रिसोर्स पर्सन मैनेजर, ग्राम प्रधान बिजौली एवं समूह की अन्य महिलाएं उपस्थित रहे।

## विकास खण्ड कोन में जल जीवन मिशन की खुली पोल, लोगों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

कोन/ सोनभद्र। विकास खंड कोन अंतर्गत जल जीवन मिशन की योजना हर घर नल योजना धरातल पर धाराशायी हो गया है। भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार कई ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं सका किन्तु कागजों पर पूर्ण दिखा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के आधार कार्ड के आधार पर कनेक्शन दिए गए, लेकिन महीनों से नलों से एक बूंद पानी नहीं आ रहा है। जिसके क्रम में कोन क्षेत्र के मिश्री के ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में नियमित पानी की आपूर्ति नहीं की जाती है। बतातें चलें कि कचनरवा, असनाबांध नरोईयादार्म, मधुरी, रोहिनवादामर , शिकारीखोली , बड़ाप, बागेसोती, सिंगा, डुबवा, कुड़वा, धौरवादामर, सेमरवादामर, गोबरदाहा , डीलवाहा, शिवाखाड़ी, धीचोरवा, पीपरखाड़, बिछमरवा, केवाल, मिश्री, खरौंधी समेत कई गांवों में हर घर नल योजना के तहत पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके क्रम में वरिष्ठ समाजसेवी जोखन प्रसाद यादव की अगुवाई में ग्राम पंचायत बागेसोती के टोला सिंगा में जोरदार प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि हर घर नल योजना कोन क्षेत्र में फ्लाप साबित हो रहा है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जिसके क्रम में वरिष्ठ समाजसेवी जोखन प्रसाद यादव व बिहारी प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि क्षेत्र में आज भी लोग लोग नदी नाले का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं जो कि ग्राम पंचायत कचनरवा का रोहिनवा दामर व कुड़वा में फ्लोरोसिस की मात्रा अत्यधिक है और वहीं कचनरवा के बड़ाप, बागेसोती के सिंगा, कुड़वा के धौरवादाम, शिवाखाडी, डीलवाहा सहित कई जगहों पर आज तक लोगों को नल कनेक्शन नहीं मिल सका। उन्होंने आगे कहा कि जहाँ कनेक्शन है वहाँ भी दो महीनों से उपर पानी नहीं मिल रहा है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं जिला पंचायत सदस्य छविन्द्र नाथ चेरो ने बताया कि क्षेत्र में अभी तक नल कनेक्शन तक पूरा नहीं हुआ और न ही लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है जिससे लोग आये दिन विकलांगता के शिकार हो रहे हैं और आये दिन लोग काल के मुंह में समा रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभाग के उपर लोगों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है और उन्होंने



हर घर नल योजना को फ्लाप साबित कर दिया है । इसी तरह आगे उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में जगह जगह पानी टंकी का निर्माण हुआ था जो मात्र शो पीस बन कर रह गया और वहीं कई ग्राम पंचायतों में कई हैंडपंप मरम्मत के अभाव में खराब पड़े हुए है। वहीं दूसरी तरफ सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार कार्यदायी संस्था द्वारा कागजों पर पूर्ण दिखा दिया गया है जो कि स्वतः ही जाँच का विषय है। सबसे बड़ा सवाल है कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की सबसे महत्त्वपूर्ण योजना स्वच्छ जल मिशन के तहत हर घर नल योजना के परियोजना के अधिकारियों द्वारा जनहित को देखते हुए बड़ी तेजी से कार्य किया गया किन्तु संबंधित कार्यदायी संस्था के उदासीनता के कारण लोगों तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है बल्कि उन्हें लॉलीपॉप दिया जा रहा है और वह केवल कागजों में सिमट कर रह गया है। जिसके क्रम में वरिष्ठ समाज सेवी बिहारी प्रसाद यादव व जोखन प्रसाद यादव सहित विश्वनाथ उराँव, ललन, हुलास उरांव, सहित स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से शुद्ध पेयजल शुरू कराने की मांग की है। इस बावत कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर सुदर्शन बिंद को कॉल किया गया किन्तु रिसीव नहीं हुआ। जिसके क्रम में स्वच्छ जल मिशन के अधिशासी अभियंता अरुण सिंह ने बताया कि वोल्टेज की समस्या के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है जल्द ही समस्या का समाधान होने का अश्वासन दिया है। जिसके क्रम में बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता दिलीप कुमार ने बताया कि बिजली की कोई समस्या नहीं है और विभाग द्वारा नियमित ध्यान दिया जा रहा है जिसके क्रम में विभाग को अवगत करा दिया गया है।

## घिवहीं गांव में दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग हुए घायल, जिला अस्पताल रेफर

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

विंढमगंज/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के घिवहीं गांव में तेज रफ्तार दो बाइकों की टक्कर में कुल तीन लोग घायल हो गए।बताया जा रहा है कि 22 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र रमेश यादव निवासी घिवही, जोरुखाड़ से अपने घर घर जा रहा था की घिवहीं लाइन होटल के पास मोड़ पर मुड़ते वक्त पीछे से आ रही दूसरे बाइक से टक्कर हो गई। जिससे पहले बाइक पर सवार संतोष कुमार व दूसरे बाइक पर सवार 28 वर्षीय मुकेश पुत्र कुबेर व 21 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र मुन्नू दोनों निवासी रोरवा थाना कोन तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों



घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी पर भर्ती कराया गया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा कोन ब्लॉक कमेटी का हुआ गठन

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

कोन/ सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के कोन ब्लॉक के करईल में अखिल भारत वर्षीय महासभा के जिलाध्यक्ष जगत नारायण के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ कोन ब्लॉक के उपस्थित तमाम लोगों सर्वसम्मति से राम लगन को ब्लॉक अध्यक्ष, अरविन्द यादव को महासचिव, शशिकांत यादव को सचिव पद की जिम्मेदारी गई संगठन विस्तार, गोवर्धन पूजा दूध, दही मट्ठा छोड़ शराब की ओर जाने पर शारीरिक मानसिक कमजोरी, शिक्षा की ओर कम रुझान, शिष्टाचार का अभाव, असंगठित समाज आदि से दूर होकर स्वावलंबी बनने पर जोर दी गई तथा रेजांगला कलश यात्रा की स्वागत करने के लिए अखिल भारत वर्षीय महासभा की टीम 11 अक्टूबर को हिन्दूवारी मोड़ पर जाएगी इस सन्दर्भ में भी चर्चा हुई। इस मौके पर प्रेमचंद यादव, शिवलाल, हरिदास, अमृत, शशिकांत, नन्दकिशोर, सत्येंद्र कुमार, अरून, आत्मा यादव, अरविंद यादव, संरक्षक जोखन यादव, प्रेमचंद यादव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# साहब मेरी भी सुन लीजिए गांव कीचड़ और गंदगी से त्रस्त, स्वास्थ्य विभाग और पंचायत पर उठे सवाल





समाज जागरण

जैतीपुर/शाहजहांपुर। जिले की ब्लॉक जैतीपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत जरगवां एवं ग्राम पंचायत के गांव भटियां दर्जनों गांव हालात इन दिनों बेहद खराब हैं। जगह-जगह कीचड़, गंदगी और जलभराव ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। बारिश के दिनों में यह समस्या और विकराल हो जाती है। गलियों में भरे गंदे पानी से दुर्गंध फैल रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। बच्चे और बुजुर्ग गली से निकलते समय आए दिन गिरकर चोटिल हो जाते हैं। वहीं, गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नाली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है और गलियों की मरम्मत न होने से गांव का रास्ता दलदल में बदल चुका है। यहां तक कि स्कूल जाने वाले बच्चे और बीमार लोगों को अस्पताल ले जाना भी मुश्किल हो गया है।ग्रामीणों ने प्रशासन और पंचायत से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही नालियों की सफाई और सड़कों की मरम्मत नहीं हुई तो बीमारियों का प्रकोप फैलना तय है। यह स्थिति सरकार की स्वच्छता योजनाओं की पोल खोल रही है और जिम्मेदार विभागों की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

**प्रधान केवल उछल-कूद करता है।**

गांव के लोगों ने वर्तमान ग्राम प्रधान महेश पाल के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की किसी ने उन्हें उछल-कूद करने वाला बंदर कहा, तो किसी ने प्रवृत्ति वाला इंसान ग्रामीणों का कहना है बीते साढ़े चार साल में कोई भी ठोस विकास कार्य नहीं हुआ है न सड़क बनी न नालियां गांव में स्कूली बच्चों का स्कूल जाना किसी जंग से कम नहीं है। गांव की मुख्य सड़क दलदल में तब्दील हो चुकी है।बच्चे रोजाना गंदगी और कीचड़ से होकर स्कूल पहुंच रहे हैं। सोमवार को बच्चों के धैर्य का बांध टूट गया। गांव जरगवां सुबह नन्हे बच्चे साथ गंदे पानी और कीचड़ से होकर स्कूल पहुंचते हैं। कई बार फिसलकर गिर जाते हैं, कपड़े और जूते खराब हो जाते हैं। इससे बच्चों में स्कूल जाने का उत्साह भी टूट रहा है।, छोटे बच्चों को स्कूल जाने के लिए कीचड़ भरे रास्तों से गुजरना पड़ रहा है।

# त्रिलोकपुर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को पश्चिम बंगाल से किया गिरफ्तार!

## पुलिस सूत्रों की माने तो शातिर आरोपी है नूरुल हसन।




समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। वास्तव में सत्य ही कहा गया है कि यदि पुलिस अपने आप पर आ जाए तो अपराधी कितना भी शातिर और पहुँच वाला भले ही क्यों ना हो लेकिन उसे अपने किए गए कुकृत्यों का खामियाजा भुगतना तयं है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है जिले के त्रिलोकपुर थाने की पुलिस ने। तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक डॉ० अभिषेक कुमार महाजन के द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व बृजेश कुमार क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में रामदेव थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर के निर्देशन में विगत दिनों मुकदमा अपराध संख्या 145/2025 धारा 64 (2) m/87/172(2) बीएनएस व 5 ठ/6 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त नूरुल हसन पुत्र मुस्तकीम जो कि त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छगड़िहवा टोला बेलभरिया का रहने वाला है। वह बड़े शातिरता से फरार होकर बिछली घाट रोड थाना गार्डेन रिच कोलकाता राज्य पश्चिम बंगाल में छुपा था। लेकिन त्रिलोकपुर थाने की पुलिस ने अपने उच्च अधिकारियों के आदेशों निदेर्शों को अमलीजामा पहनने में पूर्णतया सफल हुई। और उपरोक्त पंजीकृत मुकदमे के विवेचक उप निरीक्षक राजकुमार व हेड कांस्टेबल रवि कुमार यादव पुलिस टीम के साथ पश्चिम बंगाल पहुँचे। और बिछली घाट रोड थाना गार्डेन रिच कोलकाता राज्य पश्चिम बंगाल से शातिर अभियुक्त नूरुल हसन को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय पश्चिम बंगाल में प्रस्तुत कर न्यायालय से ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त कर अन्य विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए विगत दिनों माननीय न्यायालय सिद्धार्थनगर के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड प्राप्त किए। ग्राम छगड़िहवा टोला बेलभरिया के कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अभियुक्त नूरुल हसन बहुत ही शातिर व्यक्ति है। यह ग्राम छगड़िहवा के रहने वाले मकसूद रजा नाम के व्यक्ति से साठ गांठ करके लोगों को फर्जी मुकदमें में फंसाकर हैरान परेशान कर धन उगाही करना पेशा बना लिया है।

# डीएम के आदेश पर आयोजित हुआ स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम

## बिस्कोहर के अटल नगर में तीसरी बार हुआ कार्यक्रम

समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। इटवा तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत बिस्कोहर के अटल नगर वार्ड, पश्चिम टोले में जिलाधिकारी राजा गणपति आर के निर्देश पर तीसरी बार बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम कराया गया। जिसमें उस मुहल्ले के साथ साथ सभी सेवित गांवों/वार्डो के शिक्षकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार द्वारा एक एक बच्चों को चिन्हित कर विद्यालयों में नामांकित करने व रूचिपूर्ण शिक्षा देते हुए प्रतिदिन विद्यालय आने हेतु प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि 6 से 14 आयुवर्ग का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए । एक एक घर का पुनः एक बार सर्वे करते हुए यह सुनिश्चित कर लें कि कोई भी बच्चा छूट नहीं रहा। अटल नगर वार्ड के बच्चे जो प्राथमिक विद्यालय डेगहर ,बेलवा बाबू व उच्च प्राथमिक विद्यालय बिस्कोहर में अध्ययनरत है उन बच्चों को बीएसए व खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार द्वारा स्कूल बैग कापी पेंसिल रबर शापनर वितरण किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने जीरो से पांच आयुवर्ग के बच्चों को नामांकित करने का आंगनबाडियों को निर्देश दिया। कार्यक्रम में यूपीएस बिस्कोहर की बच्चियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम का संचालन आबिद रिजवी ने किया। अंत में सभी आगंतुकों का खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में उमाकांत गुप्ता प्रदीप राहुल अनिरुद्ध ओम प्रकाश प्रणवीर अंजली गुप्ता अनामिका आदि मौजूद रहे।





# सिद्धार्थनगर के प्राइवेट अस्पताल में प्रसव ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत

## जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी दोषियों पर कार्रवाई, सीएमओ

समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। जिले के आर.के. सेवा आश्रम हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान एक महिला की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि महिला की मौत अस्पताल में ही हो चुकी थी। लेकिन डॉक्टरों ने मौत छिपाने के लिए उसे ऑक्सीजन लगाकर पंप मारते हुए गोरखपुर रेफर कर दिया। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा करते हुए तोड़फोड़ किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। हॉस्पिटल में महिला की डिलीवरी के ऑपरेशन के दौरान मौत हुई। सदर कोतवाली क्षेत्र के साड़ी तिराहा का है घटना। सरिता मौर्या के देवर मनेसर मौर्या ने बताया कि भाभी को डिलीवरी के लिए सुबह महराजगंज से सिद्धार्थनगर अस्पताल लाया गया था। 11 बजे तक सब कुछ ठीक था। डिलीवरी के लिए ऑपरेशन के दौरान भाभी की मौत हो गई। लेकिन मौत छिपाने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने महिला को दवा देने के बहाने देर तक वहीं रोके रखा। बाद में उसे ऑक्सीजन लगाकर गोरखपुर रेफर किया गया। जबकि मौत अस्पताल में ही हो चुकी थी। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही और मौत छिपाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी। घटना के समय अस्पताल परिसर में भारी तनाव फैल गया। परिजनों ने तोड़फोड़ की, जिसके बाद पुलिस को मौके पर तैनात कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण पा लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे ट्रेडिंग आईपीएस सीओ सदर विश्वजीत सौरयान ने अस्पताल के मरीजों को खुद स्ट्रक्चर पर लादकर एम्बुलेंस पर शिफ्ट कराया। अस्पताल में भर्ती मरीजों को माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज शिफ्ट कराकर बंद कर दिया गया है। मौके पर पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया सीओ विश्वजीत सौरयान व सदर एसडीएम ने ऑपरेशन थिएटर का जायजा लिया। परिजनों से बातचीत कर जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया। सीएमओ डॉ० रजत कुमार चौरसिया ने कहा कि जांच टीम गठित की जाएगी और रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आईवी इंडियन एवं आईवी कैपिटल ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश।



समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद आईवी इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे स्वर्गीय श्री मनोहर सिंह बाबूजी की स्मृति में छह दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट में आज पहला मुकाबला आईवी इंडियन एवं आईवी पैंथर्स के मध्य खेला गया । मैच का शुभारंभ श्री तेजवीर सिंह थाना निरीक्षक अपराध के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया । टॉस जीतकर आईवी इंडियन के कप्तान ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया । निर्धारित 12 ओवर में आईवी पैंथर्स ने सभी विकेट खोकर 75 रनों की चुनौती पेश की । जिसमें बल्लेबाज उदय यादव 18 ,निखिल कुमार 15 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया । आईवी इंडियन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अरुण गुर्जर 3,संभव शुक्ला 3, प्रतीक मोनिया 2 विकेट प्राप्त करने में सफल रहे । लक्ष्य का पीछा करने उतरे इंडियंस ने 7 ओवरों में 6 विकेटो से शानदार जीत दर्ज की । जिसमें बल्लेबाज संभव शुक्ला 25 एवं प्रतीक मुनिया ने 21 रनों का महत्वपूर्ण दिया । मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संभव शुक्ला को दिया गया ।

दूसरा मैच आईवी चैलेंजर्स एवं आईवी कैपिटल के मध्य खेला गया । जिसका शुभारंभ उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष श्री अंबेश शर्मा जी के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया । अतिथियों के रूप में श्री रामशंकर यादव दादाजी,विकास लहरी,अजीत लहरी,सुभाष यादव आदि लोग मौजूद रहे । आईवी कैपिटल के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया । आईवी चैलेंजर्स ने निर्धारित 12 ओवरों में 9 विकेटों के नुकसान पर 86 रनों का लक्ष्य रखा । जिसमें बल्लेबाज अनुज गुर्जर 18, सकेत मिश्रा 15 रनों का योगदान दे सके । आईवी कैपिटल की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अधिराज यादव ने 2 ,मयंक राठौर 2 एवं पियूष गुर्जर ने 2 विकेट प्राप्त किया । लक्ष्य का पीछा करने उतरे आईवी कैपिटल ने 7.3 ओवरों में 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की । जिसमें बल्लेबाज मयंक राठौड़ ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 6 गगन चुम्मी छक्कों की मदद से 43 रनों की पारी खेली उनका बखूबी साथ पीयूष गुर्जर 16 रन बनाकर दिया । आईवी चैलेंजर्स की तरफ से गेंदबाजी करते हुए कुंज शर्मा 3 ,अमन कसाना एक विकेट प्राप्त करने में सफल रहे ।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डा.नंदिनी यादव ने सभी अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया ।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मयंक राठौर को दिया गया । मैच के दौरान अंपायर आर्यन बघेल एवं वैभव यादव स्कोर शिवम यादव रहे ।

# लुटेरों से हुई पुलिस की मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली

## मुठभेड़ के दौरान अंधेरे का फायदा उठा कर साथी भागा

**पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा**

समाज जागरण

शिकोहाबाद। रविवार की रात लगभग 11 बजे के करीब नहर पटरी पर छीछामई पुल के समीप थाना पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक लुटेरा पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी



भागने में सफल हो गया। पुलिस ने घायल आरोपित को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

रविवार रात 11 बजे के करीब थाना पुलिस गश्त पर थी। इसी दौरान उसे सूचना मिली की नहर पटरी पर छीछामई पुल के समीप दो लुटेरा किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही थाना पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो लुटेरों ने फायरिंग कर दी। बचाव करते हुए पुलिस पार्टी ने जवाबी फायरिंग की जिसमें एक लुटेरा के पैर में गोली लग गई। जिसे घायलावस्था में दबोच लिया। जबकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपित से पूछताछ की तो पता चला कि यह शातिर लुटेरा है। पुलिस को पूछताछ में उसने अपना नाम सुरजीत उर्फ सीटू निवासी नगला कन्हाई थाना खैरगढ़ बताया। उसने बताया कि उसका साथी अजय निवासी फतेहपुर शिकोहाबाद भागने में सफल हो गया है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि पकड़े गये आरोपित पर टूंडला थाने में धोखाधड़ी, कूटरचना समेत अन्य धारा में केस दर्ज है। घायल बदमाश को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष ने शहीद जवान के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया!



समाज जागरण

फिरोजाबाद! भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने शहीद के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर उन्हें ढांढस बंधाया इस दौरान उन्होंने शहीद( फौजी ) रामनरेश यादव के पिता मूलचन्द्र से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस दिलाते हुए कहा कि भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) शहीद के परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस गांव ढो लपुरा में शहीद रामनरेश के नाम से एक लाइब्रेरी का निर्माण करना चाहिए जिसके द्वारा आने वाली पीढ़ी उनके द्वारा किये गये बलिदान और पराक्रम को जान सके। और उनके द्वारा बताए गये रास्ते पर चलकर देश की सेवा में आगे आये। उन्होंने पत्रकारों से रूबरू होते कहा कि बरसात के कारण किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है।जिसके कारण किसान आत्महत्या करने को मजबूर है, उन्हें सरकार द्वारा होने वाले नुकसान का मुआवजा नही मिल रहा। किसानों को डीएपी खाद नही मिल रही।

मेरठ में हुए गुर्जर महापंचायत लाठी चार्ज पर कहा कि सामाजिक मीटिंग होती रहनी चाहिए।

उन्नाव जुलूस विवाद पर कहा- राष्ट्रविरोधी नारे लगाने वालों पर कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए।

संजय सिंह के द्वारा दिया गया बयान पर बोलते हुए कहा- बड़े नेता है ऐसे विवादित शब्द नही बोलने चाहिए। योगी सरकार की सेटेलाइट व्यवस्था पर निशाना साधते हुए कहा- सरकार के लोग ही जमीन कब्जे में सबसे ज्यादा आगे है। उन्होंने किसानों के लिये एमएसपी गारंटी कानून की मांग को भी दोहराया।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ नवरात्रि कार्यक्रम महापौर ने किया मां दुर्गा की आरती उतार कर कलश यात्रा का शुभारंभ



समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद नवदुर्गा महोत्सव समिति के द्वारा 13वां दुर्गा महोत्सव छैल बिहारी गेस्ट हाउस पेमेश्वर गेट पर मनाया जा रहा है जिसकी आज कलश यात्रा का शुभारंभ माता रानी की आरती उतार कर नगर निगम की महापौर कामिनी राठौर द्वारा किया गया

कलश यात्रा छैल बिहारी गेस्ट हाउस से प्रारंभ होकर गोपीनाथ रोड राजपूताना मोहल्ला मोहल्ला मेमारान उर्वशी तिराहा रेवती देवी स्कूल होते हुए छैल बिहारी गेस्ट हाउस में पहुंच कर समापन हुई कलश यात्रा में 121 सौभाग्य शाली महिलाएं कलश लेकर चल रही थी कलश यात्रा का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया कलश यात्रा में घोड़ा नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा बैंड वाले माता रानी के भजनों को गाकर भक्त जनों को मंत्र मुग्ध कर रहे थे भजनों को सुन भक्तजन झूम रहे थे कलश यात्रा में कन्हैया लाल गुप्ता धर्मेंद्र गुप्ता पंकज गुप्ता विपुल गुप्ता संजय गुप्ता नितिन गुप्ता पंकज गुप्ता नरेश गुप्ता सुरेंद्र गुप्ता अंशुल गुप्ता राखी गुप्ता नीरू गुप्ता ज्योति गुप्ता प्रीति गुप्ता दीप्ति गुप्ता आरती गुप्ता के साथ बहुत से भक्तजन साथ चल रहे थे

# कासगंज में गंगा, पर्यावरण व वृक्षारोपण समितियों की बैठक, डीएम ने दिए समयबद्ध कार्ययोजना लागू करने के निर्देश

समाज जागरण

कासगंजबैठक में सर्वप्रथम प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा जिला गंगा समिति की बैठक में जन-जागरूकता कार्यक्रमों, गंगा आरती, ठोस अपशिष्ट को नदी में जाने से रोकने, नालों की स्क्रीनिंग, नदी किनारे वृक्षारोपण, नदी व नालों की जल गुणवत्ता परीक्षण तथा जैव विविधता संरक्षण की समीक्षा की गई। इसके साथ ही, आर्द्रभूमि एवं छोटी नदियों के पुनर्जीवन तथा गंगा ग्राम योजना के




अंतर्गत ग्राम पंचायतों में ग्राम गंगा सेवा समितियों के पुनः संचालन पर भी चर्चा हुई।

इसके पश्चात जिला पर्यावरण समिति की बैठक में नगर निकायों से उत्पन्न ठोस अपशिष्ट के निस्तारण, कम्पोस्ट, फ्ळ्ळ्रवेस्ट एनर्जी, संग्रहण एवं परिवहन की स्थिति की समीक्षा की गई। निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन पर चर्चा हुई। साथ ही, अस्पतालों से निकलने वाले जैव चिकित्सा अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, ई-वेस्ट निस्तारण तथा औद्योगिक प्रदूषण की निगरानी संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में वन महोत्सव एवं वृक्षारोपण महाअभियान 2025 की प्रगति की समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रीन चौपाल के आयोजन, जिओ टैगिंग अनियमितता में सुधार, पौधों की सुरक्षा-संरक्षण, नियमित सिंचाई तथा पौधों की जीवितता सुनिश्चित करने के उपायों पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी महोदय ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि निर्धारित कार्ययोजनाओं को समयबद्ध ढंग से क्रियान्वित किया जाए एवं प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में जिलाधिकारी, अपर जिला अधिकारी प्रभागीय वनाधिकारी, नव नवल कुलश्रेष्ठ, उप जिलाधिकारी न्यायिक, जिला पंचायत राज अधिकारी उपनिदेशक कृषि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उपयुक्त उद्योग,सहित सबंधित विभागों के अधिकारी एवं समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# कोमल फाउंडेशन ने नौनिहालों के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया स्थापना दिवस।




समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। कोमल फाउंडेशन का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा संचालित संस्कारशाला, कबीर नगर में निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, रबर, पेंसिल, शॉपनर, पेंसिल बॉक्स, पानी की बोतल एवं इत्यादि सामग्री का वितरण किया गया।

इसी क्रम में डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से न्यूट्रीशन सपोर्ट प्रोग्राम के तहत डाबर रियल मैंगो जूस का वितरण भी किया गया।

मोहल्ला झलकारी नगर में रोहित शंखवार के निःशुल्क कोचिंग सेन्टर पर शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को पाठ्य सामग्री एवं डाबर रियल मैंगो जूस का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कोमल फाउंडेशन के संस्थापक/अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने कोमल फाउंडेशन की स्थापना के उद्देश्य और अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्था ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला सशक्तिकरण और बाल अधिकारों के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया है। कोमल फाउंडेशन अपने स्थापना वर्ष से ही शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, बाल कल्याण एवं अन्य सामाजिक कार्यों में निष्ठा पूर्वक निरंतर कार्यरत है।

वर्तमान में कोमल फाउंडेशन द्वारा उत्तर प्रदेश के जनपद फिरोजाबाद में चूड़ी कामगार मजदूरों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से संस्कारशाला, कोमल पाठशाला, बाल शिक्षा केन्द्र तथा संतोष शिक्षा केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

चूड़ी कामगार परिवारों की जरूरतमंद किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सखी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र भी संचालित किया गया है। इस केंद्र में बालिकाओं एवं महिलाओं को निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे स्वरोजगार से जुड़कर अपने परिवार की आय में सहयोग कर सकें।

सचिव कैलाश नारायण ने कोमल फाउंडेशन के सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों की सराहना की और भविष्य में और अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने का आह्वान किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान संस्कारशाला की शिक्षिका भावना राठौर, कोमल पाठशाला की शिक्षिका अंजलि राठौर, सखी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षिका श्रीमती रेणु, श्रीमती विनीता राठौर, कोमल फाउंडेशन के भूपेंद्र यादव, अंकित कुमार राजौरिया, लाखन सिंह, तान्या सिंह, अनिल कुमार वर्मा, रमाकांत आज प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

समाज जागरण

बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में मिशन शक्ति, आईसीड-ीएस आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण एवं समाज कल्याण विभाग के विभिन्न कार्य योजनाओं तथा भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मिशन शक्ति को लेकर आकांक्षात्मक ब्लॉक से संबंधित बिन्दुओं के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा कन्या सुमंगला की प्रगति विभाग वार प्राप्त की गयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि संस्थागत प्रसव की जागरूकता के क्षेत्र में कार्य करें और महिलाओं को जाकर समझाएं।

सीएचसी चंदौसी में स्थापित पोषण पुनर्वास केन्द्र ( एन आर सी) को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सैम बच्चों को वहाँ भिजवाना सुनिश्चित करें।

आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्यों को लेकर विकासखण्ड वार जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा की वीएचएनडी सत्र पर समस्त आंगनबाड़ी अपने उपकरण सहित उपस्थित रहे इसको प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए।

समाज कल्याण द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए फैमिली आईडी में प्रगति कम होने को लेकर असमोली और सम्भल के समाज कल्याण ग्राम विकास अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण तथा डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, समाज से-विका संगीत भार्गव एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# "बहजोई में मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा केंद्र कर्मियों की बैठक, अच्छे कार्य पर सम्मान और लापरवाही पर होगी कार्रवाई"

समाज जागरण

बहजोई। पुलिस लाइन बहजोई स्थित सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सु-रक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन में जनपद सम्भल मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा एवं सहायक नोडल अधिकारी क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक कुमार के द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अनुक्रम में जनपद में महिला सुरक्षा केंद्र में नियुक्त सभी अधिका-री/ कर्मचारी गण को पुलिस लाइन सभागार की मीटिग कर उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों के संबंध में उ. प्र.शासन से प्राप्त निदेर्शों से अवगत कराया गया एवं संबंधित सभी को दायित्व का बोध कराते हुए स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि अभियान के दोरान अच्छा कार्य करने वाले कार्मिकों को उनके कार्य के अनुसार जनपद स्तर एवं शासन स्तर से पुरस्कार कराया जाएगा एवं उ-दासीनता प्रदर्शित करने वाले कार्मिकों पर कार्यवाही की जाएगी ।

## कलश स्थापना के साथ गूंजे जयकारे, शारदीय नवरात्र महोत्सव की हुई शुरूआत

पदमा में कलशयात्रा से शुरू हुई प्रथम दिन की पूजा, विधायक भी हुए शामिल

**समाज जागरण**

पदमा। सोमवार को पदमा प्रखंड के पदमा, चम्पादिह,सरैया,एवं नावाडीह समेत क्षेत्र के विभिन्न देवी मंडपों में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र महोत्सव की विधिवत शुरूआत हो गई। पहले ही दिन श्रद्धा और आस्था का उत्साह चारों ओर देखा गया। पदमा दुर्गा मंडप में कलशयात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ गणमान्य ग्रामीण और जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। मौके पर पहुंचे विधायक मनोज कुमार यादव ने मां दुर्गा से प्रखंड की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। सुबह से ही ग्रामीण और युवाओं





की टोली पूजा पंडालों की सजावट व व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटी रही। वहीं, सरैयाचट्टी स्थित अष्टभुजी मां मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने अहले सुबह से ही साफ-सफाई और तैयारियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंदिर के आचार्य उत्तमानंद पाठक ने बताया कि यहां नवरात्र महोत्सव मनाने की परंपरा लगभग 65 वर्षों से चली आ रही है। हर वर्ष की तरह इस बार भी ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के सहयोग से भव्य आयोजन किया जा रहा है। पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मंदिर प्रांगण जयकारों और मंत्रोच्चारण से गूंज रहा है। आने वाले नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना के साथ विविध सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## महिला सशक्तिकरण के लिए दुर्गा पूजा के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित ।

**मिंटू कुमार समाज जागरण ।**

सात दिवसीय " सशक्त बेटियाँ सुरक्षितपरिवार" महिला सशक्तिकरण को लेकर गाँधी मैदान दुर्गा पंडाल मटवारी हजारीबाग मे " उमाजागृति फाउंडेशन " के द्वारा मार्शल आर्ट, सेल्फ डिफेन्स, लाठी और तलवारबाजी का निशुल्क प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है जो दिनांक 22 सितम्बर से 28 सितम्बर तक चलेगा ! कार्यक्रम का शुभारम्भ 22 सितम्बर दोपहर 2 बजे से नवरात्रि के प्रथम दिवस पर होगी एवं समापण एवं पुरस्कार वितरण 28 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से होगा ! सभी मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित करउद्घाटन किया गया, इस समारोह मे मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी हजारीबाग विंध्यवासिनी कुमारी सिन्हा जी, विशिष्ट अतिथि कोर्रा



थाना प्रभारी अजित कुमार, गुरुकुल कोचिंग संचालक एवं कोचिंग संचालक एसोसिएशन अध्यक्ष खढ जैन जी, पाणिनि अक्र अकेडमी के संचालक एवं कोचिंग एसोसिएशन सचिव प्रकाश कुमार जी, ॐ स्कूल प्राचार्य अशोक कुमार, डायमंड इंग्लिश अकेडमी के संचालक मनोहर कुमार, बड़ा अखाड़ा महंत श्री विजयानन्द दास जी, श्याम प्रभु जी, एडवोकेट रीना वर्मा जी, तापस चक्रवर्ती,Rankers Academy के संचालक शैलेश सिंह जी, रामलाल केमिस्ट्री क्लासेज के संचालक रामलाल शर्मा जी, नागपुरी फिल्म जगत की एक्ट्रेस वर्षा ऋतू जी सभी अतिथियों का स्वागत "उमाजागृति फाउंडेशन " के चेयरमैन एवं फाउंडर श्री धर्मेंद्र ठाकुर एवं छात्र-छात्राओं शामिल हुए थे

## जीएसटी सुधार : आम आदमी को मिली राहत - प्रभु दयाल कुशवाहा

**मिंटू कुमार समाज जागरण ।**

भारत की एन डी ए सरकार ने वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। जो 22 सितंबर 2025 से जीएसटी की नई दरें लागू हो गई हैं, जिससे आम आदमी को राहत मिलेगी। भारत धीरे-धीरे विकसित



राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है । न केवल आम आदमी बल्कि मध्यम वर्ग के लोगों को जबरदस्त फायदे होंगे । सरकार ने जीएसटी को दो मुख्य स्लैबों, 5% और 18% में सीमित कर दिया है । जिससे कर प्रणाली सरल और पारदर्शी बनेगी। - जीएसटी के अब केवल दो स्लैब होंगे, जिससे टैक्स गणना और अनुपालन आसान होगा। उक्त बातें जनता दल यूनाइटेड के हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने कही । कहा भारत तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है । आने वाले कुछ ही वर्षों में भारत विश्व पटल पर विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में गिना जाएगा ।

## बड़कागांव में कलश स्थापना के साथ अश्वनी दुर्गा पूजा नवरात्रा शुरू

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव : सुख समृद्धि व शक्ति की देवी मां दुर्गे की कलश स्थापना के साथ बड़कागांव प्रखंड में अश्वनी दुर्गा पूजा नवरात्रा शुरू हो गया। सोमवार को प्रखंड के 12 गांवों के मंदिरों में मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित की गई है । पुरोहितों के द्वारा प्रथम दिन मां दुर्गे की अवतार शैलपुत्री की पूजा की गई। बड़कागांव प्रखंड के अंबाजीत , बड़कागांव दैनिक बाजार , नापोखुर्द , बादम , हरली ,बरवाडीह , सांढ़ , गोंदलपुरा, महुंगाई कला, शुकुल खपिया , उरीमारी , वहीं बड़कागांव थाना के समीप गुरु चट्टी बाजार प्रांगण में पूजा की जा रही है। बड़कागांव दैनिक बाजार दुर्गा मंदिर में अध्यक्ष दीपक महतो, सचिव राजू कुमार ,कोषाध्यक्ष सनी कुमार के नेतृत्व में पूजा की जा रही है। गुरु चट्टी बाजार टांड़ में अध्यक्ष बिंदु दांगी, सचिव पिंटू गुप्ता, कोषाध्यक्ष हुलास प्रसाद दांगी , यदु



प्रसाद दांगी एवं सरोज कुमार के नेतृत्व मे, साँड़ गांव में अध्यक्ष मिथिलेश कुमार , नापोखुर्द में अध्यक्ष संजय साहू, सचिव सनी कुमार, कोषाध्यक्ष सुदेश कुमार के के नेतृत्व में पूजा की जा रही है। वहीं इनके अलावा अन्य पूजा पंडालो में पूजा समिति के पदाधिकारी के देखरेख में पूजा हो रही है। दुर्गा पूजा को लेकर पूरे प्रखंड में हजारों घरों में स्वच्छता के साथ नवरात्रा की जा रही है। पूजा को लेकर अमित मालाकार पूजा भंडार ,सुधीर जायसवाल, रजनीश मिश्रा, अरविंद मालाकार, अमरदीप ,राजेश श्रीवास्तव पूजा भंडार के अलावा अन्य पूजा दुकान पूजा सामग्रियों से सज गया है। वहीं दुर्गा पूजा को लेकर नए वस्त्र खरीदने के लिए राजधानी वस्त्रालय , गायत्री वस्त्रालय व अन्य वस्त्रालय में ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है।

## हजारीबाग में सांसद खेल महोत्सव का दूसरा चरण 23 सितंबर से होगा शुरू।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबागः हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 'सांसद खेल महोत्सव' का दूसरा चरण 23 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। इसका उद्देश्य क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। पहले चरण में 15,000 से अधिक खिलाड़ियों ने 'नमो फुटबॉल प्रतियोगिता' में भाग लिया, जिसके मैच अभी भी चल रहे हैं। दूसरे चरण में कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिसमें। क्रिकेट प्रतियोगिता 10 से 28 नवंबर तक कुज्जू, रामगढ़, बरही, हजारीबाग में आयोजित होगा। तीरंदाजी प्रतियोगिता 12 से 13 नवंबर तक रामगढ़ में और 21 से 22 नवंबर तक हजारीबाग में होगा। शतरंज



प्रतियोगिता 15 से 16 नवंबर तक हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय में आयोजित होगा। कबड्डी प्रतियोगिता 15 से 16 नवंबर तक रामगढ़, मांडू, हजारीबाग, बरही और बड़कागांव में विधानसभा-स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगा। फुटबॉल प्रतियोगिता 12 से 24 दिसंबर तक कुज्जू, रामगढ़, बरही और हजारीबाग में आयोजित होगा। सांसद मनीष जायसवाल ने सभी खेल प्रेमियों से इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है ताकि इसे एक ऐतिहासिक आयोजन बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जल्द ही पंजीकरण से संबंधित जानकारी भी साझा की जाएगी।

## राम जानकी मंदिर में भगवान नंदी बाबा को स्थापित किया गया

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

राम जानकी मंदिर के पुजारी चिंतामणि महतो के नेतृत्व में कलश स्थापना के दिन भगवान नंदी बाबा को स्थापित किया गया एवं प्राण प्रतिष्ठा किया गया । मौके पर पुजारी चिंतामणि महतो, गायत्री देवी ,रामप्रसाद साह,दीपू गुप्ता,



प्रिया गुप्ता,अंतू महतो, बंधन महतो,डोमन महतो पवन कुमार ,कैलाश कुमार,आनंद कुमार,सुनीता देवी,रेणु देवी, शंकर पंडित,आचार्य रामनाथ बाबा,रविंद्र लाल,पिंटू गुप्ता,हरि महतो ,पदुम महतो, सहदेव साह एवं अन्य कई ग्रामीण श्रद्धालु शामिल थे।

## नवाडीह गांव में अवैध महुआ शराब की भट्टियाँ नष्ट

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवाडीह इत्यादि गांवों में पुलिस प्रशासन के द्वारा अवैध शराब कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव के विभिन्न स्थानों पर संचालित अवैध महुआ शराब की भट्टियों को चिन्हित कर नष्ट कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि लंबे समय से इलाके में अवैध महुआ शराब बनाने और बेचने की शिकायत मिल रही थी। सूचना की पुष्टि के बाद कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान बड़ी



मात्रा में महुआ का जावा, तैयार शराब और शराब बनाने के उपकरण जब्त कर नष्ट किए गए। पुलिस बल ने मौके पर शराब बनाने के लिए रखे गए बर्तनों, ड्रमों और भट्टियों को तोड़ दिया तथा शराब को बहा दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध शराब से न केवल स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है बल्कि सामाजिक माहौल भी प्रभावित होता है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे ऐसे कार्यों में शामिल लोगों की सूचना पुलिस को दें ताकि समाज में नशामुक्त वातावरण बनाया जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने इस कदम का स्वागत करते हुए प्रशासन से नियमित निगरानी बनाए रखने की मांग की है।

## मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के द्वारा निकाली गई कलश यात्रा

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

गुरु चट्टी स्थित थाना के समीप संचालित बाजार टांड़ में मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बिंदु दांगी ,संस्थापक दामोदर प्रसाद मेहता एवं अन्य विशिष्ट पदाधिकारियों के नेतृत्व में दुर्गा पूजा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। गुरु चट्टी थाना रोड बड़कागांव मुख्य चौक ,कदमाडीह, ढेंगा नटराज नगर आदि गांव मोहल्ले में कलश यात्रा का भ्रमण हुआ। छवनिया नदी से जल का उठाव कर लोग पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचे तत्पश्चात मां दुर्गे की कलश स्थापना कर पूजा अर्चना की गई। कलश यात्रा में विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू के अलावा कई विशिष्ट लोग शामिल हुए । वही कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष



रामसेवकसोनी व विशिष्ट पदाधिकारी के नेतृत्व में फ्रूटी देकर स्वागत किया गया। मौके पर सचिव पिंटू गुप्ता,उपाध्यक्ष टुकन महतो, बसंत नारायण तिवारी, उपसंयोजक अशोक सिन्हा, संरक्षक रामधनी महतो, जयशंकर मेहता, झमन प्रसाद, , जय हिंद महतो , उप सचिव संजय कुमार, अवध किशोर कुमार, कोषाध्यक्ष हुलास प्रसाद दांगी, उप कोषाध्यक्ष सरोज कुमार, यदु प्रसाद दांगी, मनोरंजन मंत्री डॉ धनेश्वर प्रसाद, संतोष कुमार, सत्यजीत विद्या अलंकार उर्फ. मंटू ,देवनाथ कुमार, नारायण महतो, अरविंद महतो, , चंदन आर्या, प्रेमनाथ महतो, लाल किशुन महतो, सुनील कुमार, सूरज कुमार, नरेश महतो, नरेश कुमार, निखिल कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, बीगल किशोर महतो, बबलू कुमार, विकास कुमार, राकेश कुमार के अलावा अन्य लोग शामिल थे।

## दैनिक बाजार में जेसीबी से किया गया समतलीकरण

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव दैनिक बाजार दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक महतो के नेतृत्व में पूजा समिति द्वारा बाजार के पास रोड किनारे जेसीबी मशीन लगाकर समतलीकरण कार्य किया गया। रोड किनारे जमीन उबड़ खाबड़ होने के कारण लोगों को कई कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा था। अध्यक्ष दीपक महतो ने रोड किनारे दुकानदारों के द्वारा नाली के पास अतिक्रमण करने को



लेकर अंचलाधिकारी मनोज कुमार से अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण होने के कारण बराबर रोजाना हर वक्त सड़क जाम हो रही है , प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ताकि सुचारू रूप से आवागमन बहाल हो सके । दीपक ने कहा कि थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में अंचलाधिकारी ने अतिक्रमण मुक्त करने का आश्वासन दिए थे । परंतु अब तक कार्रवाई नहीं हुआ है।

## एनटीपीसी कम्पनी की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन किया गया

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

कटकमदाग प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम ओदरना स्कूल प्रांगण में एनटीपीसी कम्पनी की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में साधारण रोगों से ग्रसित 96 ग्रामीणों की निःशुल्क जांच कर दवा दी गई , साथ ही चिकित्सको ने उचित परामर्श दिया । भाजपा ओबीसी मंडल अध्यक्ष तुलसी प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि अत्याधिक वारिश के कारण ओदरना , जमुआरी के कई गरीब परिवार के लोग सर्दी , खांसी, बुखार, बदन दर्द, घुटना दर्द आदि समस्या से परेशान थे , इन्होंने इस समस्या को लेकर एनटीपीसी सीएसआर के वरिष्ठ प्रबंधक कमला




राम रजक से ओदरना में स्वास्थ्य कैम्प लगाने का विशेष रूप से अनुरोध किया।उसके बाद कैंप लगा , कैम्प में पर्यावरण विभाग के टीम भी साथ में सर्वे प्रत्येक मरीज को किया कि किस तरह के बीमारी किस परिस्थिति में हो रही है, तथा बीमारी से बचने का सलाह देते गए । शिविर में चिकित्सक के रूप में डॉ निधि मोर आरोग्यं हजारीबाग से, पारा मेडिकल वीरेंद्र कुमार, आर & आर के सतीश कुमार, नर्स फुलशो कुमारी, माला कुमारी, मुनिता कुमारी ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया

## भव्य अग्रसेन जयंती शोभायात्रा: शहर में उत्सव का अनोखा संगम

पूजाअर्चना और प्रारंभिक उत्सव,शोभा यात्रा की रंगीन झलकियाँ, समापन और प्रतिभागियों का सम्मान

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबागः हजारीबाग में मारवाड़ी अग्रवाल समाज के द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती शोभायात्रा सोमवार को शहर में भव्य रूप से निकाली गई। शोभायात्रा का विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और कई समाज के लोगों द्वारा हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा के प्रारंभ से पहले प्रातः काल में महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना की गई, जिसमें यजमान के रूप में समाज के मंत्री विनोद झुनझुनवाला





उपस्थित रहे। दोपहर तीन बजकर तीस मिनट पर ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ शोभायात्रा अग्रसेन भवन से शुरू हुई और शहर की गलियों तथा चौक-चौराहों से गुजरती हुई अपने मार्ग पर चलते हुए उत्सव का रंग बिखेरती रही। यात्रा के दौरान समाज की महिलाओं ने भागवत गीता सार पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की, वहीं अग्रवाल युवा मंच ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर आधारित जागरूकता नाटक प्रस्तुत किया। चौक-चौराहों पर रुककर आयोजित इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने राहगीरों और समाज के लोगों का मन मोह लिया। लगभग तीन घंटे तक चली यह शोभायात्रा अग्रसेन भवन पर भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुई। समापन कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान महाराजा अग्रसेन के जयकारों के साथ महिलाएं लाल-पीली साड़ी और पुरुष पारंपरिक कुर्ता-पजामा पहनकर उत्सव में सम्मिलित हुए। समाज के मंत्री विनोद झुनझुनवाला ने कहा कि अग्रसेन जयंती की यह शोभायात्रा न केवल हमारे समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और सहयोग की भावना को भी प्रदर्शित करती है। इस अवसर पर सभी ने मिलकर इसे सफल बनाने में अपना योगदान दिया। शहर में आयोजित यह भव्य शोभायात्रा तीन घंटे से अधिक समय तक चली और सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से एक मिसाल पेश की।

जयंती संयोजक सीए विनीत अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन जयंती शोभायात्रा का उद्देश्य न केवल हमारे समाज की एकता और परंपरा को प्रदर्शित करना है, बल्कि युवा पीढ़ी में सांस्कृतिक और सामाजिक जागरूकता भी फैलाना है। हम सभी ने मिलकर इस उत्सव को सफल और यादगार बनाने में योगदान दिया, और यह शोभा यात्रा शहर में एक सकारात्मक संदेश लेकर गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अभिषेक चौधरी गोदल ने दिया।

## कटकमसांडी प्रखंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खुटरा की टीम विजेता

**अरविंद कुमार यादव सामाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी**

युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में "मेरा भारत युवा" कार्यक्रम अंतर्गत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कटकमसांडी प्रखंड के खुटरा पंचायत स्थित ग्रीन पार्क स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया, जिनमें कटकम दाग, गोविंदपुर, हैदलाख, सुलमी, बरतुआ, पबरा, डुकरा और धरहरा की टीमें शामिल थीं।फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्लू बर्ड्स क्लब खुटरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया।व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन हाई जंप : मोहम्मद अफरीदी प्रथम, मोहम्मद मास खान द्वितीय, अजीत कुमार तृतीय स्थान पर रहे।400 मीटर दौड़ : रितेश कुमार



प्रथम, पवन कुमार द्वितीय, अदनान तृतीय स्थान पर रहे।बालिका वर्ग रस्सीकूद प्रतियोगिता : सोनी कुमारी प्रथम, प्रीति द्वितीय तथा पूजा तृतीय स्थान पर रही।मौके पर मौजूद अतिथि कार्यक्रम में कटकमसांडी हाई स्कूल के प्रिंसिपल विजय मासी, सम्मी अहमद, रंजीत अग्रवाल, अदनान हुसैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।गांव के सेक्रेटरी शाहजहां हुसैन, हाजी साने अहमद वारसी, नेहरू युवा केंद्र के डायरेक्टर रुद्र शेखर सर एवं रंजन हुआ केंद्र के डायरेक्टर मुशर्रफ हुसैन, इजराफिल खान, राजू, सबील अहमद, अब्बाब आलम, अदनान हुसैन, शाहिद अफरीदी, शरीफ उल्लाह, गुड्डू, फिरोज अहमद, मुकीम खान, उबर अहमद आदि कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रूप से शामिल रहे।प्रतियोगिता की जानकारी स्थानीय युवा गुड्डू ने दी।

## जीएसटी सुधार लागू होने पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जताया आभार

नवरात्रि की शुरूआत पर हजारीबाग समेत पूरे देश को मिला बड़ा उपहार।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए "Next Generation GST Reforms"का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हृदय से आभार व्यक्त किया। सोमवार से लागू हुए इन नए प्रावधानों ने न केवल टैक्स संरचना को सरल और पारदर्शी बनाया है, बल्कि आमजन, व्यापारी वर्ग और उद्योग जगत को भी बड़ी राहत प्रदान की है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि नवरात्रि के शुभारंभ पर यह सुधार देशवासियों के लिए एक ऐतिहासिक उपहार है। माँ दुर्गा की कृपा से यह निर्णय हर परिवार और व्यापारी के जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा।

प्रमुख बातें और राहत प्रावधान

- नए जीएसटी रेट स्लैब (5% एवं 18%) से दैनिक उपयोग की वस्तुओं, कपड़े, दाल, अनाज और आवश्यक सेवाओं पर कर भार कम होगा।- जीवनरक्षक दवाएँ, कैंसर और गंभीर बीमारियों की दवाइयाँ, चिकित्सा उपकरण और स्वास्थ्य सेवाएँ सस्ती होंगी। - जिन व्यवसायियों के पास 22 सितंबर 2025 से पूर्व निर्मित माल (अनसोल्ड स्टॉक) है, उन्हें नई दरों के अनुरूप पुनः स्टिकर बदलने की अनिवार्यता नहीं होगी। इससे हजारों छोटे व मध्यम व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। - छोटे कारोबारियों और स्टार्टअप्स के लिए जीएसटी रिटर्न की प्रक्रिया को सरल किया गया है। - क्रेडिट नोट और इनवॉयस मिलान की जटिलता को कम किया गया है, जिससे व्यवसायियों का अनुपालन का बोझ घटेगा।

- परिवहन, पर्यटन और सेवा क्षेत्र में टैक्स का बोझ कम होने से रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

**जनता और व्यापारियों के लिए नई उम्मीद**

केंद्र सरकार द्वारा इन सुधारों से हजारीबाग के व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी और उपभोक्ताओं को वस्तुओं की कीमतों में कमी का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर मोदी सरकार ने यह ऐतिहासिक उपहार देकर हर वर्ग की चिंता दूर की है। जिन व्यापारियों के पास पुराने माल पड़े हैं, उन्हें भी सरकार ने रियायत दी है ताकि कोई अनावश्यक परेशानी न झेले। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देता हूँ। विधायक ने आगे कहा कि यह सुधार जीएसटी 2.0 देश की आर्थिक व्यवस्था को नई ऊँचाई देगा। आम नागरिकों को सस्ती वस्तुएँ मिलेंगी, व्यापारियों का बोझ घटेगा और उद्योगों को नए अवसर मिलेंगे। यह निर्णय न केवल हजारीबाग, बल्कि पूरे देश के लिए आर्थिक नवजीवन का अवसर है।

## कटकमदाग प्रखंड में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र की शुरूआत।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**

कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र उत्सव की शुरूआत आस्था और श्रद्धा के माहौल में हुई। सोमवार को विभिन्न गांवों और मंदिरों में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान भक्तजनों ने जयकारों के साथ गांव का भ्रमण किया और पवित्र जल लाकर विधिविधान से कलश स्थापना की। कलश स्थापना के साथ ही मां दुर्गा की उपासना कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना भक्तों द्वारा पूरे विधि-विधान से की गई। श्रद्धालुओं ने सुबह से ही व्रत-उपवास रखते हुए मां दुर्गा के चरणों में भक्ति भाव से अर्घ्य अर्पित किया। मंदिरों और पूजा पंडालों में भक्ति गीतों की गूंज के साथ माहौल पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगा रहा। पूरे प्रखंड क्षेत्र के कदमा, सालगांव,लुटा ,नावाडीह ,पकरार ,कुद रेवाली, मसरातू ,पसई ,बानादाग सिरसी दामोडीह खपरियावा बन्हा नवादा ढेगुरा मरहंद बेस पुंदरी फतह सुल्ताना बेन्दी अडरा सलगा मेयातू कटकमदाग बाका हथामेढी में शारदीय नवरात्र को लेकर विशेष सजावट की गई है। मंदिरों और पंडालों में आकर्षक रोशनी तथा तोरण द्वार लगाए गए हैं।

जगह-जगह श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि अगले नौ दिनों तक प्रत्येक दिन मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाएगी। भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और सभी परिवारजन सुबह-शाम आरती, भजन-कीर्तन तथा धार्मिक आयोजनों में शामिल हो रहे हैं।

इस प्रकार कटकमदाग प्रखंड में श्रद्धा और भक्ति के साथ शारदीय नवरात्र की मंगलमयी शुरूआत हुई।

# शंकराचार्य जी ने कहा स्वत्रंत भारत मे गौहत्या भारतीयों के माथे पर सबसे बड़ा कलंक

**समाज जागरण**

22,9,25,जमुई,बिहार। भारत से गोकशी का कलंक मिटाकर गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने हेतु कृतसंकल्पित परमाराध्य परमधमार्धीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंद : सरस्वती जी महाराज गौमतदाता संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज जमुई पहुचने पर आहूत मतदाता संकल्प सभा मे उपस्थित गौभक्त जनसमुदाय से अपना उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत मे गौहत्या भारतीयों के माथे पर सबसे बड़ा कलंक है।जिसे तत्काल दूर करने हेतु सनातनधर्मियों को कमर कस लेना चाहिए।गौहत्या रोकने में समर्थ नेता अपने निजी स्वार्थ हेतु हमारी गोकशी बन्द करने की मांग को लंबे समय से अनसुना कर रहे हैं।और हर तरह से प्रयास करने पर भी उनके कानों पर जूं नही रेंग रही है।इन सत्तालोलुप नेताओं का प्राण वोट में बसता है हमसब मिलकर जब इनके वोटबैंक पर हमला करेंगे तो ये बिलबिला कर गौहत्या बंदी का कानून पारित करेंगे। श्रीशंकराचार्य जी महाराज लोकतंत्र में बहुमत की बात स्वीकारी जाती है और जब सनातनी विचारधारा की सरकार इस देश मे बनेगी तभी गौहत्या बन्द हो सकेगा।इसलिए अब हमसब को अपने वोट को गौहत्या





रोकने का हथियार बनाना होगा।वर्तमान सरकार को बहुमत का लाभ उठाकर गोकशी को कड़ाई से अब तक बन्द करा देना चाहिए था।ताकि सरकार के न रहने पर पश्चाताप न करना पड़े।मनुष्य शरीर प्रदाता ईश्वर भी चाहता है कि हम धर्माचरण करते हुए गोकशी पर प्रतिबंध लगाएं।

पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज ने कहा कि अंग्रेजों के विरुद्ध गौभक्त मंगल पाण्डेय ने बिगुल फूंका था।मातादीन भंगी ने मंगल पांडेय को बताया था कि कारतूस में गाय की चर्बी का प्रयोग किया जा रहा है।तब मंगल पांडेय ने गाय की चर्बी हम मुंह से नही लगा सकते कहकर बगावत कर दिया था।भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का प्रारंभ गौभक्तों






ने ही किया था।दोनो गौभक्तों को फांसी पर लटका दिया गया था।गौहत्या के कारण ही गोरे अंग्रेजों को देश भगाया गया था।और गौहत्या के कारण ही अब इन काले अंग्रेजों को भगाने का समय आ गया है।स्वतंत्रता आंदोलन में सबसे बड़ा मुद्दा गौहत्या ही था।हमारे पूज्य ब्रम्हलीन गुरुदेव भी स्वतंत्रता संग्राम में गौरक्षा हेतु ही कूदे थे।उन्हें मालूम होता कि स्वत्रंत भारत मे गौहत्या इतने तेजी से बढ़ेगा तो वे कभी भी स्वतंत्रा संग्राम में भाग नही लेते।हम किसी भी दल के समर्थक या विरोधी नही हैं।हम किसी भी दल का समर्थन या प्रतिकार उसके नीति व नियत के आधार पर करते हैं।हम हिंदुओं को अपना पराक्रम दिखाना पड़ेगा।गौरक्षा के माध्यम से हम हिंदुओं को एकजुट होकर सशक्त होना पड़ेगा।आप मतदान के माध्यम से अपने शक्ति का सदुपयोग करिए।कसाइयों का संरक्षण गौरक्षकों पर केस इस देश के दुर्भाग्य का द्योतक है। उक्त जानकारी देते हुए श्रीशंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने बताया कि आज जवाहर हाई स्कूल,बोधमन तालाब, खैरा मोड़, हॉस्पिटल रोड,अटल बिहारी चौक,महराजगंज चौक, स्टेट बैंक चौराहा,शिल्पा विवाह भवन होते हुए शंकराचार्य जी महाराज की विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में जमुईवासी सम्मलित होकर शंकराचार्य जी महाराज का दर्शन उनसे शुभाशीष प्राप्त किया। शंकराचार्य जी महाराज मणिद्वीप एकेडमी में विश्राम किए थे और आज रात्रि-विश्राम नवादा में करेंगे।

**आज के कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अभिषेक सिंह भगत थे।**

शोभायात्रा एवं मतदाता संकल्प यात्रा में प्रमुख रूप से सर्वश्री-गौमतदाता संकल्प यात्रा के संयोजक स्वामी प्रत्यक्चैतन्यमुकुंदानंद गिरी जी महाराज, सहसंयोजक देवेंद्र पाण्डेय, दण्डी स्वामी श्री श्रीनिधिरव्ययानन्द सागर,शैलेन्द्र योगी सहित भारी संख्या गौभक्त उपस्थित थे।

# जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर तारा श्वेता आर्या अपने कार्यकताओं के साथ बिहार बदलाव यात्रा के दौरान निकाली रैली

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




जनसुराज पार्टी के भावी प्रत्याशी डॉक्टर तारा श्वेता आर्या अपने कार्यकर्ताओं के साथ बिहार बदलाव यात्रा के दौरान किशनगंज शहर के डे-मार्केट से रैली निकाली। रैली रुईधासा मैदान, हलीम चौक, जनसुराज ऑफिस, इमली गोल चौक, पश्चिम पाली, फल चौक होते हुए पुठिया प्रखंड के सभी पंचायत का भ्रमण कर पुनः किशनगंज शहर तेघरिया में समापन हुआ। रैली निकालने से पहले भावी प्रत्याशी डॉक्टर तारा श्वेता आर्या ने प्रेस वार्ता कर बताइए की जनसुराज पार्टी का बिहार में पांच बिंदु पर जो काम हो रहा है, जो बिहार को बदलना है। उन्होंने कही पांच बिंदु में पहले बिंदु पलायन को रोकना, विधवा व वृद्धा पेंशन को बढ़ाना जो की विधवा व वृद्धा पेंशन दो हजार रुपए मिलना चाहिए, किसानों को खेती के लिए मुफ्त बिजली, मजदूरों को रोजगार दिया जाएगा, महिलाओं को हर एक साल 5 लाख रुपए तक का चार प्रतिशत पर ब्याज की दर से ऋण दिया जाएगा, 15 साल के बच्चों को मुक्त शिक्षा दी जाएगी एवं कई अन्य योजनाओं के बारे में बताई। परिवार लाभ कार्ड योजना से हर महीने दो लाख रुपए का लाभ हर एक परिवार को मिलेगा और परिवार लाभ कार्ड बनना अभी से ही शुरू हो गया है या हमारी सबसे बड़ी जीत है जबकि अभी तक चुनाव भी नहीं हुआ है जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर की सोच है कि अभी से ही बिहार के गरीबों के लिए सोचा है बिहार के लिए विकास के लिए सोचा है।

# 720 लीटर विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



उत्पाद विभाग के द्वारा लगातार जिले में शराब पीने व शराब तस्करी के विरुद्ध जांच अभियान चलाया जा रहा है. वही उत्पाद विभाग के द्वारा करवाई करते हुए उत्पाद विभाग के सहायक अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार सिंह एवं सहायक अवर निरीक्षक शिवपूजन कुमार सिंह अपने टीम के साथ ब्लॉक चौक पर जांच अभियान चलाया. जांच अभियान के दौरान एक पिकअप वाहन को रोक कर तलाशी ली. तलाशी के दौरान पिकअप वाहन लदे 720 लीटर विदेशी शराब बरामद करते हुए एक तस्कर सुजीत बरोई को गिरफ्तार किया.साथ ही पिकअप वाहन को जप्त कर लिया. गिरफ्तार तस्कर का सदर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कराकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया.

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आईसीडीएस की समीक्षा बैठक आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिलाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में आईसीडीएस की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई आलोक कुमार भारती, सभी सीडीपीओ, पीएचईडी, बीसीडी एवं आईसीडीएस के सभी कर्मी उपस्थित थे। पीएचइडी को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल की उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बाल विकास परियोजना किशनगंज में यह कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के लिए कहा गया।

सभी सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्र भवन की मरम्मती का उपयोगिता प्रमाण पत्र सात दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी सीडीपीओ को पीएमएमवीवाई योजना का लक्ष्य प्राप्ति, अतिकुपोषित बच्चों को एनआरसी रेफर, आंगनबाड़ी केंद्र का शत-प्रतिशत निरीक्षण, तथा पोषण माह में आवश्यक डेटा एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को अपने कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करने और बाल विकास एवं पोषण संबंधी गतिविधियों को प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में बाल विकास योजनाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को बढ़ाना एवं सभी

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का हो रहा प्रचार - प्रसार

**प्रचार गाड़ी गाँव - पंचायत में दे रही जानकारी**

**जीविका ग्राम संगठन में हो रहा आवेदन**

**एक लाख पच्चीस हजार से अधिक आवेदन जमा**

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का गाँव पंचायत स्तर पर, प्रचार प्रसार किया जा रहा है. जीविका डीपीएम अनुराधा चंद्रा ने बताया कि ई रिक्शा प्रचार गाड़ी के माध्यम से जानकारी दी जा रही है. प्रचार गाड़ी में लगे ऑडियो प्रचार सामग्री के जरिए, महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की सूचना दी जा रही है. इस योजना को लेकर महिलाओं में काफी उत्सुकता देखी जा रही है. उन्होंने बताया कि महिलाएं अपने ग्राम संगठन में योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन भर रही हैं. इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया निःशुल्क है.किशनगंज जिला में अब तक 1 लाख 25 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो गया है. किसी भी प्रकार की समस्या आने पर जिला प्रशासन एवं जीविका कार्यालय में अविलंब शिकायत की जा सकती है.

इस योजना के तहत सभी प्रखंड के विभिन्न जीविका महिला ग्राम संगठन में जीविका दीदियाँ एवं अन्य महिलाएं आवेदन कर रही हैं. जो महिलाएँ स्वयं सहायता समूह से नहीं जुड़ी हैं वो पहले समूह से जुड़ने का आवेदन ( फॉर्म 2 ) भर रही हैं.स्वयं सहायता समूह से जुड़ाव के बाद उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा. शहरी क्षेत्र की समूह से जुड़ी महिलाएँ क्षेत्र स्तरीय संगठन (ALO) में आवेदन दे रही हैं.शहरी क्षेत्र में जो सदस्य समूह से नहीं जुड़े हैं वो पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. जीविका के ऑफिसियल साईट पर इसका लिंक उपलब्ध है. इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदनकर्ता, निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं. महिलाओं को उनके खाते में सीधे दस हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया जाएगा. रोजगार शुरू करने और आकलन उपरांत, आवश्यकता अनुसार दो लाख रुपए तक की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी. इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार के एक महिला सदस्य को लाभ दिया जाना है. जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं का आवेदन ग्राम संगठन में भरा जा रहा है. जो महिला समूह से नहीं जुड़ी हैं उन्हें पहले समूह से जोड़ कर योजना का लाभ देना है. इस योजना के तहत प्राप्त राशि से महिलाएं रोजगार के साधन विकसित करेंगी. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के प्रचार - प्रसार के लिए जागरूकता वाहन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है.गांव - पंचायत में जागरूकता वाहन में लगे स्क्रीन के माध्यम से, ऑडियो - वीडियो फिल्म दिखाकर महिलाओं को इस योजना का लाभ लेने के लिए जानकारी दी जा रही है.

# कुटुंबा में 564 लीटर महुआ शराब बरामद

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में भारी मात्रा मे छुपा कर रखे अवैध चुलाई महुआ शराब बरामद किया गया।थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए थाना क्षेत्र के ढिबर



नहर फाटक के समीप झाड़ी में छुपा कर रखे 564 लीटर देसी चुलाई महुआ शराब बरामद किया गया है थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में पुलिस अग्रिम कारवाई कर रही है। छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष इमरान आलम और सशस्त्र बल शामिल थे।

# पटना जिले के पालीगंज में माले कार्यकर्ताओ ने निकाला प्रतिवाद मार्च

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज में भाकपा माले के आह्वान पर सोमवार को माले कार्यकर्ताओ ने राज्यव्यापी प्रतिवाद मार्च निकाला। इस दौरान सैकड़ो माले कार्यकर्ताओ ने पार्टी के बैनर तले पालीगंज माले कार्यालय से एक जुलूस निकालकर बाजार की सड़कों पर भर्मण किया। जुलूस का नेतृत्व मुखिया संघ के पालीगंज प्रखण्ड अध्यक्ष सह माले नेता आनन्द कुमार यादव ने किया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने अपने हाथों में माले का झंडा लेकर नारेवाजी करते हुए पालीगंज स्थित बिहटा मोड़ पर जमा हुआ। जहां एक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए आनन्द कुमार यादव ने कहा कि गरीबो को देने के लिए सरकार के पास 3 डिसमिल जमीन नही है। लेकिन पीरपैती व भागलपुर में पावर प्लांट लगाने के लिए 1 रुपए प्रति एकड़ की दर से 1050 एकड़ जमीन सरकार ने 33 वर्षो के लिए अडानी को किसानों से जबरदस्ती छीन कर दे दिया। ज्ञात हो कि विधानसभा में भाकपा माले विधायक सत्यदेव राम के द्वारा पूर्व में गरीबों को रहने के लिए सरकार से 3 डिसमिल जमीन की मांग किया गया था। जिसपर आश्वासन भी दी गयी थी। लेकिन आज सरकार गरीबो को नजरअंदाज कर पूंजीपतियों पर ध्यान दे रही है। वही उन सभी कार्यकताओं ने गरीबो के लिए तीन डिसमिल जमीन की मांग सरकार से कर रहे थे। मौके पर पालीगंज मुखिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष सह माले नेता आनन्द कुमार यादव, सुरेन्द्र पासवान, विनेश चौधरी, अविनाश कुमार, अमरसेन दास, मंगल यादव, आशा देवी, सीतापति देवी सहित अन्य माले कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पटना पुलिस ने किया हथियार के साथ रिल्स बनाते युवक को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ पटना सिटी के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, जो इंस्टाग्राम रील्स बनाने के लिए देशी पिस्टल का इस्तेमाल कर रहा था। उसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल व दो जिंदा कारतूस भी बरामद की है। गिरफ्तार युवक की पहचान पटना के अंबेडकर कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय मोहम्मद हसन के रूप में हुई है। हसन एक व्यापारी परिवार से ताल्लुक रखता है और वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया है कि उसका कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं है। वह संगठित अपराधी नहीं, बल्कि सोशल मीडिया की लत और दिखावे की प्रवृत्ति के कारण इस रास्ते पर चला। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अंबेडकर कॉलोनी में एक युवक हथियार के साथ रील्स बना रहा है। सूचना के आधार पर सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और मौके पर दबिश दी। मौके से मोहम्मद हसन को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। जब उसकी तलाशी ली गई तो पुलिस को उसके पास से एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इन हथियारों को तुरंत जब्त कर लिया गया और युवक को थाने ले जाया गया। फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि मोहम्मद हसन ने हथियार और कारतूस कहां से प्राप्त किए। यह एक गंभीर सवाल है, क्योंकि देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस आम नागरिक के लिए आसानी से उपलब्ध नहीं होते। पुलिस की प्राथमिक जांच से यह संकेत मिला है कि इसके पीछे किसी बड़े गिरोह का हाथ हो सकता है, जो अवैध रूप से हथियारों की कारोबार करता है। यही कारण है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। इस मामले का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि युवक ने हथियार का इस्तेमाल अपराध के लिए नहीं, बल्कि इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर दिखावा करने के लिए किया। वह रील्स बनाते समय हथियार दिखाता और सेल्फी खींचता था। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स पाने और लोकप्रियता हासिल करने की यह सनक युवाओं के लिए खतरनाक होती जा रही है। इस प्रवृत्ति के चलते कई बार ऐसे कदम उठाए जाते हैं, जिनका नतीजा गिरफ्तारी या जीवनभर का पछतावा बनकर सामने आता है। पुलिस ने हथियार और कारतूस को जब्त कर लिया है और अब यह पता लगाने में जुटी है कि इनके पीछे कोई संगठित गिरोह सक्रिय है या नहीं। अधिकारियों का कहना है कि जब तक मामले की पूरी तहकीकात नहीं हो जाती, तब तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुँचना जल्दबाजी होगी। गहन जांच के बाद ही यह तय होगा कि युवक ने यह कदम अकेले उठाया था या किसी आपराधिक नेटवर्क से जुड़ा हुआ था।

# पटना में बिजली करेंट के चपेट में आने से हुई दो युवकों की मौत

**समाज जसगर्न पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात करंट की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा बिहटा थाना क्षेत्र के पैनाठी रोड पर बंसी टोला के पास हुआ। ग्रामीणों के अनुसार, रास्ते के पास एक खेत में गिरे हुए 440 वोल्ट के तार ने घटना को अंजाम दिया।इस हादसे में दो युवकों ने अपनी जान गंवाई। उनमें से एक राकेश कुमार था जो बिहटा थाना क्षेत्र के बहपुरा गांव का रहने वाला था। दूसरा मृतक लक्ष्मण कुमार मनेर थाना क्षेत्र के सराय गांव का निवासी था। दोनों अच्छे दोस्त थे और रोजाना की तरह आपस में मिलकर अपने-अपने घर लौट रहे थे। किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर साबित होगा। घटना उस समय हुई जब लक्ष्मण कुमार खेत में शौच के लिए गया था। वहां अचानक उसका पैर खुले तार से छू गया। तार में तेज करंट दौड़ रहा था और वह तत्काल झुलसकर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर पास में मौजूद उसका दोस्त राकेश कुमार बिना कुछ सोचे-समझे उसकी जान बचाने भागा, लेकिन दुर्भाग्यवश वह भी उसी तार की चपेट में आ गया। इस तरह मदद करने की कोशिश ने एक और जिंदगी को लील लिया।जब आसपास के लोगों को शोर सुनाई दिया तो वे घटनास्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से दोनों को बिजली के तार से अलग किया। आनन-फानन में दोनों को बिहटा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन करंट का असर इतना गहरा था कि डॉक्टरों ने काफी कोशिश करने के बाद भी उन्हें बचा नहीं पाए। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों युवकों के परिवारों में कोहराम मच गया। घरों में मातम का माहौल छा गया। मृतक लक्ष्मण कुमार के परिजन उसके शव को तत्काल अपने घर ले गए। वहीं, राकेश कुमार के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। परिवारजन लगातार बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर नाराजगी जता रहे थे। उन्हें लगता है कि समय रहते तार की मरम्मत की गई होती तो आज उनके परिवार के सदस्य जिंदा रहते। जैसे ही सूचना स्थानीय थाने तक पहुंची, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दोनों मृतकों की परिस्थितियों की जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि एक परिवार शव को अपने साथ ले गया जबकि दूसरे युवक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। अधिकारियों ने आगे जांच कर रिपोर्ट तैयार करने की बात कही। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार टूटे या लटकते बिजली तार की शिकायत बिजली विभाग से की गई थी, लेकिन इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस लापरवाही ने दो मासूम जिंदगियां छीन लीं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोग इस बात से चिंतित भी हैं कि यदि समय पर तारों की मरम्मत और देखरेख नहीं की गई तो भविष्य में और भी ऐसी घटनाएं हो सकती हैं।

दो युवाओं की मौत ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है। दोनों ही अपने परिवारों के सहारा थे। राकेश और लक्ष्मण की दोस्ती गांव में मिसाल मानी जाती थी। लोग उनके अचानक चले जाने से सदमे में हैं।

# पटना में पुनपुन नदी से हुआ अधेड़ महिला की शव बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र अंतर्गत पुनपुन नदी से मंगलवार को एक महिला की लाश बरामद हुई है। महिला की उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जा रही है। शव को नदी में बहते हुए देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकाला। मृतका की पहचान सिरपतीया देवी (55 वर्ष), पत्नी स्वर्गीय सुग्रीव मांझी के रूप में हुई है। मूल रूप से वह अल्लाह बक्शपुर की रहने वाली थीं, लेकिन काफी दिनों से फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के कुरकुरी गांव में अपनी बेटी के यहां रह रही थीं। परिजनों के अनुसार वह चार दिन पहले लापता हो गई थीं। मंगलवार को जब लाश बरामद हुई तो पहचान साड़ी के आधार पर हुई। मृतका की बहू मंजू देवी ने बताया कि सिरपतीया देवी चार दिन से लापता थीं। यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी मौत डूबने से हुई है या हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया गया है। गौरीचक थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। लाश काफी सड़ी-गली हालत में थी और बदबू के कारण पहचान मुश्किल हो रही थी। शाम को जब शव की पहचान हुई तो बड़ी संख्या में महिलाएं थाने पहुंचीं और रोने-बिलखने लगीं। मृतका के परिवार में चार संतानें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। पति की मौत पहले ही हो चुकी थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# नदी में डूबने से एक बच्चे की मौत

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना क्षेत्र के ठेंगो गांव में नवरात्रि में कलश यात्रा के अवसर पर एक बड़ा हादसा हो गया जिसमें एक युवक की मौत कररबार नदी में डूबने से हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नवरात्रि के प्रथम दिन कलश यात्रा का आयोजन किया गया था जहां कारबार नदी से कलश में जलभरी करना था।वहीं समय से पूर्व कुछ बच्चे नदी तट पर पहुंच गए थे इसी दौरान एक बच्चा पैर फिसल जाने से नदी के गहरी पानी में बहकर कुछ दूर चला गया। वहीं हो हल्ला सुनकर कलश यात्रा में शामिल स्थानीय गोताखोरों ने काफी मशक्कत के बाद बच्चे को पानी से बाहर निकाला। तत्काल बच्चे को स्थानीय चिकित्सक के पास लाया गया जहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया।मृत बच्चा की पहचान ठेंगो गांव निवासी मिथिलेश ठाकुर का 13 वर्षीय पुत्र भूषण कुमार ठाकुर के रूप में किया गया।लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना से परिजन चीत्कार मारकर रोने लगे वहीं गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

# 1932 की मांग पर न आंदोलन होगा, न समाज उठाएगा आवाज, न नेता दिखेंगे समाजसेवी रामू सरदार

परमवीर पात्रों,दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर (झारखंड) 22 सितंबर 2025



**समाज जागरण जमशेदपुर।** झारखंड में 1932 की मूलवासी-स्थानीयता की मांग अब धीरे-धीरे हाशिए पर जाती दिख रही है। समाजसेवी रामू सरदार, सनत सिंह सरदार और राजू मुखी ने संयुक्त रूप से कहा कि इस मुद्दे पर अब न तो आंदोलन होगा, न समाज उठकर आवाज बुलंद करेगा और न ही नेता इसके लिए सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि वर्षों से यह विषय केवल भाषणों और घोषणाओं तक सीमित है। कई राजनीतिक दलों ने इसे चुनावी हथियार की तरह इस्तेमाल किया, पर सत्ता में आने के बाद किसी ने गंभीर पहल नहीं की। परिणामस्वरूप, आज समाज और संगठन दोनों स्तरों पर चुप्पी है। आम जनता भी अपने दैनिक संघर्षों में उलझकर इस मांग को भुला बैठी है। समाजसेवियों ने स्पष्ट किया कि 1932 की मांग केवल मंचों और अखबारों की सुर्खियों तक सीमित रह गई है। न जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, न ही जनांदोलन की कोई ठोस रणनीति बन रही है। नेताओं की प्राथमिकता अब बदल चुकी है और युवाओं में भी इस मुद्दे के प्रति जागरूकता का अभाव है।

तीनों समाजसेवियों ने कहा कि अब न रेल टेका होगा और न कोई बड़ा आंदोलन। 1932 की मांग केवल जनता को बहलाने और नेताओं-मंत्रियों द्वारा बेवकूफ बनाने का जरिया बन चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अब भी इस उदासीन रवैये को बदला नहीं गया तो आने वाली पीढ़ी 1932 की मांग को केवल एक भूला-बिसरा अध्याय मानकर देखेगी।

# पटमदा में सड़क दुर्घटना : हाइवा की चपेट में बाइक सवार की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

परमवीर पात्रों,दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर (झारखंड) 21 सितंबर 2025



पटमदा (जमशेदपुर)। पटमदा प्रखंड के जलडहर स्थित पेट्रोल पंप के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सुबह करीब 7:15 बजे बालू लदे हाइवा ने युवक को रौंद दिया। हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सुबह 8 बजे से टाटा पटमदा मुख्य सड़क को जाम कर दिया। इसके कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। कुछ यात्री बसों को भुईयांसिनान-भूला रोड की ओर डायवर्ट किया गया, लेकिन बेलटांड़ जोड़सा रोड, बेलटांड़ रघुनाथपुर मुख्य सड़क, जलडहर और गाड़ीग्राम समेत आसपास की सभी सड़कों पर ग्रामीणों ने जाम कर दिया। इससे स्कूली बच्चों और आम यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण 10 लाख रुपये मुआवजे की मांग कर रहे हैं। वहीं गाड़ी मालिक चौका निवासी मिथुन सोरेन की ओर से भेजे गए प्रतिनिधि और ग्रामीणों के बीच पटमदा थाना में बैठक चल रही है। लावा पंचायत के मुखिया कानूराम बेसरा ने बताया कि गाड़ी मालिक की ओर से अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि गाड़ी मालिक के आने और वार्ता होने के बाद ही जाम समाप्त किया जाएगा।

घटनास्थल पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष लाठी-डंडे के साथ मौजूद हैं और वाहनों को रोक रहे हैं। स्थिति को संभालने के लिए पटमदा डीएसपी वचनदेव कुजूर मौके पर मौजूद हैं और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

मृतक की पहचान गंगासागर टुडू के रूप में हुई है। वह दो भाइयों में बड़े थे। माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है और दोनों भाई साथ रहते थे। मृतक अविवाहित थे। हादसे की खबर सुनते ही छोटे भाई हेमसागर टुडू का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मानगो की बड़ी समस्या का हल, विधायक सरयू राय की पहल सफल

परमवीर पात्रों,दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर (झारखंड) 22 सितंबर 2025

जमशेदपुर विधायक सरयू राय के प्रयास से मानगो के लोगों को बड़ी राहत मिली है। नवरात्र के प्रथम दिन, सोमवार को जवाहर नगर रोड नंबर 15, मानगो स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का 150 हॉर्स पावर का दूसरा मोटर पंप भी



चालू कर दिया गया। इससे पहले एक 150 एचपी का पंप पहले ही चालू हो चुका था। अब दोनों पंप पूरी क्षमता से चल रहे हैं, जिससे मानगो क्षेत्र के निवासियों को सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित होगी। सोमवार को उलीडीह मंडल के जनसुविधा प्रतिनिधि संतोष भगत ने नारियल फोड़कर पंप का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विधायक सरयू राय ने मानगो की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए लगातार पहल की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से लेकर प्रमुख सचिव तक से मुलाकात की और विधानसभा में भी इस मुद्दे को मजबूती से उठाया। संतोष भगत ने विश्वास जताया कि अब दोनों पंपों के संचालन से मानगो क्षेत्र को राहत मिलेगी। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि इंटकवेल में 350 एचपी का मोटर पंप लगाया जा रहा है, जो जल्द ही चालू हो जाएगा। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कर्मचारी प्रह्लाद मिश्रा, अर्जुन साही, टुनटुन सिंह, बाबू खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जमशेदपुर में फरार संदीप गोप के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार, कुर्की की चेतावनी

परमवीर पात्रों,दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर (झारखंड) 22 सितंबर 2025



जमशेदपुर। बिरसा नगर जोन नंबर-3 निवासी संदीप गोप पिछले छह महीनों से फरार चल रहे हैं। लगातार फरारी के बाद पुलिस ने अब उनके घर पर इश्तहार चिपकाकर सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने परिजनों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि संदीप गोप जल्द ही वापस नहीं आते हैं या कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं करते हैं, तो उनके घर की कुर्की कर दी जाएगी। इश्तहार चिपकाए जाने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। वहीं परिजन भी इस कार्रवाई से चिंतित दिखाई दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि यह कदम कानून के अनुसार उठाया गया है और आगे भी आवश्यकतानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

# गरीब और आदिवासी बच्चों की शिक्षा के लिए कोवाली में बनेगा छात्रावास, 70 लाख की लागत से होगा निर्माण

परमवीर पात्रों,दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर (झारखंड) 21 सितंबर 2025



पूर्वी सिंहभूम पोटका। गरीब और आदिवासी बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कोवाली में छात्रावास का निर्माण शुरू किया जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 70 लाख रुपये है। छात्रावास निर्माण की शुरूआत भूमि पूजन कार्यक्रम के साथ हुई, जिसमें मंत्रोच्चारण के बीच नींव रखी गई। इस नवनिर्माण अभियान को मुख्य दानकर्ता निकुंजभाई वालजीभाई वघासीया और सूरत (गुजरात) के काशीवा हरिभाई गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट का सहयोग प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनजी भाई वनानी (सूरत, गुजरात) ने कहा– हमारा उद्देश्य गरीब और आदिवासी बहुल क्षेत्र में शिक्षा का विकास करना है। इसी सोच के तहत कोवाली में छात्रावास निर्माण का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर प्रांतीय समिति सदस्य अरविंद सिंह, संकुल प्रमुख रंजय राय, विभाग प्रमुख तुलसी प्रसाद ठाकुर, सह प्रमुख ब्रेन कुमार टुडू, अभियंता राकेश कुमार, प्रबंधन समिति अध्यक्ष जयहरी सिंह मुण्डा, सचिव दिनेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष विवेकानंद साव, सह सचिव उज्ज्वल कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष जितेन कुमार सिंह देव, संरक्षक आशुतोष मंडल, सदस्य हीरामणि वास्के, शांति मंडल, रंजीत सरदार, अभिभावक प्रतिनिधि नवीन कुमार भगत, समाजसेवी मनोज सरदार , प्रधानाचार्य सविता महतो सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और आचार्यगण उपस्थित थे।

विद्यालय प्रशासन और दानदाताओं का मानना है कि इस छात्रावास के निर्माण से गरीब और आदिवासी बच्चों को सुरक्षित आवास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी,

# हिंद आईटीआई में आयोजित हुआ फायर सेफ्टी प्रैक्टिकल।

परमवीर पात्रों,दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर (झारखंड) 22 सितंबर 2025




जमशेदपुर। हिंद आईटीआई में सोमवार को फायर सेफ्टी का प्रैक्टिकल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन का संचालन संस्थान के निदेशक डॉ. ताहिर हुसैन के मार्गदर्शन में हुआ। प्रैक्टिकल में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अग्नि सुरक्षा से जुड़े विभिन्न तरीकों की जानकारी प्राप्त की। ट्रेनर बख्शी सर ने फायर सेफ्टी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उपकरणों के प्रयोग की भी जानकारी दी। निदेशक डॉ. ताहिर हुसैन ने कहा कि छात्रों के लिए सैद्धांतिक के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी आवश्यक है। ऐसे प्रैक्टिकल प्रशिक्षण से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सक्षम बनते हैं।

# नवरात्र के कलश स्थापना पर रसूनिया में शामिल हुए विधायक सविता महतो

फीता काटकर किया दुर्गा पूजा मंडप का सुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः चांडिल प्रखंड के रसूनिया में नवरात्र के पावन अवसर पर दुर्गा पूजा का कलश स्थापना कर विधिवत पूजा प्रारम्भ किया गया। कलश स्थापना में विधायक सविता महतो शामिल हुए एवं विधिवत फीता काटकर दुर्गा पूजा



मंडप का सुभारंभ किया।इस दौरान विधायक ने कलश लाने वाले महिलाओ व भक्तजनो के बीच प्रसाद का भी वितरण किया। इस दौरान कमेटी के सदस्य द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक ने नव दुर्गा मंदिर में माथा टेक क्षेत्र का मंगल कामना किया। इस अवसर पर झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# चौका में अवैध देशी शराब भट्टियों पर छापामारी, 3000 किलो जावा नष्ट

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ः उपायुक्त सरायकेला-खरसावाँ के निर्देश तथा उत्पाद अधीक्षक के मार्गदर्शन में सोमवार को चौका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हेसाकोचा में उत्पाद विभाग की टीम ने छापामारी अभियान चलाया। यह कार्रवाई आगामी पर्वों को देखते हुए गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

छापामारी के दौरान अवैध रूप से संचालित 03 चुलाई भट्टियों को ध्वस्त किया गया। साथ ही लगभग 3000 किलोग्राम जावा को नष्ट कर दिया गया तथा करीब 105 लीटर तैयार महुआ चुलाई शराब को जब्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि अवैध भट्टी संचालकों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत वाद दायर किया जाएगा। उत्पाद अधीक्षक, सरायकेला ने स्पष्ट किया कि आगामी पर्वों को देखते हुए अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर रोकथाम हेतु लगातार छापामारी अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर कड़े कानूनी कदम भी उठाए जाएंगे।

छापामारी दल में अखिलेश कुमार, अवर निरीक्षक, उत्पाद, चांडिल अंचल, सौदागर पंडित, सहायक अवर निरीक्षक, उत्पाद, चांडिल अंचल, बरियार हेंब्रम, गृह रक्षक बल, रंजीत कुमार, गृह रक्षक बल, अन्य गृह रक्षक बल शामिल थे

# न शिक्षा,सड़क ग्रामीणों ने कहा हमलोगो तो चुनाव के समय सिर्फ वोट देने के काम आते है:देवताही

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत दीनादाग के वार्ड नंबर 12 देवताही चकला पर आज भी ग्रामीण सड़क और शिक्षा से कोसो दूर है, जबकि ग्रामीणों ने प्रतिनिधियों को आवेदन दे देकर थक चुके हैं, इस गांव की आबादी लगभग 150 से 200 है यहां ना आज तक सड़क बनी जबकि सर्वे की सड़क पड़ी हुई है लेकिन ग्रामीणों ने कहा कि हम सिर्फ चुनाव जब आते हैं तो वोट डालने जाते हैं, और चुनाव के समय ही जनप्रतिनिधि हम लोगों से सड़क बनाने की वादे भी करते हैं लेकिन चुनाव जीतने के बाद भूल जाते हैं। वहीं वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि श्रावण राम से बात करने पर उन्होंने बताया कि ग्राम सभा कर प्रपोजल सड़क के लिए भेज दिया गया है, और जल्द ही इसमें चेक स्लिप वगैरह तैयार कर मनरेगा से सड़क का कार्य पूरा किया जाएगा जिससे आने जाने वाले राहगीर ग्रामीणों को सुविधा मिला सके।मौके पर उपस्थित ग्रामीण



रमेश कुमार गुप्ता, अनिल साव, अनूप साव, अमित कु गुप्ता, शिशंकर साव, राधा कुआर, गोलू कुमार अवधेश साव, संतोष साव प्रिंस कुमार सुजीत कुमार गुप्ता देवनादन साव रामजन्म साव रघुनन्दन साव दीपक कुमार ओमप्रकाश साव विराज साव महेन्द्र साव मुरारी साव अनिल साव सतेंद्र साव अजित साव हिरा साव शंकर साव नागेंद्र साव संजय साव सुखलाल प्रजापति सरोज कुमर नीरज कुमार सौरभ कुमार उपस्थित रहे।

# जिला पार्षद अमित ने छतरपुर के कई पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं को कलश प्रदान कर किया शोभा यात्रा का शुभारंभ

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुर / पलामू : पूरे देश में शारदीय नवरात्र पर श्रद्धालु शक्ति की उपासना , पूजा अर्चना व साधना में आज से लीन हो गए । उक्त अवसर पर सोमवार को छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और उनके पिता विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन ऑफ इंडिया डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कई पूजा स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर मां दुर्गा और कन्या की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सलामती व सुख समृद्धि की दुआ मांगी। वहीं उन्होंने कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को कलश देकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। जिन प्रमुख जगहों से कलश यात्रा निकाली गई उसमें डाली पंचायत बाजार , चिरू पंचायत बाजार, और हुटुकदाग पंचायत के सुगरी आदि शामिल है। पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल ने शारदीय नवरात्र की शुभकामना देते हुए कहा कि जल यात्रा में नदी से कलश में जल संग्रह कर मां दुर्गा के चरणों में श्रद्धालु समर्पित कर देश को जल संकट से वर्तमान व आने वाले पीढ़ी को बचाने की मन्नत मांगते हैं । उन्होंने कहा कि नवरात्रा में सृष्टि को बचाने के लिए देवी स्वरूपा कन्याओं को पूजन करने का विधान है ।वहीं पर्यावरण धर्म में प्रकृति कलश यात्रा में पौधा दान कर वृक्ष देव को पूजन कर प्रकृति को बचाने का विधान है। पर्यावरण धर्म में अपने जीवन के कोई भी शुभ कार्य पर पौधा लगाने या दान करने का विधान है ।



इस विधान के तहत वे देश और दुनियां में लोगों को जागरूक करने में दिन-रात लगे रहते हैं। जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि माँ दुर्गा ने दस दिन तक महिषासुर से युद्ध कर उसे पराजित किया था। वहीं भगवान राम ने भी माँ दुर्गा की उपासना कर उनका आशीर्वाद लेकर रावण को पराजित किया था । इसीलिए पूरे सनातन संस्कृति को मनाने वाले लोग नवरात्रा एवं दशहरा में शक्ति स्वरूपा माँ की उपासना करते है। प्रधानाध्यापक भारत सिंह ने कहां की आज दुनिया पर्यावरण को बचाने के लिए चिंतित है परंतु महान पर्यावरणविद डॉ कौशल जी ने कई वर्ष पूर्व से ही पर्यावरण को बचाने के लिए देश और दुनिया को जागरुक कर रहे हैं इसके लिए हम लोगों को बहुत ही गर्व की बात है और उनके पुत्र छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित जी का अच्छे कार्यों के लिए हम लोग उनके साथ में हैं क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल प्रमुख लोगों में शंभू मिश्र, डाली के दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रामजी प्रसाद, युवा अध्यक्ष पराचिन जायसवाल,श्रवण जायसवाल, रघुनाथ प्रसाद, सतेन्द्र जायसवाल रामजन्म यादव, धर्मदेव यादव, मनोज विश्वकर्मा संजय जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, सरोज जायसवाल.सुभाष प्रजापति ,वीरेंद्र प्रजापति बिरेंद्र प्रसाद, धीरज जायसवाल, मृत्युंजय विश्वकर्मा, ललु यादव, शिव शंकर यादव, उमेश यादव चिरू पंचायत के मुखिया सोनामति देवी, श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष निरंजन सिंह,गणेश यादव,विनोद यादव, अरुण साव प्रधानाध्यापक भारत सिंह प्रमोद यादव, नवीन पासवान, रामजीत सिंह आदि शामिल

# हर घर कॉपी, हर हाथ कलम अभियान* का दूसरा सफल आयोजन

**दैनिक समाज जागरण 22.09.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर, झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन जी की स्मृति में शुरू किए गए हर घर कॉपी, हर हाथ कलम अभियानह्व का दूसरा कार्यक्रम रविवार को भोजपुर कॉलोनी, बारीडीह बस्ती स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के बीच कॉपियाँ, कलम और अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गईं। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए इसे महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सह बहरगोड़ा के पूर्व विधायक श्री कुणाल षाड़ंगी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि स्व. रामदास सोरेन जी का सपना था कि झारखंड का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। यह अभियान उनके विचारों को साकार करने का प्रयास है और इसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सागेन पूर्ति, पूर्व नगर अध्यक्ष दलगोविंद लोहरा, झारखंड युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विक्टर सोरेन, अरुण सिंह राजा, विष्णु प्रधान, डी. रवि, रोहित लोहरा, प्रहलाद लोहरा, आशीष मिश्रा, प्रीतम हेम्ब्रम, शुभम कुमार, अभय पांडे, राकेश दास, विष्णु नाग, सहित कई कार्यकर्ता और युवा मौजूद रहे। अभियान के संयोजक अंकित सिंह (पूर्व जिला कोषाध्यक्ष, झामुमो युवा मोर्चा, पूर्वी सिंहभूम) ने भावुक होते हुए कहा कि स्व. रामदास सोरेन जी केवल एक जननेता ही नहीं, बल्कि शिक्षा के सच्चे प्रहरी थे। उन्होंने सदैव झारखंड के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का सपना देखा। उनका जाना हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है, परंतु उनके विचार और उनके सपनों को आगे बढ़ाना ही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसी उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है और हम इसे गाँव-गाँव, बस्ती-बस्ती तक पहुँचाकर जन-आंदोलन का रूप देंगे।

# खरवार आदिवासी एकता संघ द्वारा ग्रामीण कमेटी का की गई बिस्तार

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छत्तरपुर/पलामू खरवार आदिवास एकता संघ द्वारा छतरपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत रुदवा में दो गांव रुदवा और कुंडौली में दिनांक 21/09/2025 (रविवार) को कमेटी का विस्तार किया गया। खरवार आदिवासी संघ की मुख्य अतिथि- खरवार आदिवासी एकता संघ केन्द्रीय उपसचिव श्री अखिलेश सिंह खरवार, खरवार लोक सेवक संघ जिला कोषाध्यक्ष बीएसएफ रक सुरेन्द्र सिंह, जिला अध्यक्ष - उमेश्वर सिंह, जिला सचिव- अटल बिहारी सिंह, सदस्य श्री रामपृत सिंह एवं मदन सिंह उपस्थित हुए। सर्वप्रथम नीलांबर पीतांबर जी के फोटो में मलार्पण कर कार्यक्रम को शुरू किया गया। आदिवासी एकता संघ का मुख्य उद्देश्य खरवार आदिवासी समाज के उत्थान, शिक्षा एवं विकास के लिए एवं नशामुक्ति समाज के लिए समिति का गठन किया गया।

अखिलेश सिंह खरवार ने समाज को शिक्षा पर जोर दिया और उन्होंने कहा नीलांबर पीतांबर अकैडमी (Nilambar Pitambar Academy) नामक यूट्यूब पर चैनल है जिसमें निशुल्क शिक्षा दी जाती है समाज से चैनल को सब्सक्राइब करने का आग्रह किये। बीएसएफ सुरेंद्र सिंह खरवार ने अपने समाज को संगठित होकर रहने को कहा साथी अपने समाज में यथासंभव सहयोग भी करने को कहा उन्होंने यह भी बताया मेरा संगठन पूरे प्रदेश में यहां तक की अन्य राज में भी मजबूती करने का काम कर रहा है उमेश्वर सिंह खरवार ने अपने खरवार आदिवासी समाज को नीलांबर पीतांबर खरवार की वंशज बताते हुए उन्होंने नीलांबर पीतांबर की इतिहास को अपने समाज को समझाये और बताये। अटल बिहारी सिंह खरवार ने खरवार आदिवासी समाज को सहयोग करने हेतु बताया कि हमारे समाज से भी एक संगठन है जिसका नाम "खरवार लोक सेवक संघ" हैं

इस संगठन में जो हमारे समाज से वैसे व्यक्ति जो जॉब कर रहे हैं और जो समृद्ध हैं वे हमारे समाज के लिए सहयोग करने के लिए अपना-अपना सहयोग राशि जमा करते हैं और इससे हमारे समाज में सहयोग करने का काम आता है। मंच संचालक दिलीप सिंह खरवार ने सभी खरवार आदिवासी समाज से आग्रह किये अपने संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिए और दूर से चलकर आए हुए अतिथि को स्वागत किए। सभी मुख्य अतिथि ने दिलीप सिंह खरवार को आभार व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारी को माला देकर सम्मानित किये।

इस कार्यक्रम में उपस्थित श्री गोविंद सिंह, गणेश सिंह, कपिल देव सिंह, द्वारिका सिंह, गोपाल सिंह, जगदीश सिंह, कुलदीप सिंह, नेपाल सिंह, चंदन सिंह, विजय सिंह, रामनाथ सिंह एवं समस्त खरवार समाज सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

# रंग लाया विधायक सरयू राय का प्रयास, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के दोनों पंप अब चालू

**दैनिक समाज जागरण 22.09.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय का प्रयास रंग लाया। नवरात्र के प्रथम दिन, सोमवार को जवाहर नगर, रोड नंबर 15, मानगो स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का 150 हॉर्स पावर का पंप चालू हो गया। 150 एचपी का एक पंप पहले ही चालू हो गया था। दूसरा पंप आज से चालू हो गया। अब दोनों पंप निर्बाध गति से चल रहे हैं। इन दोनों मोटर पंपों के चालू हो जाने से मानगो क्षेत्र के निवासियों को सुचारू जलापूर्ति हो सकेगी। सोमवार को उलीडीह मंडल के जनसुविधा प्रतिनिधि संतोष भगत ने नारियल फोड़ा। इसके ठीक बाद मोटर पंप को चालू किया गया। उन्होंने बताया कि मानगो में पेयजल संकट को दूर करने के लिए विधायक सरयू राय ने काफी मेहनत की है। वह स्थानीय अधिकारियों से लेकर प्रमुख सचिव तक से मिले। विधानसभा में भी वह लगातार सवाल उठाते रहे। अब दोनों मोटर चालू अवस्था में हैं। इससे



मानगों में सुचारू जलापूर्ति होगी, ऐसा उनका विश्वास है। उन्होंने बताया कि इंटकवेल में 350 एचपी का मोटर पंप फिट किया जा रहा है। बहुत जल्द वह भी चालू हो जाएगा। इस मौके पर पेयजल स्वच्छता विभाग के कर्मचारी प्रह्लाद मिश्रा, अर्जुन साही, टुनटुन सिंह, बाबू खान आदि मौजूद रहे।

## फिरोजपुर रेल मंडल में राजभाषा पखवाडा के अंतर्गत हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो ,22 सितंबर :सभाकक्ष, मंडल कार्यालय, फिरोजपुर में राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस




प्रतियोगिता में 30 कर्मचारियों ने भाग लिया । राजभाषा अधिकारी श्री मस्तराम मीना की उपस्थिति में प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए ऑन द स्पॉट दो विषय दिए गए जिनमें से किसी एक विषय पर लगभग 2000 शब्दों का निबंध लिखना था । निबंध के विषय इस प्रकार थे जिसमें सोशल मीडिया और मानसिक स्वास्थ्य : एक गहन विश्लेषण ,बदलते सामाजिक परिवेश में एकल परिवारों की बढ़ती संख्या : कारण और प्रभाव शामिल थे।

## प्रधानमंत्री ने जीएसटी बचत उत्सव मनाने के लिए सभी नागरिकों को पत्र लिखा

**(दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख रघुनंदन पराशर जैतो)**

नई दिल्ली,22 सितंबरः प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस त्यौहारी सीजन में 'जीएसटी बचत उत्सव' मनाने के लिए




सभी नागरिकों को एक पत्र लिखा है। श्री मोदी ने कहा, "जीएसटी की निम्न दरें प्रत्येक परिवार के लिए अधिक बचत और व्यवसायों के लिए अधिक सुगमता का प्रतीक हैं।"प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया।इस त्यौहारी सीजन में, आइए 'जीएसटी बचत उत्सव' मनाएं! निम्न जीएसटी दरों का अर्थ है हर घर के लिए अधिक बचत और व्यवसायों के लिए अधिक सुगमता।"

## फिरोजपुर रेल मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,22 सितंबर :फिरोजपुर मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज सोमवार स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान रेलवे कॉलोनियों में रीड्यूस, रीयूज, रीसायकल गतिविधियाँ चलाई गईं तथा कर्मचारियों एवं




उनके परिजनों द्वारा बनाए गए वेस्ट टू आर्ट वस्तुओं की प्रदर्शनी विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर लगाई गई। स्वच्छोत्सव थीम पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पर्यावरण अनुकूल गुलाल का उपयोग किया गया। इसके अतिरिक्त अमृतसर, लुधियाना, जालंधर सिटी एवं जालंधर कैंट रेलवे स्टेशनों पर जीरो वेस्ट सेलिब्रेशन आयोजित किया गया, जहाँ यात्रियों को प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। मंडल स्तर पर चलाए गए इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य यात्रियों और कर्मचारियों के बीच स्वच्छता की आदतों को बढ़ावा देना और प्लास्टिक प्रदूषण कमी हेतु जागरूकता फैलाना रहा।

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी लाइन/यातायात डॉ0




चारू द्विवेदी के नेतृत्व में डाला चौकी क्षेत्र में एक सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में निरीक्षक यातायात तथा चौकी प्रभारी डाला द्वारा संयुक्त रूप से सहभागिता की गई। अभियान के दौरान सार्वजनिक सड़कों पर संचालित वाहनों की बारीकी से जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों (जैसे- काली फिल्म, हूटर, नंबर प्लेट, जाति सूचक शब्दों, आदि लिखा होने पर) के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की गई। इस प्रकार की कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना एवं आमजन में कानून के प्रति जागरूकता लाना है। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार ऐसी कार्रवाइयाँ आगे भी जारी रहेंगी।

## थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 02 राशि गोवंश बरामद कर एक नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में पशु तस्करी पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री



रणधीर कुमार मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 02 राशि गोवंश बरामद कर एक नफर पशु तस्कर धर्म कुमार गौड़ पुत्र रामअनुज गौड़ उम्र करीब 28 वर्ष नि0 ग्राम बहुआरा थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र वर्तमान पता ग्राम झरियवा थाना चकरघट्टा जनपद चदौली को गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-969/25 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

## दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत "स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार" अभियान का शुभारंभ

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**



दुद्धी/ सोनभद्र। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित "स्वस्थ नारीझ्सशक्त परिवार" अभियान के तहत दुद्धी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्रवण सिंह गोंड़ जिला मंत्री दिलीप पांडेय नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन ने एनीमिया जागरूकता अभियान तथा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ कर एनीमिया कीट तथा आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इस दौरान श्रवण सिंह गोंड़ ने प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और सशक्तिकरण की दिशा में प्रारंभ किया गया यह अभियान परिवार और समाज की मजबूती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कदम बतलाया।दिलीप पांडे कमलेश मोहन ने कहा इस अभियान के अन्तर्गत महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभियान में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर मुफ्त स्वास्थ्य जांच के साथ डॉक्टरी परामर्श और मुफ्त में दवाएं ले रही हैं। दुद्धी मण्डल अध्यक्ष दीपक शाह ने कहा है कि देश की महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल की जिम्मेदारी उनकी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है उन्होंने महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत सभी सुविधाएं निशुल्क हैं, महिलाएं स्वास्थ्य शिविरों में जाकर अपनी जांच जरूर कराएं वही इस सेवा पखवाड़ा अभियान दुद्धी मण्डल संयोजक मनीष जायसवाल ने बतलाया। इस महत्वाकांक्षी अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा, जागरूकता और बेहतर देखभाल सुनिश्चित करना है। यह अभियान 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसके दौरान दुनिया भर में अनेक स्वास्थ्य गतिविधियां एवं शिविर आयोजित किए जाएंगे।इस दौरान मुख्यरूप से वरिष्ठ भाजपा नेता रामेश्वर रॉय जिला नोडल अधिकारी सुमन जायसवाल दुद्धी सीएससी अधिक्षक डॉ शाह आलम मण्डल महामंत्री प्रेमनारायण मोनू सिंह अंशुमान रॉय डॉ गौरव सिंह मण्डल कोषाध्यक्ष रिंकी जायसवाल सोशल मीडिया संयोजक पीयूष कसेरा श्रवण अग्रहरी सहित स्वास्थ्य केंद्र के डॉकटर कर्मचारी उपस्थित रहें।

## ग्राम पंचायत पड़री में बिजली कनेक्शन की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

म्योरपुर/ सोनभद्र। म्योरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत पड़री में बिजली कनेक्शन की समस्या को लेकर समाज सेवक राम अवध यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा है। राम अवध का कहना है कि पंचायत के कई टोले में तीनपहरी, लमकाडांड़, चिखला व (पिपरहुआ) कमरीडॉन में अब तक बिजली का कनेक्शन नहीं किया गया है। राम अवध द्वारा पत्र में उल्लेख किया है कि इन टोलों में लगभग 100 से 125 घर ऐसे हैं, जहाँ अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं पहुंचा है। सरकार की सौभाग्य योजना के तहत हर घर बिजली देने का वादा किया गया था, लेकिन इन टोलों में लोग अंधेरे में रहने को मजबूर



हैं।समाज सेवक राम अवध कहा कि इस समस्या को लेकर इससे पहले अधिशाषी अभियंता पूर्वांचल विद्युत वितरण खंड पिपरी, उपखंड अधिकारी, जिला अधिकारी और मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखा जा चुका है। बावजूद इसके अब तक विद्युतीकरण नहीं हो पाया। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। यहां तक कि शिकायत संख्या– 4000202 5005800 एवं 40002025008150 के माध्यम से भी अवगत कराया गया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार बार-बार योजनाओं का प्रचार करती है, लेकिन धरातल पर अब तक सुविधा नहीं पहुंच पाई है। अंत में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि पंचायत पडरी के सभी टोलों में बिजली पोल लगवाकर जल्द से जल्द कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए, जिससे ग्रामीणों को अंधेरे की समस्या से निजात मिल सके।

## बोधाडीह में होगा रामलीला मंचन, ग्रामीणों में खुशी की लहर

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

म्योरपुर/ सोनभद्र। सोनभद्र जिला के विंढमगंज थाना अंतर्गत बोधाडीह, करहिया में दशीश्वर शिव हनुमान मंदिर पर पहली बार दुर्गा पूजा एवं रामलीला का शुभारंभ किया गया है, क्षेत्र में पहली बार इस आयोजन से लोग बहुत श्रद्धा भाव से पूजा में भाग ले रहे है।नौ दिन फलाहार रहकर रमेश कुमार यादव पत्नी के साथ पूजा करने का संकल्प लिए। इस अवसर पर जगत नारायण यादव, अखिलेश, जितेश, राकेश कुमार यादव, कमलेश कुमार ,प्रमोद कुमार यादव एवं तमाम महिलाएं, बालिकाएं कलश लेकर कनहर नदी से जल लेकर कलश स्थापना कर पूजा अर्चना किए तथा अपने गांव में पूजा कार्यक्रम को लेकर बहुत प्रसन्न हुए।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक सोनभद्र में संपन्न

### निजी शैक्षणिक संस्थानों के नियमन हेतू राज्य स्तरीय आयोग गठन हेतू प्रस्ताव पारित।

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही शैक्षणिक परिसरों में सकरात्मक वातावरण एवं समाज हित के लिए कार्य करते आ रही है। इस हेतू अभाविप शिक्षा क्षेत्र के सभी हितधारको के साथ समय समय पर चर्चा एवं मंथन करती रहती है। इसी क्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रान्त की दो दिवसीय प्रान्त कार्यकारिणी बैठक का आयोजन दिनांक 20 एवं 21 सितंबर 2025 को रॉबर्ट्सगंज स्थित शुभश्री पैलेस में हुआ। इस दौरान काशी प्रान्त के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने शिक्षा क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आगामी दिशा तय की। प्रथम दिन प्रान्त कार्यकारिणी बैठक का उद्घाटन अभाविप के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही, प्रान्त अध्यक्ष प्रो. सुचिता त्रिपाठी, प्रान्त मंत्री अभय प्रताप सिंह एवं प्रान्त संगठन मंत्री अभिलाष मिश्र द्वारा किया गया। बैठक के द्वितीय दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल ने संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। इस प्रान्त कार्यकारिणी बैठक में शिक्षा क्षेत्र के विभिन्न विषय जैसे की शुल्क वृद्धि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन, पाठ्यक्रम, निजी शिक्षण संस्थानों में व्याप्त अनियमितता आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में अभाविप द्वारा उत्तर प्रदेश में निजी शिक्षण संस्थानों के नियमन हेतू एक आयोग के गठन की मांग करते हुए




प्रस्ताव पारित किया कि एक स्वतंत्र एवं सशक्त निजी शैक्षणिक संस्थान नियामक आयोग की स्थापना करे, यह आयोग निजी संस्थानों की शुल्क संरचना, प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक गुणवत्ता, परीक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक पारदर्शिता की निगरानी के लिए उत्तरदायी हो,आयोग में शिक्षा विशेषज्ञों, विधिक विशेषज्ञों, समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों और छात्र प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए, ताकि इसका स्वरूप लोकतांत्रिक और जनपक्षीय हो, आयोग का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना हो कि शिक्षा केवल व्यावसायिक लाभ तक सीमित न रहकर छात्रहित, सामाजिक न्याय, और राष्ट्रहित पर आधारित रहे।आगामी दिनों में अभाविप शैक्षणिक सर्वे के माध्यम से शिक्षण संस्थानो की वस्तु स्थिति को जानते हुए उनके सुधार हेतू कार्य करेंगी जिसके लिए प्रान्त स्तरीय वृहद सर्वेक्षण अभियान चलाया जाएगा।इसी के साथ भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर सभी जिलोंएवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में जनजातीय नायकों के सम्मान में कार्यक्रम होंगे। रानी अब्बाक्का के राज्यरोहण के 500 वें वर्ष में महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम आयोजित होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर अभाविप विद्यार्थियों के मध्य पंच परिवर्तन से संबंधित विषयों को लेकर विभिन्न आयोजन करेंगी। इसी के साथ रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती के अवसर पर छात्राओं को वृहद स्तर पर आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने हेतू 'मिशन साहसी' का आयोजन किया जाएगा। समारोह सत्र में प्रान्त संगठनमंत्री अभिलाष ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें समाज में अपना दायित्व निभाते हुए छात्रहित की दिशा में कार्य करने हेतू प्रेरित किया। इस दौरान प्रान्त मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा की "विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही ठीक करेंगे तीन काम : प्रवेश, परीक्षा और परिणाम को ध्येय बना कर कार्य करती है। इस प्रान्त कार्यकारिणी बैठक में शिक्षा क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई एवं समस्याओं के समाधान हेतू आगे की दिशा तय की गई। आगामी दिनों में अभाविप पूरे काशी प्रान्त में शैक्षिक सर्वेक्षण कर शिक्षण संस्थानों की समस्याओं से हितधारको को अवगत करा कर उनके समाधान हेतू कार्य करेंगी। संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन एवं सामाजिक समरसता के विषयों को ले कर विद्यार्थी समाज में सकारात्मक कार्य करने की दिशा में आगे बढ़ेगी।

## सोनभद्र के बाल गृह बालिका का न्यायाधीश ने किया निरीक्षण, 37 बालिकाएं मिली आवासित

### प्राधिकरण सचिव ने बालिकाओं को दी उनके अधिकारों और मध्यस्थता अभियान की जानकारी

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र ने शैलेंद्र यादव ने सोमवार 22 सितम्बर 2025 को राबर्ट्सगंज स्थित बाल गृह बालिका पूवार्सी ग्रामीण उत्थान सेवा समिति का औचक निरीक्षण किया। मौके पर बाल गृह (बालिका) की अधीक्षिका नीलम सिंह एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में कुल 37 बालिकायें आवासित मिली। जिसमें से क्रमशः सोनभद्र की 21, मीरजापुर की 12, शाहजहांपुर की 1, भदोही की 03 बालिका आवासित मिली। आवासित बालिकाओं को मीनू के अनुसार नाश्ता एवं भोजन आदि का प्रबंधन संतोषजनक मिला। सचिव न्यायाधीश शैलेंद्र यादव ने बालिकाओं सामुदायिक भाव से नैतिक व्यापार निवारण अधि0 1956, घरेलू हिसां से महिला संरक्षण अधि0 2005, दहेज प्रतिषेध अधि0 1961, गर्भ का चिकित्सीय समापन अधि0 1971, मातृत्व लाभ अधि0 1961- 26 सप्ताह तक, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण)



अधि0 2013, लैगिंक अपराधो से बालको का संरक्षण अधि0 2012, गर्भधारक पूर्ण एवं प्रसव पूर्ण निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिषेध) अधि0 1994, समान पारिश्रमिक अधि0 1976, महिलाओं का अशिष्ट चित्रण (निषेध) अधि0 1966, हिन्दू उत्राधिकार अधि0 1956 पीसीपीएनडीटी एक्ट समेत लिंगानुपात की भयावहता से अवगत कराते हुए बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जहां जागरूक किया वहीं 1 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक आरम्भ राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान में निस्तारित किए जाने वाले मामले की भी जानकारी दी। उक्त जानकारी शैलेन्द्र यादव अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा दी गयी।

## बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत कौशल एवं दक्षता पहचान कार्यक्रम

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

सोनभद्र/बीजपुर। एनटीपीसी रिहंद सीएसआरद्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान की पहले एवं दूसरे सत्र में प्रतिभाग कर चुकी बालिकाओं के लिए कौशल एवं दक्षता पहचान कार्यक्रम तथा परामर्श सत्र का आयोजन कर्मचारी विकास केंद्र में किया गया, जिसमें कुल 155 बालिकाओं नें प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) ने अपने संबोधन में बालिकाओं को निरंतर सीखने, कौशल विकास तथा एनटीपीसी की उत्कृष्टता की संस्कृति से जुड़ाव के महत्व पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम प्रतिष्ठित संस्था एपटेक लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में एपटेक लिमिटेड दिल्ली से आए विशेषज्ञों ने बालिकाओं की काउन्सलिंग करते हुये उनका डीएमआईटी एवं साइकोमेट्रिक परीक्षण किया। इस परीक्षण के आधार पर बालिकाओं की क्षमता एवं प्रतिभा का मूल्यांकन कर उनके कैरियर हेतु परामर्श दिया गया।

अपने उद्बोधन में परियोजना प्रमुख नें बालिकाओं को संबोधित करते हुये कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को यह समझने में मदद मिलेगी कि उनकी दिलचस्पी किस क्षेत्र में है तथा उनकी क्षमताएँ किस दिशा में हैं जिससे वे अपने जीवन को संवार सकते हैं। उपस्थित अभिभावकों से अनुरोध करते हुये उन्होने कहा कि आप सभी बच्चों को हमेशा प्रोत्साहित करते हुए उनका आत्मविश्वास बढ़ाएँ और उन्हें उनके सपनों की मंजिल प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ने दे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस कार्यक्रम के बाद बच्चों को अपने भविष्य के बारे में और स्पष्ट दृष्टि और दिशा मिलेगी । कार्यक्रम में विशेष रूप से मानव संसाधन प्रमुख तथा केन्द्रीय कार्यालय से आए उप महाप्रबंधक (सीएसआर) के साथ साथ अनेक लोग उपस्थित रहे।

## बहरी में फिर से सक्रिय हुआ कोयला माफिया, अवैध कारोबार पर जिम्मेदार खामोश

**समाज जागरण विजय तिवारी**

सीधी। जिले में खनिज सम्पदाओं का अवैध दोहन खुलेआम जारी है। खासकर बहरी अंचल में कोयले का काला कारोबार दोबारा जोर पकड़ चुका है। सूत्रों की मानें तो खनिज विभाग की सह पर यह धंधा दिन-प्रतिदिन फल-फूल रहा है। शासन के राजस्व को चूना लगाया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं।जिले में दर्जनभर से अधिक कोयला भंडारण की अनुमति दी गई है, लेकिन अधिकांश व्यापारी न तो मासिक पत्रक खनिज विभाग में जमा कर रहे हैं और न ही निर्धारित नियमों का पालन कर रहे हैं। इससे साफ है कि विभाग की शह पर अवैध कारोबार को बढ़ावा मिल रहा है।सूत्रों के अनुसार सीमावर्ती बहरी क्षेत्र से लेकर देवसर मार्ग तक कोयले की अवैध खेप ट्रकों के जरिये उत्तर प्रदेश तक पहुंचाई जा रही है। रात के समय डंपिंग और आवाजाही का यह खेल जोरों पर है। हाल ही में की गई कॉम्बिंग नाइट गश्त से कुछ समय के लिए कोयला माफिया दबे जरूर रहे, लेकिन अब फिर सक्रिय हो चुके हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले भी सिंगरौली से लाए जा रहे कोयले से भरे कई ट्रक जप्त किए गए थे। इसके बावजूद माफियाओं पर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की गई। बताया जा रहा है कि ऊपर से लेकर नीचे तक माफियाओं की पकड़ इतनी मजबूत है कि अधिकारी भी सख्ती करने से बच रहे हैं। कोयला भंडारकों के पास रिकार्ड गायब बहरी अंचल में संचालित कोयला भंडारक यह नहीं बता पा रहे कि कोयला कहां से आ रहा है और कहां बेचा जा रहा है। दरअसल, यहां दो नंबर का कोयला पहुंच रहा है, जिसके चलते किसी भी प्रकार का रिकार्ड संधारित नहीं किया जा रहा। क्षमता से ज्यादा भंडारण, कार्रवाई ठप खनिज विभाग के निरीक्षण में यह बात सामने आ चुकी है कि बहरी क्षेत्र में संचालित कई भंडारण केंद्रों पर अनुमति से अधिक कोयला रखा जा रहा है। निखिल खंडेलवाल के भंडारण स्थल पर हाल ही में यह मामला उजागर भी हुआ था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने कार्रवाई से परहेज किया। अब सवाल उठता है कि आखिर कब तक बहरी में अवैध कोयले का यह कारोबार चलता रहेगा और कब जिम्मेदार अधिकारी माफियाओं पर शिकंजा कसेंगे।

## आनंद उपाध्यक्ष एवं श्याम नारायण जिला भाजपा के महामंत्री बने

### भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर जिले की कार्यकारिणी घोषित

**समाज जागरण विजय तिवारीअनूपपुर**

भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर जिले के अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेवाल की सहमति से जिला अनूपपुर के जिला पदाधिकारियों की घोषणा की है। जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष के पद पर श्रीमती रूपमति सिंह, जितेन्द्र सोनी, विनोद केवट, जितेन्द्र भटट, आनंद केशरवानी, मदन त्रिपाठी एवं श्रीमती ज्योति सोनी को मनोनीत किया गया है जिला महामंत्री श्यामनारायण शुक्ला एवं सिद्धार्य शिव सिंह को बनाया गया है जिला मंत्री के पद पर भूपेन्द्र महरा, राम कुमार माकों, अमर सिंह राठौर,श्रीमती दुर्गा पटेल,श्रीमती अंजना कटारे, प्रभात मिश्रा, राजेश सरठिया, कोषाध्यक्ष के पद पर विवेक बियानी सह कोषाध्यक्ष के



पद पर रामनारायण उर्मलिया,कार्यालय मंत्री चन्द्रिका द्विवेदी ,सह मंत्री कार्यालय कन्ना नायक,जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह,श्री राम केवट सह जिला मीडिया प्रभारी को बनाया गया है।

## जमुई में नहीं लग पा रहा 52 परी के खेल पर अंकुश

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। मुख्यालय से मात्र 5 किलोमीटर दूर ग्राम जमुई में रजूस जिसके ऊपर कई अपराध दर्ज है और कई बार अलग अलग अपराधों मे जेल की हवा खा चूका है जो कि ये अपने साथ कई लोगों को मिलाकर जमुई के जंगल में जुआँ खिला रहा है ।सूत्रों के अनुसार अतुल निवासी बदरा ने 100 % की ब्याज दर से रकम फाइनेंस करके जुआडियो को पैसा देकर जुआँ खिलाता है वहीं अतुल के ऊपर जिला बदर की कार्यवाही भी पेंडिंग चल रही है। जमुई के जंगल,ग्राम पंचायत हर्री,रायपुर की जंगल में 50 नंबर की पुलिया के आस -पास लाखों का जुआँ हो रहा है पुलिस की भूमिका लोगो को लगता है कि नए थाना प्रभारी आये है तो अपराध या जुआँ खिलाने वाले के ऊपर कार्यवाही होगी, लेकिन इसके बिपरीत ही होता है जुआँ खिलाने वाले को सरक्षण मिल जाता है और दो चार जुआडियो को पकड़ कर केस बना कर छोड़ दिया जाता है।रजूस बड़े बड़े जमीनों का सौदा करने लगा है और न जाने कितने तरह के अपराध करने लगा है इसका कारण है नाजायज पैसा जो जुआँ खिला कर तुरंत ब्याज में पैसा देकर जुआँ खिलाता है।

## हजारीबाग के ओरिया में 50वीं वर्षगांठ पर दुर्गा पूजा की अद्भुत शुरूआत

### 551 कलश यात्रियों ने किया सामूहिक उद्घोष, बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल

### नवरात्रि शक्ति उपासना का पर्व है और इस दौरान माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों की आराधना से आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है - मनीष जायसवाल

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

शारदीय दुर्गा पूजा के शुभारंभ के उपलक्ष्य पर सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया के नवनिर्मित दुर्गा मंडप से दिन सोमवार को भव्य एवं विशाल जल कलश यात्रा निकली। जिसकी शुरूआत नवनिर्मित दुर्गा मंडप से हुई। पंक्तिबद्ध एवं माथे में जय माता दी का पट्टा धारण कर आकार्षक कलश लेकर 551 कलश यात्री जय माता दी सहित मां भगवती के जयघोष के साथ एक साथ वहां से रवाना हुई। शिवमंदिर प्रांगण स्थित कुंआ से जल लेकर पूरे ग्राम का गाजे- बाजे के साथ भ्रमण किया। क्षेत्र भक्तिमय के वातावरण में सरोबार हो गया। बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने कलश यात्रियों का हौसला वर्धन किया तथा जगतजननी मां दुर्गे से कलश यात्री एवं समस्त ग्रामवासियों के सुख, समृद्धि एवं हर मनोकामनाएं पूर्ण होने की मंगल कामना की। कलश यात्री भक्तिभाव से पूरे ग्राम ओरिया का भ्रमण किया एवं जल कलश यात्रा से भक्ति की भावना लोगों में जागृत हुई। नवनिर्मित दुर्गा पूजा मंडप में कलश यात्रियों ने वापसी कर विधिवत रूप से अपने कलश का जल रखा। जिसके बाद कलश स्थापना की पूजन कार्य प्रांरभ हुआ।